रोहतक
गुरुवार, 27 मार्च 2025
चैत्र मास कृष्ण पक्ष,
त्रयोदशी वर्ष : 29, अंक : 55
पृष्ठ 12 मूल्य 3 .00

**मौसम**
अधि. 39.7
न्यून. 20.5

# हरिभूमि

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

**बाजार का हाल**

| मार्केट | बंद | गिरावट |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 77,288.50 | 728.69 ▼ |
| निफ्टी | 23,486.85 | 181.80 ▼ |

| धातु | कीमत | तेजी |
|---|---|---|
| सोना | 90,685 /- | 235/- ▲ |
| चांदी | 1,01,500/- | 1500/- ▲ |

(सोना प्रति 10 ग्राम और चांदी प्रति किलो रु. में)

| मुद्रा | प्रति डॉलर | ऊपर |
|---|---|---|
| रुपया | 85.69 | 3 पैसे ▲ |
| क्रूड ऑयल | 73.48/ बैरल | 0.63% ▲ |

*पेट्रोल दिल्ली में 94.72 रु. लीटर और डीजल 87.62 रु. लीटर बिक रहा है।*

## आईपीएल में आज



सन.हैदराबाद
V/S
लखनऊ सुपर
- : समय :-
7.30 PM
- : स्थान :-
हैदराबाद

## खबर संक्षेप

### तेजस के लिए एफ-404 इंजन की आपूर्ति शुरू

**नई दिल्ली।** अमेरिका की दिग्गज रक्षा कंपनी जीई एयरोस्पेस ने कहा कि उसने तेजस लाइट कॉम्बैट जेट कार्यक्रम के लिए हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) को 99 एफ-404 विमान इंजनों में से पहला इंजन दे दिया है। सरकारी कंपनी एचएएल तेजस लड़ाकू विमान के एमके-1ए संस्करण को ताकत प्रदान करने के लिए इंजन खरीद रही है। भाषा

### मिश्रा पीएम की आर्थिक सलाहकार परिषद के सदस्य नियुक्त

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने ईडी के पूर्व निदेशक संजय कुमार मिश्रा (65) को प्रधानमंत्री की आर्थिक सलाहकार परिषद का पूर्णकालिक सदस्य नियुक्त किया है। सरकार द्वारा कई बार मिश्रा के कार्यकाल को बढ़ाये जाने के खिलाफ दायर याचिकाओं पर उच्चतम न्यायालय ने उनके विस्तारित कार्यकाल में कटौती की थी और मिश्रा 15 सितंबर 2023 तक ईडी के निदेशक रहे। एक आदेश में बुधवार को यह जानकारी दी गई। भाषा



### एचडीएफसी, पंजाब एंड सिंध बैंक पर जुर्माना

**मुंबई।** आरबीआई ने कहा, उसने एचडीएफसी बैंक और पंजाब एंड सिंध बैंक पर नियमों के अनुपालन में कमी को लेकर जुर्माना लगाया है। 'अपने ग्राहक को जानें' (केवाईसी) पर आरबीआई के कुछ निर्देशों का पालन नहीं करने पर एचडीएफसी बैंक पर 75 लाख का जुर्माना लगाया है। पंजाब एंड सिंध बैंक पर निर्देशों का पालन नही करने पर 68.20 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया है। भाषा

### देशभर में कई जगहों पर यूपीआई सेवा ठप

**नई दिल्ली।** देश में यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस (यूपीआई ) सर्विस करीब ढाई घंटे डाउन रही। इस दौरान लोगों को गूगल पे, फोन पे और पेटीएम जैसे एप से अमाउंट ट्रांसफर करने में दिक्कतें हुईं। 10 से ज्यादा बैंकों के यूपीआई और नेट बैंकिंग सेवा पर असर पड़ा। डाउनडिटेक्टर के अनुसार, बुधवार शाम को 7 से 9:30 बजे के बीच यूजर्स को पेमेंट करने में दिक्कतें हुईं। इस दौरान 23,000 से ज्यादा शिकायतें दर्ज की। एजेंसी

---

### हरियाणा विधानसभा में 4 विधेयक पास, कर्मियों को जॉब सिक्योरिटी व सट्टेबाजों की संपत्ति जब्त होगी

# अब शव सड़क पर रखकर प्रदर्शन किया तो 3 वर्ष कैद, डोंकी रूट वाले एजेंट जाएंगे जेल

## राष्ट्रपति की मंजूरी मिलते ही प्रदेश में लागू होगा नया कानून, शव का सम्मान के साथ करना होगा अंतिम संस्कार

योगेंद्र शर्मा ▶▶| चंडीगढ़

हरियाणा विधानसभा बजट सत्र के 10वें दिन कानून व्यवस्था, शिक्षा के हालात, स्वास्थ्य विभाग की कार्यशैली जैसे मुद्दे जोरशोर से उठाए गए। इस दौरान सत्ता पक्ष व विपक्षी सदस्यों में जमकर नोकझोंक भी हुई। सदन की अंतिम चरण की कार्यवाही के दौरान विपक्ष के विरोध के बीच सदन में 4 अहम बिल पारित हो गए। इनमें शव निपटान सम्मान विधेयक के तहत शव को सड़क पर रखकर प्रदर्शन किया, तो तीन साल तक की जेल हो सकती है। युवाओं को विदेश भेजने के नाम पर ठगी करने, डोंकी रूट से उनका जीवन तबाह करने वालों के विरुद्ध भी हरियाणा ट्रैवल एजेंट्स रजिस्ट्रेशन और रेगुलेशन विधेयक 2025 पास कर दिया है। इसके तहत इस तरह के अवैध धंधों में लगे एजेंट्स को 7 साल तक की कैद और पांच लाख जुर्माने का प्रावधान किया है। मैच फिक्सिंग, सट्टेबाजी जुआ-सट्टा विरोधी विधेयक भी पारित किया गया, जिसमें तीन से पांच साल सजा का प्रावधान है। इस तरह के लोगों कीआने वाले वक्त में संपत्ति भी जब्त कर ली जाएगी। अनुबंध पर रखे कर्मियों की जॉब सुरक्षा के लिए संशोधित बिल पारित किया गया। अब शवों के साथ प्रदर्शन और पार्थिव शरीर की दुर्गति रोकने करने वालों के खिलाफ कार्रवाई होगी। अब राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू की हरी झंडी मिलते ही कानून लागू हो जाएगा।

(पेज दो भी देखें)



### अंतिम दिन ये 4 बिल पारित

1. **शव सम्मान निपटान विधेयक :** अब शव के साथ सड़कों पर प्रदर्शन नहीं किया जा सकेगा। अगर कोई समूह या व्यक्ति ऐसा करता है तो 6 माह से 3 साल तक की कैद और एक लाख जुर्माना भी। अगर परिजन या रिश्तेदार शव स्वीकार नहीं करते हैं तो संबंधित क्षेत्र के थानेदार अंतिम संस्कार करवाएंगे।
2. **हरियाणा ट्रैवल एजेंट रजिस्ट्रेशन एवं रेगुलेशन बिल 2025 :** वैध रजिस्ट्रेशन प्रमाण पत्र के कारोबार चलाने वाले व डंकी रूट के जरिए लोगों को विदेश भेजने वाले एजेंटों को 7 साल की कैद व पांच लाख तक जुर्माने का प्रावधान।
3. **जुआ सट्टा विधेयक 2025 :** मैच फिक्सिंग चुनाव या खेलों में सट्टेबाजी करने वालों के लिए 3 से 5 साल की कैद का प्रावधान। संपत्ति भी जब्त की जाएगी व जुर्माना भी लगेगा।
4. **हरियाणा अनुबंध कर्मचारी जॉब सिक्योरिटी विधेयक 2024 :** इसके तहत 15 अगस्त 2024 तक पांच साल की सेवा पूरी करने वाले अनुबंधित कर्मचारियों को सेवा सुरक्षा प्रदान की जाएगी। उन्हें नौकरी से नहीं हटाया जाएगा।

**सदन में बागवानी, पौधशाला और अर्पण संस्था के नियंत्रित से संबंधित विधेयक रिस्टोर किए गए हैं। स्कूलों को लेकर विधानसभा में कांग्रेस विधायक अशोक अरोड़ा और शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा भिड़े।**

### प्रदर्शन के लिए उकसाने वालों को भी होगी सजा

- विधेयक के अनुसार शव को सड़क पर रखकर प्रदर्शन करना अपराध होगा। अगर कोई व्यक्ति शव का सही तरीके से अंतिम संस्कार नहीं करता है तो उसे एक लाख रुपये तक जुर्माने के साथ तीन साल की सजा हो सकती है। उकसाने वालों को भी सजा होगी।
- शव लेने के लिए अगर परिजनों द्वारा ठोस कारण बताया जाता है तो शव के अंतिम संस्कार के समय को 24 घंटे तक बढ़ाया जा सकता है। इसके लिए कार्यकारी मजिस्ट्रेट से मंजूरी लेनी होगी।
- शव का संस्कार 12 घंटों के भीतर करना अनिवार्य है। अगर किसी भी व्यक्ति ने शव की बेकद्री की तो थानेदार पार्थिव शरीर को कब्जे में लेकर ड्यूटी मजिस्ट्रेट की उपस्थिति में अंतिम संस्कार कराएंगे।
- सैनी ने यह भी कहा कि किसी को भी शवों की दुर्गति करने का अधिकार नहीं है, जिसके लिए नया कानून बनाना पड़ा है।

### मिलेगा आशियाना: शहरों में 41 नए सेक्टर विकसित करेगी सरकार

**चंडीगढ़(ब्यूरो)।** प्रदेश सरकार शहरों में 41 नए सेक्टर विकसित करेगी। हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण(एचएसवीपी) द्वारा इन सेक्टरों को विकसित किया जाएगा। सेक्टरों के लिए ई-भूमि पोर्टल के जरिये जमीन का प्रबंध किया जा रहा है। इन रिहायशी सेक्टरों में कमर्शियल मार्केट्स होंगी। इंस्टीट्यूशनल साइट्स के लिए भी प्लॉट्स छोड़े जाएंगे। अब सेक्टरों में प्लॉट ड्रा के जरिये नहीं, बल्कि ऑक्शन (नीलामी) के जरिए ही मिलेंगे। नूंह कांग्रेस विधायक आफताब अहमद ने विधानसभा में प्रश्नकाल के दौरान यह मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि पूर्व की कांग्रेस सरकार के समय नूंह व तावडू में सेक्टर विकसित करने का फैसला लिया था। दोनों शहरों में करीब 250-250 एकड़ जमीन भी सेक्टरों के लिए अधिग्रहित की गई। इन्हांसमेंट की वजह से भाजपा सरकार ने इस सेक्टरों को डी-नोटिफाई कर दिया। मामला पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट में गया तो हाईकोर्ट ने सरकार के डी-नोटिफाई करने के फैसले को भी रद कर दिया।

> सेक्टरों में प्लॉट ड्रा के जरिये नहीं, बल्कि नीलामी के जरिए ही मिलेंगे

#### ढांडा ने दिया जवाब

इस पर संसदीय कार्य मामले मंत्री महिपाल सिंह ढांडा ने आश्वासन दिया कि सरकार नूंह व तावडू में भी सेक्टर विकसित करेगी। सरकार ने 41 नए सेक्टर विकसित करने का फैसला लिया है। पायलट प्रोजेक्ट के तौर पर पहले पंचकूला के कोट-बिल्ला शहरी परिसर विकास योजना के सेक्टर-14, 16 व 22 व पिंजौर-कालका शहरी विकास योजना के सेक्टर-31 को विकसित किया जाएगा।

---

**सामान्य से 3 डिग्री अधिक हुआ अधिकतम और न्यूनतम तापमान**

## मार्च में मई जैसी गर्मी, पारा 40 डिग्री के करीब पहुंचा, टूट सकता है रिकॉर्ड

**रेवाड़ी (हरिभूमि न्यूज)।** प्रदेश में भीषण गर्मी मार्च में ही सताने लगी है। अभी से मई जैसा अहसास होने लगा है। प्रदेश में तापमान 40 डिग्री सेल्सियस के करीब पहुंच गया। बुधवार को 39.7 डिग्री सेल्सियस के साथ हिसार प्रदेश में सबसे गर्म जिला रहा, वहीं न्यूनतम तापमान फरीदाबाद में सबसे ज्यादा 20.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। यानी अब रातें भी गर्म होने लगी हैं। मौसम वैज्ञानिकों का कहना है कि इस बार गर्मी कई रिकॉर्ड तोड़ सकती है। अप्रैल से ही लू के थपेड़े सताने लगेंगे। लोगों को सावधान रहना होगा। दूसरी तरफ मौसम विभाग का कहना है कि शनिवार से मौसम में बदलाव आ सकता है। कहीं-कहीं हल्की बूंदाबांदी और तेज हवा चलने की संभावना है। इससे तापमान में कुछ गिरवट संभव है। इसके बाद फिर मौसम के तेवर बदलने लगेंगे और भीषण गर्मी दस्तक देगी।

#### चलने लगे एसी-पंखे

मार्च के अंत में ही मई जैसी गर्म हवाएं चलना शुरू हो गई हैं। दिन का तापमान सामान्य से 3 डिग्री ज्यादा बना हुआ है। समय से पहले एसी और पंखें चलने शुरू हो गए हैं। अगले कुछ दिनों में पारा 40 डिग्री के पार होने की संभावना है। गत वर्ष 26 मार्च को अधिकतम तापमान 36 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था। बुधवार को अधिकतम तापमान 1.0 डिग्री सेल्सियस बढ़कर 39.7 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया। न्यूनतम तापमान 1.5 डिग्री सेल्सियस की वृद्धि के साथ 15.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।



#### दोपहर में घरों से निकलना मुश्किल

इस बार अगर यही हाल रहा तो अप्रैल माह में ही लू के थपेड़ों का सामना करना पड़ेगा। तेज धूप और गर्मी के कारण सामान्य जीवन पर असर पड़ना शुरू हो गया है। दोपहर के समय घरों से बाहर निकलना मुश्किल होना शुरू हो गया है। बाजार में ठंडे पेय पदार्थों की मांग बढ़ गई है। जगह-जगह नींबू पानी और नारियल पानी की दुकानें खुलने लगी हैं। गन्ने के जूस की रेहड़ियां हर चौक-चौहरों पर लग रही हैं। मौसम विभाग का कहना है कि आने वाले दिनों में लोगों को भीषण गर्मी का सामना करना पड़ेगा। इसलिए अभी से सावधानी बरतें। गर्मी इस बार कई रिकॉर्ड तोड़ सकती है।

#### कल से तापमान में गिरावट की उम्मीद

मौसम विभाग के अनुसार एक कमजोर पश्चिम विक्षोभ के सक्रिय होने से हवाओं की गति बढ़ जाएगी। वीरवार को 18 किमी प्रति घंटा की रफ्तार से हवाएं चलेंगी। इससे शुक्रवार को पारा गिरने की संभावना है। 29 मार्च को आसमान में बादल छाने के साथ ही बूंदाबांदी या हल्की बरसात होने की संभावना है। इससे तापमान में तेजी से गिरावट आएगी।

---

## छग में बघेल, कांग्रेस विधायक व चार आईपीएस पर छापेमारी

### सीबीआई ने 4 राज्यों में 60 से अधिक ठिकाने खंगाले



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर/नई दिल्ली

केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने 6,000 करोड़ रुपये के महादेव ऐप घोटाले के सिलसिले में बुधवार को छत्तीसगढ़ सहित 4 राज्यों दिल्ली, भोपाल और कोलकाता में 60 से अधिक जगहों पर छापेमारी की। सीबीआई ने छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, उनके दो ओएसडी रहे आशीष वर्मा और मनीष बंछोर, सेक्रेटरी रही सौम्या चौरसिया, विधायक देवेंद्र यादव, रिटायर्ड आईएएस अनिल टुटेजा और 4 आईपीएस आनंद छाबड़ा, अभिषेक पल्लव, आरिफ शेख, प्रशांत अग्रवाल के घर छापेमारी की और दस्तावेज अपने कब्जे में लिए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि सीबीआई की टीमों ने रायपुर और भिलाई में बघेल के आवास पा छापे मारे हैं। वहीं एएसपी संजय ध्रुव और दो सिपाही नकुल-सहदेव के घर भी टीम ने दबिश दी है। रायपुर, दुर्ग और भिलाई में 10 से अधिक टीमें कार्रवाई कर रही है। इसके अलावा केपीएस ग्रुप के संचालक प्रशांत त्रिपाठी के यहां भी छापेमारी की।

> 6,000 करोड़ के महादेव ऐप घोटाले में कार्रवाई, 10 से अधिक टीमों ने दी दबिश

#### अब सीबीआई आई है : कांग्रेस

बघेल के कार्यालय ने 'एक्स' पर लिखा, 'अब सीबीआई आई है। आठ और नौ अप्रैल को अहमदाबाद (गुजरात) में होने वाली एआईसीसी की बैठक के लिए गठित 'ड्राफ्टिंग कमेटी' की बैठक के लिए आज पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का दिल्ली जाने का कार्यक्रम है। इससे पहले सीबीआई रायपुर और भिलाई निवास पहुंच चुकी है।' कांग्रेस ने कहा कि बघेल के आवासों पर सीबीआई की तलाशी राजनीति से प्रेरित है और वह इस तरह की कार्रवाई से डरने वाली नहीं है।

#### यहां भी कार्रवाई

भोपाल में बैक एण्ड शेक के मालिक गिरीश तलरेजा के ठिकानों पर भी सीबीआई ने सर्चिंग की है। उनके आईएसबीटी स्थित होटल पर भी सर्च कार्रवाई की गई है। सीबीआई की कार्रवाई को लेकर छत्तीसगढ़ कांग्रेस कल प्रदेशभर में भाजपा सरकार का पुतला दहन करेगी।

#### सीबीआई ने यह कहा

सूत्रों ने बताया कि दुर्ग के भिलाई शहर में कांग्रेस विधायक देवेंद्र यादव के परिसरों और आईपीएस अधिकारियों आनंद छाबड़ा, अभिषेक पल्लव और आरिफ शेख सहित अन्य के परिसरों पर भी तलाशी ली गई। सीबीआई प्रवक्ता ने एक बयान में कहा, 'महादेव बुक ऑनलाइन सट्टेबाजी घोटाले की जांच में, केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) छत्तीसगढ़, भोपाल, कोलकाता और दिल्ली में 60 स्थानों पर तलाशी ले रहा है, जिसमें राजनीतिक नेताओं, वरिष्ठ नौकरशाहों, पुलिस अधिकारियों, महादेव बुक के प्रमुख पदाधिकारियों और मामले में शामिल होने के संदिग्ध अन्य निजी व्यक्तियों से जुड़े परिसर शामिल हैं।'

---

## यूपीआई और एटीएम से हो सकेगी पीएफ की निकासी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) मई के अंत या जून की शुरुआत तक बदलाव करने जा रहा है। इस नए बदलाव के साथ ईपीएफओ के सदस्य यूपीआई व एटीएम के जरिए तत्काल पीएफ निकाल सकेंगे। इससे कर्मचारियों को अब अपनी पीएफ बचत तक पहुंचने के लिए लंबी और समय लेने वाली प्रक्रियाओं से नहीं गुजरना पड़ेगा। इस पहल को श्रम और रोजगार मंत्रालय के सहयोग से क्रियान्वित किया जा रहा है। इसे भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम से मंजूरी मिल गई है। इस कदम से देशभर के लाखों ईपीएफओ सदस्यों को पहले से बेहतर सुविधा मिलने की उम्मीद है। श्रम और रोजगार मंत्रालय की सचिव सुमिता डावरा ने कहा कि कर्मचारी तत्काल 1 लाख रुपये तक निकाल सकेंगे। उन्होंने बताया कि सदस्य सीधे यूपीआई प्लेटफॉर्म पर अपना पीएफ बैलेंस भी देख सकेंगे। बिना किसी देरी के पसंदीदा बैंक खातों में फंड ट्रांसफर कर सकेंगे।

## जज के घर कैश केस : स्टोर रूम सील, यहीं मिले थे अधजले नोट

### एफआईआर वाली याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने कहा, बयानबाजी न करें

भाषा ▶▶| /नई दिल्ली

दिल्ली हाईकोर्ट के न्यायाधीश यशवंत वर्मा के आवास में लगी आग के बाद नकदी बरामदगी के मामले की जांच के सिलसिले में पुलिस उपायुक्त देवेश के नेतृत्व में एक टीम बुधवार को उनके आवास पहुंची। सूत्रों ने बताया कि टीम ने पैसे मिलने वाले स्टोर रूम को सील कर दिया। वहीं, सुप्रीम कोर्ट ने जस्टिस वर्मा के खिलाफ केस दर्ज करने की मांग वाली याचिका पर सुनवाई करने को कहा है। कोर्ट ने याचिकाकर्ता एडवोकेट मैथ्यूज जे नेदुम्परा को सार्वजनिक बयान न देने का आदेश दिया है। हालांकि मैथ्यू ने सीजेआई की तारीफ करते हुए कहा कि उन्होंने जले हुए नोटों के वीडियो को सार्वजनिक करके अच्छा काम किया है। इसके अलावा दूसरे याचिकाकर्ता ने सीजेआई के निर्णय को चुनौती दी, जिसमें 3 जजों के पैनल को आंतरिक जांच करने को कहा गया है। याचिकाकर्ता ने कहा कि अगर इतना पैसा किसी बिजनेसमैन के घर पर मिलता तो ईडी और आईटी पीछे पड़ जातीं।



याचिकाकर्ता वकील को सार्वजनिक बयान न देने का दिया आदेश

---

## इलाहाबाद हाईकोर्ट की टिप्पणी असंवेदनशील और अमानवीय

भाषा ▶▶| नई दिल्ली

**नाराजगी**
सुप्रीम कोर्ट ने हाईकोर्ट की टिप्पणियों पर रोक लगाई, केंद्र और उत्तर प्रदेश सरकार समेत अन्य पक्षों को नोटिस भी जारी किया

सुप्रीम कोर्ट ने इलाहाबाद हाईकोर्ट के रेप संबंधी हालिया दृष्टिकोण पर बुधवार को कड़ी आपत्ति जताई और टिप्पणियों को असंवेदनशील तथा अमानवीय दृष्टिकोण वाला बताते हुए इन पर रोक लगा दी। हाईकोर्ट ने 17 मार्च के एक आदेश में कहा था की महज स्त्री के निजी अंगों को पकड़ना और 'पायजामे' का नाड़ा खींचना रेप या रेप के प्रयास के अपराध के दायरे में नहीं आता। इसे बेहद गंभीर मामला करार देते हुए न्यायमूर्ति बीआर गवई व न्यायमूर्ति ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ ने कहा, 'सामान्य परिस्थितियों में हम इस स्तर पर स्थगन देने में सुस्त हैं। लेकिन चूंकि पैराग्राफ 21, 24 और 26 में की गई टिप्पणियां कानून के सिद्धांतों से पूरी तरह अलग और असंवेदनशील और अमानवीय दृष्टिकोण वाली हैं, इसलिए हम उक्त टिप्पणियों पर स्थगन देने के लिए इच्छुक हैं। दरअसल 'वी द वूमेन ऑफ इंडिया' नामक संगठन उच्च न्यायालय द्वारा की गई विवादास्पद टिप्पणियों को प्रधान न्यायाधीश संजीव खन्ना के संज्ञान में लाया जिसके बाद शीर्ष अदालत ने इस मामले में स्वतः संज्ञान लिया।

**सख्ती** | ताज महल के आस-पास 454 पेड़ काटे थे, 1 लाख रुपये जुर्माना लगाया

*पर्यावरण को नुकसान पहुंचाने वालों पर कोई दया नहीं दिखाई जानी चाहिए जुर्माने के खिलाफ लगाई गई याचिका को खारिज किया*

## बड़ी संख्या में पेड़ काटना इंसान की हत्या से बदतर

भाषा ▶▶| नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को एक अहम टिप्पणी करते हुए कहा कि बड़ी संख्या में पेड़ों को काटना किसी इंसान की हत्या से भी बदतर है। पर्यावरण को नुकसान पहुंचाने वालों पर कोई दया नहीं दिखाई जानी चाहिए। सुप्रीम कोर्ट ने आगरा के ताज महल के आस-पास अवैध रूप से काटे गए प्रत्येक पेड़ के लिए एक लाख रुपये का जुर्माना लगाने को मंजूरी दी है। साथ ही जुर्माने के खिलाफ लगाई गई याचिका को खारिज कर दिया। न्यायमूर्ति अभय एस ओका और न्यायमूर्ति उज्ज्वल भुइयां की पीठ ने यह टिप्पणी उस व्यक्ति की याचिका को खारिज करते हुए की, जिसने संरक्षित 'ताज ट्रेपेज़ियम जोन' में 454 पेड़ काट डाले थे। पीठ ने कहा, 'पर्यावरण के मामले में कोई दया नहीं होनी चाहिए। बड़ी संख्या में पेड़ों को काटना किसी इंसान की हत्या से भी जघन्य है।'



#### बिना अनुमति काटे पेड़

शीर्ष अदालत ने कहा कि बिना अनुमति के काटे गए 454 पेड़ों से जो हरित क्षेत्र था उसी तरह का हरित क्षेत्र फिर से उत्पन्न करने में 100 वर्ष लगेंगे। उच्चतम न्यायालय ने केंद्रीय अधिकार प्राप्त समिति (सीईसी) की रिपोर्ट को स्वीकार कर लिया, जिसमें शिवशंकर अग्रवाल नामक व्यक्ति द्वारा मथुरा-वृंदावन में डालमिया फार्म में 454 पेड़ काटने के लिए प्रति पेड़ एक लाख रुपये का जुर्माना लगाने की सिफारिश की थी। अग्रवाल की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता मुकुल रोहतगी ने कहा कि उन्होंने अपनी गलती स्वीकार कर ली है लेकिन अदालत ने जुर्माना राशि कम करने से इनकार कर दिया।

#### कानून और पेड़ों को हल्के में नहीं लिया जा सकता

बेंच ने सीनियर एडवोकेट एडीएन राव के सुझाव को स्वीकारा कि अपराधियों को यह स्पष्ट संदेश दिया जाना चाहिए कि कानून और पेड़ों को हल्के में नहीं लिया जा सकता और न ही लिया जाना चाहिए। कोर्ट ने अपने आदेश में इस बात का बेंचमार्क भी तय किया है कि ऐसे मामलों में कितना जुर्माना लगाया जाना चाहिए।

## भ्रामक विज्ञापन रोकने के लिए सिस्टम तैयार करें सभी सरकारें

भाषा ▶▶| नई दिल्ली

**सुप्रीम कोर्ट के निर्देश**
शिकायत निवारण तंत्र स्थापित किया जाए, लोगों की शिकायतों का दो माह में समाधान हो, झूठे और भ्रामक विज्ञापनों पर सख्ती बरतें

सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को झूठे और भ्रामक विज्ञापनों पर सख्ती बरतने के लिए शिकायत निवारण तंत्र स्थापित करने का निर्देश दिया। कोर्ट ने कहा, सभी सरकारें भ्रामक विज्ञापन के खिलाफ शिकायत की सुनवाई के लिए 2 महीने के भीतर एक सिस्टम बनाएं। न्यायमूर्ति अभय एस ओका और न्यायमूर्ति उज्जल भुइयां की पीठ ने कहा, सरकारों को ऐसी व्यवस्था बनानी चाहिए, जिससे जनता औषधि एवं जादुई उपचार अधिनियम, 1954 के तहत प्रतिबंधित आपत्तिजनक विज्ञापनों के बारे में शिकायत दर्ज करा सके। 'हम राज्य सरकारों को दो माह की अवधि के भीतर उचित शिकायत निवारण तंत्र स्थापित करने और नियमित अंतराल पर इसकी मौजूदगी का पर्याप्त प्रचार करने का निर्देश देते हैं। अदालत ने राज्यों को 1954 के अधिनियम के प्रावधानों के कार्यान्वयन के संबंध में पुलिस तंत्र को संवेदनशील बनाने का निर्देश दिया। भ्रामक विज्ञापनों पर रोक लगाते हुए कोर्ट ने 7 मई, 2024 को निर्देश दिया था कि किसी भी एड को जारी करने से पहले स्व-घोषणा प्राप्त की जाए।

## बजट सत्र का दसवां दिन हंगामेदार रहा

# सदन में कई बार भिड़े विज और हुड्डा

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ चंडीगढ़

हरियाणा विधानसभा बजट सत्र--2025 के दसवें रोज की कार्यवाही के दौरान जमकर कानून व्यवस्था की हालत, शिक्षा के हालात, स्वास्थ्य विभाग की कार्यशैली जैसे मुद्दे जोरशोर से उठाए गए। इस दौरान सत्ता पक्ष व विपक्षी सदस्यों में अच्छी खासी नोकझोंक भी हुई। सदन में बेक्र के बाद बुधवार की कार्यवाही के दौरान भी स्पीकर हरविंद्र कल्याण टाइम मैनेजमेंट को लेकर बेहद ही गंभीर दिखाई दिए, उन्होंने मंत्री, विधायक व विपक्ष सभी को टोका व समय की बर्बादी से पहले ही चुप करा दिया।

विधनसभा में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पूर्व सीएम भूपेंद्र सिंह हुड्डा और वरिष्ठ मंत्री अनिल विज के बीच में कई बार बुधवार को बहस हुई। अनिल विज ने विपक्ष से खास तौर पर हुड्डा को बार बार टोका साथ ही कांग्रेस के शासनकाल की याद दिलाई व कहा कि उस वक्त उन्हें एक-एक बात करने के लिए सदन से बाहर निकाला जाता था। महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती श्रुति चौधरी ने सदन में बताया कि जिला करनाल में आंगनवाड़ी वर्करों के 1479 व आंगनवाड़ी हैल्परों के 1454 स्वीकृत पद हैं। रिक्त पदों को भरने का प्रस्ताव विचाराधीन है। विभाग वर्कर और हेल्पर की नियुक्तियों के लिए चयन मानदंडों को अंतिम रूप देने की प्रक्रिया में है। सवाल का जवाब देते हुए श्रुति चौधरी ने कहा कि करनाल में आंगनवाड़ी वर्कर के 1479 स्वीकृत पदों में से 1355 पद भरे हैं।

**अनिल विज बोले**

### भूपेंद्र हुड्डा बताएं बजट कहां-कहां से घटाए

विज ने कहा कि बजट में कर्ज लेने को लेकर हुड्डा नसीहत दे रहे हैं, वे बताएं कि बजट को कहां-कहां पर घटाया जाए।



इस बीच कांग्रेस विधायक कुलदीप वत्स ने विज पर टीका टिप्पणी की, तो स्पीकर ने टोक दिया व सदन व दो वरिष्ठ लोग बात कर रहे हों, तो टिप्पणी नहीं करें। जिस पर वत्स चुप बैठ गए। हुड्डा ने एक शेर सुनाते हुए सत्तापक्ष को नसीहत दी कि पैर जमीन पर होने चाहिएं कर्ज लो घी पियो वाला सिद्धांत नहीं होना चाहिए।

**भूपेंद्र हुड्डा का जवाब**

### शिक्षा जैसे कई क्षेत्रों में खर्च घटाया जा सकता

विज के बयान पर भूपेंद्र सिंह हुड्डा हुड्डा बोले कि स्वास्थ्य विभाग, शिक्षा कई क्षेत्रों में खर्च को घटाया जा सकता है।



पूर्व नेता विपक्ष और वरिष्ठ कांग्रेस विधायक भूपेंद्र सिंह हुड्डा, अशोक अरोड़ा, गीता भुक्कल अन्य ने सदन के अंदर निजी स्कूलों की मनमानी, महंगी होती शिक्षा पर चिंता जाहिर की। हुड्डा ने कहा कि प्राइवेट स्कूलों में लगने वाली किताबें सरकारी स्कूलों में तीन से चार गुणा महंगी बेची जा रही हैं। फीस अपनी मर्जी की वसूल रहे हैं।

**आरती राव**

### गन्नौर कस्बे में ट्रामा सेंटर बनाने पर विचार

स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव ने कहा कि हर 60 किलोमीटर की दूरी पर एक ट्रॉमा सेंटर बनाने का प्रावधान है।



गन्नौर कस्बे में ट्रामा सेंटर को स्थापित करवाने के लिए सर्वे किया जाएगा और अगर आवश्यकता महसूस हुई तो ट्रॉमा सेंटर बनाने पर विचार किया जाएगा। स्वास्थ्य मंत्री हरियाणा विधानसभा के बजट सत्र के दौरान जवाब दे रही थी। गन्नौर जीटी रोड पर होने और दुर्घटनाओं की संभावनाओं के चलते ट्रामा सेंटर के लिए सर्वे करवाया जाएगा।

**विधेयक-2025 सर्वसम्मति से पारित**

## प्रदेश में मैच फिक्सिंग और स्पॉट फिक्सिंग पर भी लगेगी लगाम

**चंडीगढ़।** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि प्रदेश में जुआ और सट्टेबाज़ी जैसी अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए आज विधानसभा में हरियाणा सार्वजनिक द्यूत रोकथाम विधेयक 2025 को सर्वसम्मति से पारित किया गया। नायब सैनी ने हरियाणा सार्वजनिक द्यूत रोकथाम विधेयक 2025 पर चर्चा के दौरान सदन को अवगत करवाया कि जुआ और सट्टेबाज़ी से कई परिवार बर्बाद हो चुके हैं। लोगो को इससे बचाने के लिए एक सख्त कानून बनाने की आवश्यकता है इसलिए विधेयक सदन में लाया गया है। नायब सैनी ने कहा कि जुआ और सट्टेबाजी का इस्तेमाल वातावरण बदलने और राजनैतिक लाभ उठाने के लिए भी किया जाता है। इस बिल के माध्यम से मैच फिक्सिंग और स्पॉट फिक्सिंग पर भी लगाम लगेगी।



- जुआ और सट्टेबाज़ी से कई परिवार बर्बाद हो रहे

## पानीपत पुराने बस स्टैंड में इलेक्ट्रिक बस डिपो बना रहे जुलाई तक तैयार होगा

**चंडीगढ़।** परिवहन मंत्री अनिल विज ने कहा कि पुराने बस स्टैंड, पानीपत में इलेक्ट्रिक बस डिपो निर्माणाधीन है जोकि जुलाई - 2025 तक इसके तैयार होने की संभावना है। डिपो के तैयार होने के बाद, शेष सभी 45 इलेक्ट्रिक बसें संचालित कर दी जाएंगी। विज चंडीगढ़ में हरियाणा विधानसभा में चल रहे बजट सत्र में लगाए गए एक प्रश्न का उत्तर दे रहे थे। इसके अलावा, पानीपत शहर में मेट्रो सिटी से आए थ्री व्हीलर पॉल्यूशन और ट्रैफिक जाम का कारण बन रहे हैं और सदन में अनुरोध किया गया कि इन थ्री व्हीलर्स को इंपाउंड किया जाए और गरीबों के हित को ध्यान में रखते हुए सस्ती दरों पर लोन उपलब्ध करवाएं।

**नीलामी सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता हैं कि दिनांक 05 अप्रैल 2025 को प्रातः 11:00 बजे समीति कक्ष, पशु पोषण विभाग, लुवास, हिसार में अमरूद के बगीचे (6 एकड़ में 450 पेड़ लगभग) की एक वर्ष के अनुबंध (14 मार्च 2026 तक) के लिए खुली बोली की जाएगी/बोलीदाता बोली से पहले अमरूद के बाग का निरीक्षण कर सकता है। जिसके लिए प्रत्येक बोलीदाता को बोली से पहले दिनॉक 05 अप्रैल 2025 को मु. 30000/- (तीस हजार रूपये) जमानत राशि नगद या डी डी के रूप मे जमा करवाने होंगे। सफल बोलीदाता को 25% राशि मौके पर जमा करवानी होगी तथा शेष राशि 72 घंटे के अंदर-अंदर जमा करवानी होगी अन्यथा द्वितीय सफल बोलीदाता को एक वर्ष के अनुबंध के लिए बगीचे को दे दिया जाएगा, और पहले बोलीदाता की जमानत राशि जब्त कर ली जाएगी। शेष शर्तें मौके पर सुनाई जाएंगी। सभी बोलीदाता इस अवसर पर आमंत्रित हैं।

प्रोफेसर एण्ड हेड
एनिमल न्यूट्रेशन विभाग लुवास
01662-25-6118

पीआरडीएच-1305/11/95/2025/33319/C/88/6 दि. 26.03.2025

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को इस नोटिस के द्वारा सूचित किया जाता है कि मेरे मुव्वकिल के द्वारा निम्न कृषि भूमि का तबादलानामा प्रस्तावित है :–

SW/JSO/1416

मनकि दलबीर पुत्र कर्णसिहं पुत्र छोटू, निवासी एवं बिस्वेदार गांव सौन्धी, तहसील बादली, जिला झज्जर (हरियाणा), में अराजी बरूवे जमाबन्दी वर्ष 2022–23 व इंतकाल न0 2256, 2330 तकसीम, के अनुसार खेवट न0 371/346, 372/347, 373/348, 374/349, 485/467, खाता न0 376, 377, 378, 379, 497, मु0 न0 75, किला न0 7/1/2(4–1), किता 1, तादादी रकबा 4 कनाल 1 मरला (0.50625 एकड़) सालम भाग, वाका रकबा मौजा सौन्धी, तहसील बादली, जिला झज्जर का मालिक व काबिज है। जिसका तबादला प्रथम पक्ष द्वारा मेरे मुव्वकिल के साथ किया जा रहा है तथा प्रथम पक्ष द्वारा मेरे मुव्वकिल को उपरोक्त समस्त भूमि तादादी रकबा 4 कनाल 1 मरला (0.50625 एकड़) पर कब्जा दिया जा रहा है।

अतः यदि कोई भी व्यक्ति जो उपरोक्त भूमि में मुखलफाना हक, स्वामित्व, कब्जा या अन्य कोई सम्बन्ध रखता है या किसी को इस तबादलानामा पर कोई ऐतराज है तो वह व्यक्ति उपरोक्त भूमि में अपने हक, दावे सम्बन्धी जरूरी दस्तावेजों व साक्ष्य सहित इस विज्ञप्ति के प्रकाशित होने के 14 दिन के अन्दर अधोहस्ताक्षरित से सम्पर्क करे या भेजे, अन्यथा यह माना जायेगा कि कोई भी व्यक्ति उपरोक्त भूमि में कोई दावा, हक, स्वामित्व, कब्जा या किसी प्रकार का अन्य कोई सम्बन्ध नही रखता और मेरा मुव्वकिल उक्त अराजी के तबादले से सम्बन्धित अग्रिम सभी कार्यवाही करेगा।

दिनांक : 26.03.2025

विनय कुमार सैनी
एडवोकेट,
द्वितीय तल, म0 नं0–285, सैक्टर–14,
गुरूग्राम – 122001
Mobile : 9810203697
E-mail : svkggn@yahoo.com

## हुड्डा व अन्य को मिली जमानत रद करने की ईडी की मांग को हाईकोर्ट ने खारिज किया

**पंचकूला।** पंचकूला के औद्योगिक प्लाट आवंटन मामले में आरोपित हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा व अन्य को मिली जमानत रद्द करने की प्रवर्तन निदेशालय (इडी) की मांग को हाई कोर्ट ने खारिज कर दिया है। हाई कोर्ट के इस आदेश से हुड्डा को एक बड़ी राहत मिली है। इडी ने द्वारा दायर याचिका में पंचकूला इडी कोर्ट के मार्च 2021 के उस आदेश को रद्द करने की मांग की गई है, जिसके तहत हुड्डा को नियमित जमानत दी गई थी। उनके अनुसार जमानत के लिए तय शर्त की सही पालना नहीं की गई।हाई कोर्ट के समक्ष अपनी याचिका में इडी ने हुड्डा व अन्य की जमानत को इस आधार पर रद्द करने की मांग की है कि हुड्डा को जमानत देने का आदेश रिकार्ड के तथ्यों और दस्तावेजों को अनदेखा कर पारित किया गया।

**गवाहों, सबूतों को प्रभावित कर सकते हैं हुड्डा : याचिका**

याचिका के अनुसार विशेष अदालत पंचकूला ने आरोपित हुड्डा को जमानत देने में गंभीर त्रुटि की है। केवल इस आधार पर कि वह जांच में शामिल हुए थे और जांच एजेंसी द्वारा पीएमएलए अधिनियम की धारा 19 को लागू कर गिरफ्तार नहीं किया गया, इस पर उन्हें जमानत दे दी गई। विशेष अदालत इस तथ्य को देखने में विफल रही कि हुड्डा एक प्रभावशाली व्यक्ति हैं। ऐसे में गवाहों व सबूतों को प्रभावित करने की क्षमता रखते हैं। इसके अलावा हुड्डा के भागने की भी आशंका है।इस मामले में इडी ने हुड्डा, कुछ नौकरशाहों और उन सभी आवंटियों के खिलाफ मामला दर्ज किया था, जिन्हें हुड्डा के सीएम रहते औद्योगिक भूखंड दिए गए थे। यह मामला हरियाणा के पंचकूला में 14 औद्योगिक भूखंडों के आवंटन से संबंधित है। आवेदन प्राप्त होने की अंतिम तिथि के बाद पात्रता मानदंड में गलत तरीके से बदलाव किया गया।

### साल-दर-साल बढ़ती गरीबी विकास के दावों पर तमाचाः सैलजा

**चंडीगढ़।** भाजपा सरकार विकास के बड़े-बड़े छूटे दावे करती हैं यह बात सांसद सैलजा ने कहा कि हरियाणा विधानसभा में कांग्रेस विधायकों की ओर से सरकार से बीपीएल परिवारों के बारे में सवाल पूछा था। जवाब में सरकार ने जो बताया है, उस में बीजेपी की पोल खुल गई, सरकार ने बताया कि 2020-21 में बीपीएल राशन कार्ड की संख्या 11 लाख 9 हजार 865 थी जबकि लाभार्थियों की संख्या 52 लाख 40 हजार 111 थी। इसी प्रकार 2021-22 में राशन कार्ड की संख्या बढ़कर 11 लाख 21 हजार 656 जबकि लाभार्थियों की संख्या 49 लाख 9 हजार 594 थी।

**मार्केट कमेटी जुई (जिला भिवानी)**

**आम सूचना**

सर्व-साधारण को सूचित किया जाता है कि नई अनाज मण्डी जुई में खड़े/गिरे 15 पेड़ों की नीलामी खुली बोली द्वारा दिनांक 01.04.2025 को 2:00 बजे कार्यालय मार्केट कमेटी जुई में की जाएगी। इच्छुक बोलीदाता रूपये 10000/- धरोहर राशि दिनांक 01.04.2025 को सुबह 10:00 से 12:00 बजे तक कार्यालय मार्केट कमेटी जुई में जमा करवा कर खुली बोली में भाग ले सकता है। बोली की शर्तें व पेडो को किसी भी कार्यदिवस पर कार्यालय मार्केट कमेटी, जुई में आकर देख सकते है।

**प्रशासक, मार्केट कमेटी, जुई।** — **सचिव एवं कार्यकारी अधिकारी, मार्केट कमेटी, जुई।**

**नीलामी सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि रोहतक आगार के अधीन बस स्टैण्ड महम की पुरानी कंडम ईमारत / भवन को ध्वस्त करने उपरान्त पुराने सामान को बेचने के लिए आम सार्वजनिक नीलामी दिनांक 27.03.2025 को सुबह 10:00 बजे होनी निश्चित हुई थी लेकिन प्रशासनिक कारण की वजह से रद्द कर दी गई है अब महम बस स्टैण्ड कंडम के लिए पुनः नीलामी दिनांक 02.04.2025 को सुबह 11:00 बजे बस स्टैण्ड रोहतक परिसर में होनी निश्चित हुई है।

पीआरडीएच-1119/11/616/2025/33328/88/6 दि. 26.03.2025

**नीलामी सूचना**

सर्व साधाराण को सूचित किया जाता है कि दिनांक 19.03.2025 को जिला कारागार रोहतक के बंदियो द्वारा बचाई गई रोटियों सब्जी तथा दाल को उठाने के लिए ठेके पर देने हेतू ई आक्शन के माध्यम से बोली करवाई जाएगी जिसके लिए आप अपना आवेदन eauction.gov.in पर जाकर कर दिनांक 27.03.2025 से दिनांक 01.04.2025 कर सकते है। टैंडर के सम्बंध मे कोई भी बोली दाता ई आक्शन पर जाकर उपरोक्त टैंण्डर को एक वर्ष 03.04.2025 से 02.04.2026 तक ले सकते है।

टैंडर की शर्ते निम्नलिखित है।

1. स्वीकृति ठेकेदार को बची हुई रोटियो व दाल सब्जी सप्ताह मे दो बार जरूर उठानी होंगी।
2. स्वीकृति ठेकेदार की अवधि एक वर्ष के लिए होगी।
3. नीलामी मे भाग लेने के लिए बोलीदाता को 50000 (पचास हजार रूप्ये) धरोहर राशि जमा करवानी होगी।
4. यदि स्वीकृत ठेकेदार उपरोक्त शर्तों को तोड़ता है तो इसकी धरोहर राशि जब्त करके ठेके को समाप्त कर दिया जाएगा।
5. अधीक्षक जिला कारागार रोहतक के पास बोली स्वीकृत एवं अस्वीकृत करने का अधिकार होगा व इस कार्य मे उत्पन्न किसी भी प्रकार के विवाद का निपटारा स्थानीय न्यायालय में होगा।
6. ठेकेदार जेल के अन्दर किसी भी बंदी से किसी प्रकार का लेनदेन या व्यवहार नही करेगा और ना ही किसी प्रकार का ऐसा कार्य करेगा जो जेल नियमों के विरूद्ध हो। ऐसा करने पर उसे नियमो के अनुसार दण्डित किया जा सकता है।
7. रोटी व दाल सब्जी उठाने के लिए स्वीकृति ठेकेदार को अपने वाहन का प्रयोग करना पड़ेगा।

पीआरडीएच-1277/11/80/2025/33314/88/6 दि. 26.03.2025

### चिराग योजना के तहत प्राइवेट स्कूल नहीं दे रहे दाखिला : चौटाला

**चंडीगढ़।** बुधवार को बजट सत्र के दसवें दिन सत्र के दौरान इनेलो विधायक अर्जुन चौटाला ने सरकार द्वारा गरीब बच्चों के लिए प्राइवेट स्कूलों में चिराग योजना पर ध्यानाकर्षण प्रस्ताव पर बोलते हुए कहा कि शिक्षा निदेशालय की ओर से सभी जिला शिक्षा अधिकारियों को हिदायतें जारी की गई हैं कि एक लाख 80 हजार रुपये सालाना तक आय वाले गरीब बच्चों को चिराग योजना के तहत फीस माफी का लाभ दिया जाए। बावजूद इसके प्राइवेट स्कूल बच्चों को दाखिला देने में आनाकानी कर रहे हैं।

## केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव के पिता कदम सिंह की रस्म पगड़ी पर जमालपुर पहुंचे जेपी नड्डा

**चंडीगढ़/गुरुग्राम।** केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव के पिता कदम सिंह की रस्म पगड़ी पर बुधवार को गांव जमालपुर में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, आरएसएस के सह सरकार्यवाह अरुण कुमार, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहन लाल बड़ौली सहित अनेक राजनीतिक, सामाजिक हस्तियां पहुंची। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, आरएसएस के सह सरकार्यवाह अरूण कुमार और भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली ने केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव के पिता की पुण्य आत्मा की शांति के लिए भगवान से प्रार्थना की और परिवार से मिल कर अपनी संवेदनाएं व्यक्त की। राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कदम सिंह यादव को नमन किया और कहा कि कदम सिंह पुण्य आत्मा थे। नड्डा ने कहा कि कदम सिंह यादव जीवन भर समाज से जुड़कर समाज हित के काम करते रहे। वहीं आरएसएस के सह सरकार्यवाह अरुण कुमार ने भी कदम सिंह यादव को नमन किया।



**हरियाणा लोक सेवा आयोग**
बेज नं. 1-10, ब्लॉक-बी, सेक्टर-4, पंचकूला

**घोषणा**

विज्ञापन दिनांक 17.03.2025 की निरंतरता में, यह उन उम्मीदवारों की सूचना के लिए है जो असिस्टेंट प्रोफैसर (कॉलेज कैडर) (विज्ञा. सं. 57/2024) के तहत म्यूजिक (इंस्ट्रयूमेंटल) विषय में उच्चतर शिक्षा विभाग हरियाणा में आवेदन कर चुके हैं कि आयोग ने उक्त पदों हेतु कुशलता परीक्षा को पुनः निर्धारित किया है। कुशलता परीक्षा अब 11.04.2025 से 12.04.2025 तक आयोजित की जाएगी। अन्य नियम व शर्तें यथावत रहेंगी।

दिनांक : 26.03.2025

हस्ता/- सचिव
हरियाणा लोक सेवा आयोग
पंचकूला

संवाद-1156/13/309/2025/33330/88/6 दि. 26.03.25

### निदेशक ने सुनी सफाई कर्मियों के मन की बात



चंडीगढ़। हरियाणा कृषि विभाग में निदेशक आरएस सोलंकी ने पंचकूला स्थित मुख्यालय में बतौर सफाई कर्मी और चौकीदार, माली काम करने वाले सभी कर्मियों स्वेच्छा से बुलाकर उनकी समस्याए सुनी और निवारण का आश्वासन दिया। सभी को मान सम्मान देने पर सभी कर्मियों ने अधिकारी सोलंकी व अन्य का आभार जताते हुए उनके सामने आए दिन आने वाली समस्याओं, अपनी मांगों के बारे में विस्तार से चर्चा की।

### कॉलेज खोलने की घोषणा की थी : ढांड़ा

**चंडीगढ़।** शिक्षा मंत्री महीपाल ढांडा ने कहा कि बरोदा विधानसभा के गांव भैंसवाल कलां और बरोदा में मुख्यमंत्री ने राजकीय महाविद्यालय खोलने की घोषणा की थी, न कि राजकीय महिला महाविद्यालय की। दोनों महाविद्यालय चल रहे हैं। भैंसवाल कलां कॉलेज का निर्माण उच्चतर शिक्षा विभाग के नाम भूमि हस्तान्तरित होने के उपरांत प्रारम्भ होगा।

**Government of Haryana/ हरियाणा सरकार**
Office of District Food Civil Supplies and Consumer Affairs Controller, Jhajjar
**कार्यालय जिला खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले नियन्त्रक, झज्जर**

श्रम व ढुलाई एवं परिवहन कार्य हेतु टैण्डर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि वर्ष 2025-26 के रबी व खरीफ सीजन के लिए झज्जर जिले की श्रम व ढुलाई के कार्य हेतु MLC Bhaproda (Hafed) व परिवहन के कार्य हेतु MTC Badli, MTC Patoda, MTC Asauda के लिए श्रम व ढुलाई तथा परिवहन ठेकेदारों के लिए ऑनलाईन टैण्डर https://etenders.hry.nic.in पर पुनः आमंत्रित किए जाने हैं। उपरोक्त निविदाएं निम्न प्रकार से नीचे वर्णित निर्धारित तिथि समय व स्थान पर आमंत्रित है:-

| क्र सं. | कार्य का नाम | Release/Calling of E-Tender@ 09:00 AM | Closing Date of E-Tender@ 11:00 AM | Opening of Financial Bid and Negotiation & Finalization | Opening of Fincncial Bid, and Negotiation & Finalizaton | टैण्डर का स्थान |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | श्रम व ढुलाई MLC Bhaproda (Hafed) | 26.03.2025 | 01.04.2025 | 01.04.2025 | As per decision of DLTC | कॉन्फ्रेन्स हॉल प्रथम तल लघु सचिवालय, झज्जर |
| 2. | (परिवहन) MTC Badli MTC Patoda MTC Asauda | 26.03.2025 | 01.04.2025 | 01.04.2025 | As per decision of DLTC | कॉन्फ्रेन्स हॉल प्रथम तल लघु सचिवालय, झज्जर |

हस्ता/-(अशोक कुमार)
जिला खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले नियत्रंक, झज्जर

पीआरडीएच 1042/11/102/2025/33296/88/6 दि. 26.03.2025

**प्रपत्र-ए**
**सार्वजनिक सूचना**
(नियमन 6 के तहत दिवालियापन और भारतीय बैंगक्रप्सी बोर्ड (कार्पोरेट व्यक्तियों हेतु दिवालियापन रेजोल्यूशन प्रक्रिया) नियमनों 2016)

**एम2एम बिल्डटेक प्राईवेट लिमिटेड के क्रेडिटर्स के ध्यानार्थ**

**सम्बन्धित विवरण**

| | | |
|---|---|---|
| 1. | कार्पोरेट कर्जदार का नाम | एम2एम बिल्डटेक प्राईवेट लिमिटेड |
| 2. | कार्पोरेट कर्जदार के समावेशन की तिथि | 19/09/2012 |
| 3. | कर्जदार किसी प्राधिकारी के तहत समावेशित / पंजीकृत किया गया है | आरओसी दिल्ली |
| 4. | कार्पोरेट पहचान संख्या / सीमित देनदारी कार्पोरेट कर्जदार की पहचान संख्या | U70109DL2012PTC242480 |
| 5. | कार्पोरेट कर्जदार के पंजीकृत कार्यालय और मुख्य कार्यालय (यदि कोई है) का पता | पंजीकृत कार्यालय : मकान नं. जी-3/193-194, प्रथम तल, सेक्टर-16, रोहिणी, सेक्टर-5, नॉर्थ वेस्ट दिल्ली-110085 मुख्य कार्यालय : 39-जी, पॉकेट ए-1, मयूर विहार फेज-III, नई दिल्ली-110096 शाखा कार्यालय : फ्रैंड्स कॉलोनी, भू-तल, निकट ओमेक्स सिटी गेट, राजन टावर, रोहतक, हरियाणा, भारत-124001 |
| 6. | कार्पोरेट कर्जदार के सम्बन्ध में दिवालियापन की प्रारम्भिक तिथि | 24/03/2025 (ऑर्डर की प्रति 25.03.2025 को प्राप्त हुई) |
| 7. | दिवालियापन रेजोल्यूशन प्रक्रिया के बंद होने की अनुमानित तिथि | 20/09/2025 |
| 8. | अंतरिम रेजोल्यूशन प्रोफैशनल के रूप में कार्य करने वाले दिवालियापन प्रोफैशनल का नाम और पंजीकरण सं. | अखिल आहूजा IBBI/IPA-001/IP-P-02072/2020-2021/13213 |
| 9. | बोर्ड के साथ पंजीकरण अनुसार अंतरिम रेजोल्यूशन प्रोफैशनल का पता और ई-मेल | मार्वेट रिस्ट्रक्चरिंग सेवाएं एलएलपी एस-376, पंचशीला पार्क, नई दिल्ली-110017 caakhilahuja@gmail.com |
| 10. | अंतरिम रेजोल्यूशनल प्रोफैशनल के साथ संचार हेतु उपयोग किया जाने वाला पता और ई-मेल | मार्वेट रिस्ट्रक्चरिंग सेवाएं एलएलपी एस-376, पंचशीला पार्क, नई दिल्ली-110017 cirp.m2m@gmail.com |
| 11. | दावा जमा करने की अन्तिम तिथि | 07/04/2025 |
| 12. | अंतरिम रेजोल्यूशनल प्रोफैशनल द्वारा निर्धारित धारा 21 की उपधारा (6ए) की धारा बी के तहत कर्जदार की श्रेणियां, यदि कोई है, | रियल एस्टेट परियोजना के तहत अलॉटी |
| 13. | कर्जदाता की श्रेणी में अधिकृत प्रतिनिधि के रूप में कार्य करने के लिए आईडेंटीफाइड दिवालियापन प्रोफैशनल के नाम (प्रत्येक श्रेणी हेतु तीन नाम) | 1. गुंजन अरोड़ा 2. राजकुमार सोनी 3. उमा गर्ग |
| 14. | (ए) सम्बन्धित प्रपत्र और (बी) अधिकृति प्रतिनिधियों का विवरण पर उपलब्ध है : | वेबलिंक https://ibbi.gov.in/en/home/downloads भौतिक पता : 1. गुंजन अरोड़ा IBBI/IPA-003/N-00404/2021-2022/14056 पता : मकान नं.-82, ब्लॉक-एच, सेक्टर-10, डीएलएफ, फरीदाबाद, हरियाणा-121006 2. राज कुमार सोनी IBBI/IPA-002/IP-N01219/2022-2023/14136 पता : 127, द्वितीय तल, आईपी कॉलोनी, सेक्टर-30-33, गेट नं. 3, इन्द्रप्रस्थ कॉलोनी, फरीदाबाद, हरियाणा-121003 3. उमा गर्ग IBBI/IPA-001/IP-P-02088/2020-2021/13256 पताः 29, भू-तल, हाउसिंग बोर्ड सोसायटी, फाजिलपुर रोड, निकट एलडिको मैंशन्स, सेक्टर-48, गुड़गांव, हरियाणा-122018 |

एतद् द्वारा सूचना दी जाती है कि राष्ट्रीय कम्पनी विधि अभिकरण, नई दिल्ली ने एम2एम बिल्डटेक प्राईवेट लिमिटेड पर एक कार्पोरेट दिवालियापन रेजोल्यूशन प्रक्रिया प्रारम्भ करने का 24.03.2025 को आदेश दिया।

एम2एम बिल्डटेक प्राईवेट लिमिटेड का एतद द्वारा अपना दावा साक्ष्य सहित 07.04.2025 को या पहले अंतरिम रेजोल्यूशन प्रोफैशनल के पास एंट्री सं. 10 के सामने उपरोक्त वर्णित पते पर जमा करने का आह्वान किया जाता है।

वित्तीय कर्जदार अपना दावा साक्ष्य सहित केवल इलैक्ट्रोनिक साधनों से प्रस्तुत करेंगे। अन्य सभी कर्जदार अपने दावे साक्ष्य सहित व्यक्तिगत रूप से, डाक द्वारा अथवा इलैक्ट्रोनिक साधनों द्वारा प्रस्तुत कर सकते हैं।

एक श्रेणी से सम्बन्धित वित्तीय कर्जदार एंट्री सं. 12 के आधार पर सूचीबद्ध के अनुसार एंट्री सं. 13 में सूचीबद्ध तीन दिवालियापन प्रोफैशनल्स में से अधिकृत प्रतिनिधि का विकल्प प्रस्तुत कर सकते हैं जो श्रेणी के अधिकृत प्रतिनिधि के रूप में रियल एस्टेट प्रोजैक्ट्स में प्रपत्र सीए के तहत कार्य करेंगे।

दावे के गलत अथवा भ्रामक साक्ष्य जमा करने पर दण्ड के पात्र होंगे।

हस्ता/-
अखिल आहूजा
अंतरिम रेजोल्यूशन प्रोफैशनल
एम2एम बिल्डटेक प्राईवेट लिमिटेड
IBBI/IPA-001/IP-P-02072/2020-2021/13213
असाइनमेंट हेतु प्राधिकरण 31.12.2025 तक वैध है
पता : मार्वेट रिस्ट्रक्चरिंग सेवाएं एलएलपी
एस-376, पंचशीला पार्क, पंचशील एंक्लेव, दक्षिणी दिल्ली, नई दिल्ली-110017

स्थान : नई दिल्ली
दिनांक : 27.03.2025

## अनाज का उठान और सबको समय पर राशन मिलना चाहिए : राजेश नागर

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ चंडीगढ़

हरियाणा के खाद्य एवं पूर्ति मंत्री राजेश नागर ने विभाग के संबद्ध अधिकारियों के साथ विशेष बैठक की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि रबी की फसल का समयबद्ध ढंग से उठान एवं उनके खरीद की तैयारियां जल्द से जल्द पूरी कर ली जाए।

इसके अलावा उन्होंने राशन आपूर्ति में भी जनता को किसी भी प्रकार की परेशानी न आने देने के निर्देश दिए। मंत्री राजेश नागर ने अधिकारियों से कहा कि वह गोदाम में गेहूं के वजन में आने वाली शिकायतों को तुरंत प्रभाव से दूर करें और यह भी तय करें कि गेहूं और बाजरा पूरी तरह से सूखा कर ही राशन डिपो तक पहुंचे। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वह ऐसी व्यवस्था बनाएं कि राशन मिलने के बाद उपभोक्ता के मोबाइल पर मैसेज या ओटीपी आए जैसे कि एलपीजी और बैंक के ट्रांजैक्शन के समय आते हैं। उन्होंने कहा कि किसी राशन डिपो की सप्लाई रोकनी पड़े तो उसके नजदीकी डिपो को उसकी सप्लाई दी जाए। इसके अलावा उन्होंने किसी भी डिपो को दो से ज्यादा सप्लाई न देने के भी निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिन जिन डिपो को मंजूरी दी जानी है, उन पर जल्द निर्णय करें।



**भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण**
(सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय)

**जन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय, भारत सरकार के द्वारा राजपत्र में प्रकाशित प्रयोक्ता शुल्क अधिसूचना संख्या 2892 (अ) दिनांक 24.06.2022 के नियमानुसार तथा सक्षम प्राधिकारी द्वारा अनुमोदनोपरान्त हरियाणा राज्य में राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या–152डी के कि.मी. 0.000 से कि.मी. 227.020 (लम्बाई 227.020 कि.मी.) के उपयोग हेतु 16 शुल्क प्लाजा (1) पबनावा (जिला कुरूक्षेत्र), (2) चन्दलाना/कौल (जिला कैथल), (3) मोहना (जिला कैथल), (4) खेड़ी शर्फ अली (जिला करनाल), (5) बाहरी (जिला करनाल), (6) जामनी (जिला जीन्द), (7) अमरावली खेड़ा (जिला जीन्द), (8) चाबरी (जिला जीन्द), (9) किलाजफरगढ़ (जिला जीन्द), (10) बैंसी (जिला रोहतक), (11) खरखड़ा (जिला रोहतक), (12) खेरड़ी (जिला रोहतक), (13) दादरी (जिला चरखी दादरी), (14) बूचावास (जिला महेन्द्रगढ़), (15) भालखी (जिला महेन्द्रगढ़) एवं (16) जाट गुवाना (जिला महेन्द्रगढ़) पर संशोधित दरें दिनांक 01.04.2025 से लागू होगी जिसे नीचे दिये गये QR Code पर स्केन कर देखा जा सकता है।

राजमार्ग खण्ड पर बहुयात्राओं हेतु पास निम्नलिखित दरों पर जारी किए जाएगें, अर्थात्

| संदेय राशि | अनुमत्य एकतरफा यात्राओं की अधिकतम संख्या | वैधता अवधि |
|---|---|---|
| एक तरफा यात्रा के लिए शुल्क का डेढ़ गुना* | दो | भुगतान के समय से चौबीस घंटे |
| पचास एकल यात्राओं के लिए भुगतान योग्य शुल्क की राशि का दो–तिहाई | पचास | भुगतान के समय से एक माह |

*बशर्ते कि वापसी यात्रा करते समय प्रयोक्ता एक ही शुल्क प्लाजा से प्रवेश और निकास करता है।

परियोजना निदेशक
भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण, पी.आई.यू–भिवानी

सड़कें ही नहीं, राष्ट्र का निर्माण भी




## खबर संक्षेप

### योगा एक्सप्रेस से महिला यात्री का सामान चोरी

**गुरुग्राम।** दिल्ली-रेवाड़ी रूट पर चल रही योगा एक्सप्रेस के सेकेंड एसी कोच में सफर कर रहे एक परिवार का बैग चोरी हो गया। जीआरपी थाना पुलिस को दी शिकायत में राजस्थान के अजमेर निवासी सीमा शर्मा ने बताया कि वह 25 फरवरी को ट्रेन नंबर-19031 योगा एक्सप्रेस के कोच नंबर ए-1 में सीट नंबर 21 व 22 अपर बर्थ पर अपने परिवार वालों के साथ किशनगढ़ से हरिद्वार तक की यात्रा कर रही थी। 26 फरवरी को सुबह करीब 3.43 बजे गुडग़ांव रेलवे स्टेशन पर उनका हैंडबैग गायब मिला। हैंडबैग में 58 हजार नकदी, सोने की दो बालियां, परिवार के आधार कार्ड, चार डेबिट कार्ड, कार व स्कूटी की आरसी, लाइसेंस व अन्य सामान था।

### बस ने स्कूटी सवार इंजीनियर को कुचला

**गुरुग्राम।** फर्रुखनगर थाना एरिया के सुल्तानपुर झील के निकट तेज रफ्तार बस ने स्कूटी सवार इंजीनियर को कुचल दिया। हादसे में इंजीनियर की मौत हो गई, जबकि चालक बस को मौके से लेकर फरार हो गया।भिवानी के सिवानी का रहने वाला कुलदीप वर्मा सिविल इंजीनियर था। वह गुरुग्राम की कंपनी में कार्यरत था और गढ़ी हरसरू में रहता था। बीती 24 मार्च को कुलदीप स्कूटी लेकर गढ़ी हरसरू से फर्रुखनगर साइट पर जा रहा था। सुल्तानपुर झील के निकट एक सवारी बस तेज रफ्तार से आई और उसकी स्कूटी को सीधी टक्कर मार दी।

### होटल में रूम बुकिंग के नाम पर ठगी

**गुरुग्राम।** साइबर क्राइम साउथ थाना एरिया में होटल में रूम बुकिंग के नाम पर आईटी कर्मी से 36 हजार रुपए की ठगी करने का मामला सामने आया है। पीड़ित ने वेबसाईट पर होटल के रिव्यू देखने के बाद ही रुपए ट्रांसफर किए थे। पुलिस को दी शिकायत में गुडग़ांव के सेक्टर-72 में रहने वाले रजनीश ने कहा कि वे आईटी कंपनी में काम करते हैं। उन्होंने फरवरी माह में फैमिली के साथ केरला घूमने का कार्यक्रम बनाया था। जिसके लिए उन्होंने तीन रात के लिए गूगल पर होटल सर्च किया। गूगल पर दिखाए गए द फॉग रिसॉर्ट नामक होटल के रिव्यू देखे गए तो लोगों के अच्छे अनुभव दिखाए गए थे।

### साइबर ठगी क आरोप 24 गिरफ्तार, केस

**गुरुग्राम।** लोगों को प्रॉफिट कमाने का लालच देकर शेयर मार्केट में निवेश कराने, डिजिटल अरेस्ट व ट्रेडिंग कराने के नाम पर साइबर ठगी करने वाले 24 आरोपियों को गुरुग्राम पुलिस ने गिरफ्तार किया है। गुरुग्राम पुलिस द्वारा आरोपियों से बरामद किए नौ मोबाइल फोन का इंडियन साइबर क्राइम कोर्डिनेशन सेंटर से डाटा की जांच कराने के बाद इनकी वारदातों के बारे में जानकारी मिली।

# शहीद अजय को अंतिम विदाई देने उमड़ा जनसैलाब, एक साल की बेटी के साथ श्मशान घाट पहुंची पत्नी, परिवार के तीसरे शहीद

■ शहीद की सात किमी. की तिरंगा यात्रा में लग गए दो घंटे ■ दुकानदारों ने दुकानें बंद रखी, फसल कटाई छोड़ किसानों ने बरसाए फूल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

जिले के गांव संडोल निवासी शहीद जवान अजय का पूरे पुलिस सम्मान के साथ अंतिम संस्कार कर दिया गया। जब उनके चचेरे भाई ने उन्हें मुखाग्नि दी तो गांव का पूरा माहौल गमगीन हो गया। शहीद की पत्नी भी अपनी एक साल की बेटी के साथ श्मशान घाट पहुंची। उन्हें गांव की महिलाओं ने संभाला। जवान के अंतिम संस्कार के वक्त हर ग्रामीण की आंखें नम देखी गई।

अग्रोहा खंड के गांव संडोल निवासी लगभग 32 वर्षीय जवान अजय गत 23 मार्च को पश्चिम बंगाल के सिलीगुड़ी में शहीद हो गए थे। ग्रामीणों के मुताबिक जवान की दिमाग की नस फट गई थी लेकिन अभी इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। अजय लगभग सात साल पहले बॉर्डर रोड ऑर्गेनाइजेशन (बीआरओ) में भर्ती हुए थे। अजय दो बहनों के इकलौते भाई थे। शहीद अजय पिछले साल दिसंबर महीने में जानकार की शादी के लिए छुट्टी आए थे। इस दौरान वह पत्नी को भी अपने साथ ले गए थे।अजय रक्षा मंत्रालय के अधीन बॉर्डर रोड आर्गेनाइजेशन में मार्च 2019 में भर्ती हुए थे। बॉर्डर रोड ऑर्गेनाइजेशन दुर्गम इलाकों में सड़कें बनाने सहित अन्य काम करता है। अजय इन दिनों पश्चिम बंगाल के सिलीगुड़ी में परियोजना स्वास्तिक के तहत राष्ट्रीय राजमार्ग की मरम्मत का काम कर रहे थे और 23 मार्च को काम करते वक्त वह शहीद हो गए। पश्चिम बंगाल से दिल्ली तक हेलिकॉप्टर में उनका पार्थिव शरीर लाया गया। इसके बाद जवान दिल्ली से एंबुलेंस में पार्थिव शरीर को लेकर मंगलवार शाम हिसार पहुंचे लेकिन शाम होने की वजह से उनका अंतिम संस्कार नहीं किया गया और पार्थिव शरीर को अग्रोहा मेडिकल कॉलेज की मॉर्च्युरी में रखवाया गया। बुधवार सुबह सेना के खुले वाहन में जवान के पार्थिव शरीर को रखकर लंबे काफिले के साथ तिरंगा यात्रा निकालते हुए घर तक लाया गया। ये सफर सात किलोमीटर का था, जिसे तय करने में दो घंटे लग गए। इस दौरान रास्ते में दुकानदारों ने दुकानें बंद कर और किसानों ने फसल काटना छोड़ शहीद के पार्थिव शरीर पर फूल बरसाए।


**हिसार।** जवान को श्रद्धांजलि देते हुए तहसीलदार अनिल कुमार।


**हिसार।** श्मशान घाट पहुंची वीरागांना को संभालती महिलाएं।


**हिसार।** शहीद के अंतिम संस्कार के अवसर पर ग्रामीण।

**संडोल की आबादी 1800, गांव के 40 फौजी सरहद पर तैनात :** संडोल की आबादी करीब 1800 है। यहां के युवाओं में देश सेवा का जज्बा और जुनून है। सरपंच सुरजीत मिठारवाल के अनुसार गांव के करीब 40 फौजी देश की सेवा कर रहे हैं। उनके गांव के सबसे पहले शहीद कीर्ति चक्र से सम्मानित श्रवण हुए हैं। दूसरे पर सोमवीर और अब तीसरे अजय हुए हैं, जो कि एक ही परिवार के हैं।

# वक्फ बोर्ड की भूमि को लेकर सीवन के मलिकपुर में तनाव, अलर्ट पर अधिकारी

■ कब्रिस्तान की चारदीवारी करने का विरोध कर रहे ग्रामीण ■ लोग बोले, मामला अदालत में, माहौल खराब करने का आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल

■ डीएसपी व अन्य अधिकारियों ने दोनों पक्षों के साथ की बैठक

सीवन क्षेत्र के गांव मलिकपुर में वक्फ बोर्ड की दो एकड़ जमीन को लेकर विवाद लगातार बढ़ता जा रहा है। यह जमीन खुराना रोड पर खेल स्टेडियम के पास स्थित है, जिस पर मुस्लिम समाज के लोगों ने अपना कब्रिस्तान बनाया हुआ है। अब इस कब्रिस्तान की चारदीवारी निकालने का कार्य शुरू होने वाला है, जिसका ग्रामीणों ने विरोध किया है। इस मुद्दे को लेकर गांव में भारी तनाव का माहौल बन गया है और किसी भी अप्रिय स्थिति से बचने के लिए जिला प्रशासन और पुलिस ने मौके पर पहुंचकर स्थिति को नियंत्रण में रखा। विवाद की गंभीरता को देखते हुए जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन ने मौके पर पहुंचकर हालात का जायजा लिया। गुहला डीएसपी कुलदीप सिंह और सीवन एसएचओ कुलदीप देशवाल ने मौके पर पहुंचकर स्थिति का मुआयना किया और ग्रामीणों से शांति बनाए रखने की अपील की। इसके अलावा, जिला प्रशासन की ओर से गुहला एसडीएम कैप्टन परमेश सिंह और सीवन बीडीपीओ नेहा शर्मा भी मौके पर मौजूद रहीं। ग्रामीणों ने प्रशासन को स्पष्ट चेतावनी दी कि यदि वक्फ बोर्ड की जमीन पर कब्रिस्तान की चारदीवारी निकाली गई तो गांव में सांप्रदायिक तनाव भड़क सकता है। ग्रामीणों ने कहा कि जब तक अदालत में मामला विचाराधीन है, तब तक इस जमीन पर कोई निर्माण नहीं होना चाहिए। ग्रामीणों ने प्रशासन को चेतावनी दी कि यदि प्रशासन ने जबरन चारदीवारी निकालने की कोशिश की तो गांव का माहौल खराब हो सकता है। गांव की सरपंच परमजीत कौर के पति तरसेम सिंह ने बताया कि उन्होंने इस मामले को लेकर जिला प्रशासन को ग्राम पंचायत का लिखित प्रस्ताव भी दिया हुआ है। प्रस्ताव में कहा गया है कि जब तक कोर्ट का फैसला नहीं आ जाता, तब तक कब्रिस्तान की चारदीवारी न निकाली जाए। उन्होंने कहा कि यदि चारदीवारी निकाली जाती है, तो इससे गांव में सांप्रदायिक तनाव उत्पन्न हो सकता है और हालात बिगड़ सकते हैं। ग्रामीणों का कहना है कि यह विवादित जमीन 1984 से पहले ग्राम पंचायत के नाम थी, लेकिन बाद में यह वक्फ बोर्ड के नाम दर्ज हो गई। ग्रामीणों का आरोप है कि यह जमीन किस प्रक्रिया के तहत वक्फ बोर्ड के पास चली गई।


**कैथल।** एसडीएम व अन्य अधिकारी ग्रामीणों से साथ बैठक करते हुए।

### कोर्ट के फैसले तक नहीं होगा निर्माण

पंचायत के बाद प्रशासनिक अधिकारियों ने ग्रामीणों को आश्वासन दिया कि जब तक कोर्ट से इस मामले में कोई स्पष्ट फैसला नहीं आता, तब तक कब्रिस्तान की चारदीवारी का कार्य नहीं किया जाएगा। अधिकारियों ने गांववासियों से शांति बनाए रखने की अपील की और कहा कि सभी पक्षों की भावनाओं का सम्मान करते हुए ही निर्णय लिया जाएगा।

## ऑपरेशन के बाद कोमा में गई महिला की मौत पर हंगामा


**रेवाड़ी।** मौत के बाद अस्पताल के बाहर मौजूद परिजन।

**रेवाड़ी।** मॉडल टाउन में एक प्राइवेट अस्पताल में पथरी का ऑपरेशन कराने के बाद महिला कौमा में चली गई। सर्जन ने खुद ही उसे दूसरे अस्पताल में दाखिल कराया। बाद में परिजन उसे एक अन्य अस्पताल में ले गए। बुधवार को उपचार के दौरान महिला की मौत हो गई। परिजनों ने इलाज में लापरवाही का आरोप लगाते हुए सीएम से लेकर सीएमओ तक को पत्र लिखकर कार्रवाई की मांग की है। सीएम के नाम प्रेषित पत्र में नूंह के बैसी गांव निवासी मुकेश सिंह ने बताया कि उसकी पत्नी 45 वर्षीय सीमा को पथरी थी। उसे पथरी के इलाज के लिए 22 मार्च को डा. वेदप्रकाश हास्पिटल में दाखिल कराया गया था। डॉक्टर ने सभी जांच ठीक बताते हुए रात को करीब 1 बजे ऑपरेशन किया था। ऑपरेशन के बाद सीमा को ज्यादा दर्द की शिकायत होने पर स्टाफ नर्स ने उसे इंजेक्शन दिया था। उसके बाद सीमा की हालत बिगड़ गई। मुकेश ने बताया कि सुबह करीब 3 बजे सीमा को दूसरे अस्पताल में शिफ्ट कर दिया गया। डा. वेदप्रकाश ने आश्वासन दिया था कि मरीज को करीब 24 घंटे में होश आ जाएगा, परंतु उसे होश नहीं आया। वह कौमा में चली गई। 24 मार्च को डॉक्टरों ने उसे कहा कि वह मरीज को कहीं और ले जा सकता है। वह अपनी पत्नी को शहर के एक अन्य अस्पताल में ले गया। बुधवार सुबह डॉक्टर ने सीमा को मृत घोषित कर दिया गया।

## 3 करोड़ की हेरोइन सहित तस्कर गिरफ्तार, केस

■ आरोपी पंजाब से खरीदकर लाया था नशा, सिरसा में करना था सप्लाई

**सिरसा।** सीआईए ऐलनाबाद पुलिस टीम ने गश्त के दौरान गांव मुसाहिबवाला क्षेत्र से बाइक सवार एक युवक को करीब 3 करोड़ रुपए की 604 ग्राम हेरोइन सहित गिरफ्तार किया है। डीएसपी आदर्शदीप ने बताया कि सीआईए ऐलनाबाद पुलिस की एक टीम गश्त के दौरान गांव पनिहारी क्षेत्र में मौजूद थी। इसी दौरान पुलिस पार्टी को महत्वपूर्ण सूचना मिली कि पंजाब की ओर से बाइक सवार एक युवक हेरोइन लेकर सिरसा की ओर आ रहा है, जिस पर पुलिस टीम ने गांव मुसाहिबवाला क्षेत्र में नाकाबंदी कर वाहनों की चेकिंग शुरु कर दी। इसी दौरान सरदूलगढ़ पंजाब की ओर से एक बाइक सवार युवक वहां आया जो पुलिस को देखकर वहां से फरार होने की कोशिश करने लगा। शक के आधार पर पुलिस ने बाइक सवार युवक को काबू कर उसकी तलाशी ली तो उसके कब्जे से करीब 3 करोड़ रुपए की 604 ग्राम हैरोइन बरामद हुई। आरोपी की पहचान जसविंद्र सिंह उर्फ जस्सा पुत्र सुच्चा सिंह निवासी खैरांकलां, थाना सरदूलगढ़, जिला मानसा, पंजाब के रूप में हुई है। डीएसपी ने बताया कि उन्होंने बताया कि गिरफ्तार किए गए युवक के खिलाफ थाना सदर सिरसा में मादक पदार्थ अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है। आरोपी युवक ने प्रारंभिक पूछताछ में बताया कि वह यह हैरोइन पंजाब से खरीद कर लाए था।



## भीम हत्याकांड के दोषी को उम्रकैद

**कैथल।** सेशन जज रितु वाईके बहल ने हत्या के एक मामले में दोषी सुनील उर्फ झब्बल निवासी गांव सिसमोर को उम्र कैद और 1 लाख 5 हजार रुपए जुर्माने की सजा सुनाई है। जुर्माना न देने पर 6 महीने की अतिरिक्त सजा काटनी होगी। अदालत ने जुमार्ना राशि में से एक लाख रुपए पीड़ति परिवार को मुआवजे के तौर पर देने के आदेश भी दिए हैं। इस बारे में गोविंद निवासी गांव से सिसमोर ने थाना तितरम में 18 जून 2022 को मामला दर्ज करवाया था। अभियोजन पक्ष की ओर से केस की पैरवी डीडीए जसबीर ढांडा ने की। जसबीर ढांडा ने बताया कि 18 जून 2022 को शिकायतकर्ता गोविंद व उसके पिता भीम सिंह खेत में काम करने गए थे। उनके खेत के साथ लगते खेत जयपाल, प्रदीप, मंदीप व सुनील, संदीप निवासी सिसमौर के हैं। जयपाल, प्रदीप, मन्दीप, सुनील व संदीप अपने खेत के पास सांझी मेड पर काम कर रहे थे। इस पर भीम सिंह ने सांझी मेड को काटने का विरोध किया तो उसको जयपाल ने पकड़ लिया और सुनील, संदीप, मंदीप, प्रदीप ने भीम सिंह को कस्सी, गंडासी, डंडे मारे। शोर सुनकर गोविंद व सोनु मौके पर आए तो सभी आरोपी मौके से भाग गए। इसके बाद वे भीम सिंह को ईलाज के लिये सरकारी अस्पताल कैथल ले जहां ईलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

### एक मामले की जांच के लिए टीम जा रही थी पंजाब के लुधियाणा डबवाली के पास भीषण हादसा

# ट्रक और पुलिस की गाड़ी में भिड़ंत गुजरात के तीन कर्मचारियों की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ डबवाली

■ एक घायल की हालत गंभीर, ट्रक चालक वाहन सहित फरार

भारतमाला एक्सप्रेस वे पर डबवाली के समीप बुधवार सुबह हुए एक सड़क हादसे में गुजरात पुलिस के दो जवानों सहित तीन लोगों की मौत हो गई और एक गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसा भारतमाला रोड पर गांव सकताखेड़ा के पास हुआ, जहां सुबह करीब साढ़े पांच बजे संगरिया की तरफ से आ रही गुजरात पुलिस की एक गाड़ी की एक ट्रक से टक्कर हो गई। हादसे के बाद ट्रक चालक अपने वाहन सहित मौके से फरार हो गया इस सम्बन्ध में चौकी चौटाला प्रभारी सब इंस्पेक्टर आनन्द कुमार ने बताया कि गुजरात पुलिस की सरकारी गाडी नंबर जीजे-18जीबी-7819 पर थाना रामोल, अहमदाबाद सिटी से पीएसआई जयेंद्र सिंह एक मामले की जांच के सम्बन्ध में पंजाब के लुधियाना जा रहे थे। जैसे ही इनकी गाडी डबवाली इलाके में में सक्ताखेड़ा गांव से कुछ आगे एक पैट्रोल पम्प के पास पहुंची तो सामने एक ट्रक जो लाईन चेंज कर रहा था, उससे भयानक टक्कर हो गई। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची।उन्होंने बताया कि हादसे में गुजरात पुलिस के दो कर्मचारियों सुनील पुत्र शांति लाल,रविन्द्र पुत्र अरूण (होमगार्ड) व एक कॉन्ट्रैक्ट कर्मचारी घनश्याम सहित तीन की मौके पर मौत हो गई। जबकि एक पीएसआई जयेंद्र गंभीर रूप से घायल हो गया। उसको एम्स अस्पताल, बठिंडा में भर्ती करवाया गया है । उन्होंने बताया कि आरोपी ट्रक चालक के खिलाफ मामला दर्ज करके उसकी तलाश की जा रही है।


**डबवाली।** हादसे के बाद क्षतिग्रस्त वाहन।

### रेवाड़ी से हिसार जा रही मालगाड़ी के ड्राइवर ने शव देखकर ट्रेन रोकी, पुलिस को दी सूचना


# तीन साल की मासूम की हत्या का शव रेलवे ट्रेक पर फेंका, नहीं हुई पहचान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोसली

■ जांच में जुटी जीआरपी, मौके पर बुलाई सीन आफ क्राइम की टीम

रेवाड़ी-भठिंडा रेल मार्ग पर कोसली रेलवे स्टेशन से कुछ दूर मंगलवार रात करीब एक बजे तीन साल की मासूम बच्ची का शव मिला है। हत्या करने के बाद शव रेलवे लाइन के बीच डाला गया है। जीआरपी ने शव को कब्जे में लेकर सीन ऑफ क्राइम टीम को भी मौके पर बुलाया। बाद में शव को शिनाख्त के लिए सामान्य अस्पताल के शव गृह में रखवा दिया। जीआरपी ने हत्या का केस दर्ज करने के बाद जांच शुरू कर दी। रात को रेवाड़ी से हिसार की ओर जा रही मालगाड़ी के चालक ने रेलवे लाइन के बीच एक बच्ची का शव देखकर ट्रेन रोक दी। मालगाड़ी के चालक ने स्टेशन मास्टर को शव की सूचना दी।

स्टेशन मास्टर ने जीआरपी को सूचित किया। इसके बाद जीआरपी के एसएचओ श्यामसिंह मौके पर पहुंच गए। बच्ची के शव को कब्जे में लेते हुए सीन ऑफ क्राइम टीम को मौके पर बुलाया। टीम ने मौके से साक्ष्य जुटाए। बुधवार सुबह जीआरपी ने बच्ची की पहचान कराने के लिए आसपास के एरिया में सूचना प्रेषित कराई, परंतु मृतका की पहचान नहीं हो सकी। जीआरपी ने शव को पहचान के लिए शव गृह में रखवा दिया। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।


**कोसली।** ट्रेक पर पड़ा बच्ची का शव।

### आसपास के थानों में भेजी सूचना

जीआरपी के एसएचओ श्यामसिंह ने बताया कि प्रथम दृष्टया यह मामला हत्या का नजर आ रहा है। बच्ची की कहीं और हत्या करने के बाद शव यहां लाकर डाला गया है। आसपास के थानों और जीआरपी थानों को शव मिलने की सूचना प्रेषित की गई है, ताकि गुमशुदा बच्ची के बारे में पता लगाया जा सके। उन्होंने बताया कि हत्या का केस दर्ज करने के बाद मामले की जांच शुरू की गई है। शव की पहचान के बाद गुत्थी सुलझाने में आसानी होगी।

- उद्योग निवेश व्यय व उपभोक्ता मांग के बीच संबंध पहचाने
- आयकर में राहत से नीतिगत दर में कटौती से उपभोग में अंतर आएगा
- निजी क्षेत्र को क्षमता विस्तार की दिशा में निवेश करना चाहिए

## वित्त मंत्रालय ने मासिक आर्थिक समीक्षा के फरवरी संस्करण में कहा

# निजी निवेश में तेज वृद्धि से वैश्विक जोखिमों से पार पा सकता है भारत

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

वित्त मंत्रालय ने बुधवार को कहा कि निजी निवेश में तेजी लाने की जरूरत है। इससे देश को बाहरी कारणों से वृद्धि के रास्ते में उत्पन्न जोखिमों को दूर करने में मदद मिल सकती है। मंत्रालय ने एक रिपोर्ट में कहा कि निजी क्षेत्र को भारतीय अर्थव्यवस्था में मजबूती और इसके निरंतर वृद्धि परिदृश्य से राहत मिलनी चाहिए।

आर्थिक मामलों के विभाग की तरफ से जारी मासिक आर्थिक समीक्षा के फरवरी संस्करण में कहा गया, ''यह आवश्यक है कि उद्योग अपने निवेश व्यय और उपभोग मांग के बीच सह-संबंध को पहचाने। रिपोर्ट के मुताबिक, आयकर में राहत और भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के नीतिगत दर में कटौती से उपभोग में तेजी आने की उम्मीद है।

### निजी क्षेत्र विस्तार क्षमता पर करे निवेश

निजी क्षेत्र को इन कदमों से संकेत लेना चाहिए और क्षमता विस्तार की दिशा में निवेश करना शुरू करना चाहिए। इसमें कहा गया है कि भारत की ठोस बुनियाद और आर्थिक संभावनाओं पर केंद्रित घरेलू निजी क्षेत्र का पूंजी निर्माण वित्त वर्ष 2025-26 में आर्थिक वृद्धि का एक महत्वपूर्ण चालक होगा।



### विदेशी मुद्रा भंडार पर्याप्त

विदेशी मुद्रा भंडार 11 महीने से अधिक के आयात बिल को पूरा करने के लिए पर्याप्त है। रिपोर्ट में कहा गया है कि वैश्विक अर्थव्यवस्था वैश्विक स्तर पर तनावों और व्यापार नीति गतिविधियों से उत्पन्न अनिश्चितता से प्रभावित है। इसमें कहा गया है कि वैश्विक चुनौतियों के बावजूद, वित्त वर्ष 2024-25 की तीसरी तिमाही में आर्थिक वृद्धि में तेजी आई, जो निजी खपत में सुधार और मुख्य वस्तुओं (गैर-तेल, गैर-सर्राफा) के निर्यात में वृद्धि के कारण हुई।

### कृषि गतिविधियों में तेजी से ग्रामीण मांग को समर्थन

रिपोर्ट के अनुसार, ''कृषि गतिविधियों में तेजी से ग्रामीण मांग को समर्थन मिला है। आर्थिक गतिविधियों के बारे में बताने वाले महत्वपूर्ण आंकड़ें वित्त वर्ष 2024-25 की चौथी तिमाही में बेहतर विकास गति का संकेत देते हैं। इन आंकड़ों में ईवे बिल में वृद्धि दहाई अंक में है और पीएमआई सूचकांक में विस्तार जारी है।''

### आर्थिक मजबूती को लेकर विश्वास बढ़ा

मंत्रालय के अनुसार, केंद्रीय बजट में दीर्घकालिक विकास को गति देने के उपायों और सुधारों पर ध्यान दिया गया है, जो कि विकसित भारत की महत्वाकांक्षा के इर्द-गिर्द है। यह महत्वपूर्ण वैश्विक अनिश्चितताओं के बीच घरेलू आर्थिक मजबूती को लेकर भरोसे को बढ़ाता है।

### खाद्य मुद्रास्फीति में गिरावट आई

रिपोर्ट में मुद्रास्फीति के बारे में कहा गया है कि खाद्य मुद्रास्फीति में गिरावट के कारण फरवरी, 2025 में यह सात महीने के निचले स्तर पर आ गई है। वित्त वर्ष 2024-25 में खाद्यान्नों के रिकॉर्ड उत्पादन की उम्मीद से आने वाले महीनों में खाद्य मुद्रास्फीति को कम करने में मदद मिलेगी।

### मध्यम वर्ग के पास खर्च करने योग्य पूंजी

रिपोर्ट के अनुसार, ''व्यक्तिगत आयकर ढांचे में प्रस्तावित बदलावों से मध्यम वर्ग के पास खर्च योग्य आय और उनकी खपत में सुधार होने की उम्मीद है। फरवरी में नीतिगत दर में 0.25 प्रतिशत की कटौती के साथ नकदी बढ़ाने के उपाय अधिक उदार मौद्रिक नीति वृद्धि की गति को बढ़ा सकते हैं।''

### प्रमुख वस्तुओं का निर्यात बढ़ा

रिपोर्ट में कहा गया है कि बाह्य मोर्चे पर, प्रमुख वस्तुओं के निर्यात में उल्लेखनीय मजबूती देखने को मिली है, जो वित्त वर्ष 2024-25 (अप्रैल से फरवरी) के दौरान 8.2 प्रतिशत की दर से बढ़ा है। सकल एफडीआई प्रवाह मजबूत बना हुआ है। यह वित्त वर्ष 2024-25 (अप्रैल से जनवरी) के दौरान 12.4 प्रतिशत बढ़ा है।

**एयरलाइन प्रति सप्ताह भरेगी 25,610 उड़ानें:** मुंबई। भारतीय एयरलाइन कंपनियां इस साल ग्रीष्मकालीन कार्यक्रम के तहत प्रति सप्ताह कुल 25,610 उड़ानों का परिचालन करेंगी। नागर विमानन महानिदेशक ने यह जानकारी देते हुए कहा कि पिछले साल इस दौरान प्रति सप्ताह 24,275 उड़ानें संचालित हुईं थीं।

## सोने में चार दिन से जारी गिरावट थमी



सोना 235 रुपए चढ़ा ,चांदी में 1,500 रुपए का उछाल

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** मजबूत वैश्विक रुख के बीच राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली के सराफा बाजार में बुधवार को सोने में चार दिन से जारी गिरावट थम गई और इसकी कीमत 235 रुपये बढ़कर 90,685 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गई। अखिल भारतीय सराफा संघ ने यह जानकारी दी। मंगलवार को 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 90,450 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 235 रुपये की तेजी के साथ 90,235 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गया। इसका पिछला बंद भाव 90,000 रुपये प्रति 10 ग्राम था। कारोबारियों ने कहा कि हाल के नुकसान के बाद खुदरा विक्रेताओं की ताजा लिवाली से सोने की कीमतों में सुधार हुआ। उन्होंने कहा कि मजबूत वैश्विक रुझान से भी कारोबारी धारणा में सुधार हुआ। चांदी की कीमतें भी 1,500 रुपये बढ़कर 1,01,500 रुपये प्रति किलोग्राम हो गईं। मंगलवार को चांदी 1,00,000 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी।

## स्वर्ण मौद्रीकरण योजना बंद करने का फैसला

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** सरकार ने बेहतर होती बाजार स्थितियों को ध्यान में रखते हुए स्वर्ण मौद्रीकरण योजना (जीएमएस) को 26 मार्च 2025 से बंद करने का फैसला किया है। मंत्रालय ने कहा कि बैंक एक से तीन साल वाली अपनी अल्पकालिक स्वर्ण जमा योजनाओं को जारी रख सकते हैं। सरकार स्वर्ण मौद्रीकरण योजना के तहत नवंबर, 2024 तक लगभग 31,164 किलोग्राम सोना जुटा चुकी थी। सरकार ने इस योजना की घोषणा 15 सितंबर, 2015 को की थी। इसे लाने का उद्देश्य लंबी अवधि में सोने के आयात पर देश की निर्भरता को कम करने के साथ देश में परिवारों और संस्थानों द्वारा रखे गए सोने को जुटाना था ताकि इसका उपयोग उत्पादक उद्देश्यों के लिए किया जा सके। जीएमएस में अल्पकालिक बैंक जमा (एक-तीन वर्ष), मध्यम अवधि सरकारी जमा (पांच-सात वर्ष) और दीर्घकालिक सरकारी जमा (12-15 वर्ष) के रूप में तीन घटक शामिल हैं।

## शेयर बाजार में तेजी पर विराम, सेंसेक्स 729 अंक टूटा

**मुंबई (एजेंसी)।** स्थानीय शेयर बाजार में बीते सात कारोबारी सत्रों से जारी तेजी पर बुधवार को विराम लगा और बीएसई सेंसेक्स 729 अंक लुढ़क गया। वहीं एनएसई निफ्टी 23,500 अंक से नीचे आ गया। वायदा एवं विकल्प खंड में मासिक अनुबंधों के निपटान से पहले मुख्य रूप से बैंक और आईटी शेयरों में मुनाफावसूली से बाजार नुकसान में रहा। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 728.69 अंक यानी 0.93 प्रतिशत गिरकर 77,288.50 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 822.97 अंक तक लुढ़क गया था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 181.80 अंक यानी 0.77 प्रतिशत की गिरावट के साथ 23,486.85 अंक पर बंद हुआ। जियोजीत इनवेस्टमेंट्स लि. के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, ''हाल की तेजी के बाद बाजार में मुनाफावसूली देखने को मिली। यह मुनाफावसूली अगले सप्ताह अमेरिका में शुल्क दरों की घोषणा से पहले हुई है। औषधि और आईटी जैसे उन क्षेत्रों में कुछ बिकवाली दबाव देखने को मिला, जिनका काफी कारोबार अमेरिकी बाजार से जुड़ा है।

## दूसरे देशों में बसना चाहते हैं भारत के 22% 'अमीर'

**मुंबई (एजेंसी)।** देश में कम से कम 22 प्रतिशत अति धनाढ्य लोग यहां रहने की स्थिति, विदेशों में बेहतर जीवन स्तर और अन्य देशों में कारोबार सुगमता जैसे कारणों से भारत के बारह बसना चाहते हैं।

### गोल्डन वीजा योजना पसंदीदा

अति धनाढ्य 150 व्यक्तियों के बीच किए गए सर्वेक्षण में पाया गया कि अमेरिका, ब्रिटेन, ऑस्ट्रेलिया, कनाडा और यहां तक कि संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) अपनी 'गोल्डन वीजा' योजना के कारण उनके पसंदीदा गंतव्य हैं, जहां अमीर लोग बसना पसंद करते हैं। देश की अग्रणी संपत्ति प्रबंधक कंपनी कोटक प्राइवेट ने परामर्श कंपनी ईवाई के साथ मिलकर यह सर्वेक्षण किया है। विदेश मंत्रालय के अनुसार, हर साल 25 लाख भारतीय दूसरे देशों में बसने चले जाते हैं।

**भारतीय नागरिकता बरकरार रखना चाहते हैं :** इसके निष्कर्षों में कहा गया, सर्वेक्षण में शामिल पांच में से एक अति धनाढ्य व्यक्ति वर्तमान में प्रवास की प्रक्रिया में है या प्रवास की योजना बना रहा है। उनमें से अधिकतर अपनी भारतीय नागरिकता बरकरार रखते हुए अपनी पसंद के देश में स्थायी रूप से निवास करना चाहते हैं।

**भारतीय केवल 2,50,000 डॉलर ही निकाल सकते हैं :** गावनकर ने कहा कि भारत में रहने वाला एक भारतीय नागरिक प्रति वर्ष केवल 2,50,000 अमेरिकी डॉलर ही निकाल सकता है, जबकि एक प्रवासी को 10 लाख अमेरिकी डॉलर की अनुमति है जिससे यह सुनिश्चित होता है कि पूंजी देश से बाहर नहीं जाएगी।

**जीवनशैली में सुधार चाहते हैं :** इसमें कहा गया, वे जीवन स्तर, स्वास्थ्य देखभाल समाधान, शिक्षा या जीवनशैली में सुधार चाहते हैं। दो-तिहाई से अधिक लोगों ने कारोबार सुगमता को भी इसकी मुख्य वजह बताया। सर्वेक्षण में शामिल लोगों ने प्रवास के निर्णय को ''भविष्य में निवेश'' बताते कहा कि अपने बच्चों के लिए उत्कृष्ट उच्च शिक्षा की चाहत उन्हें यह विकल्प चुनने के लिए प्रेरित करती है।

**पूंजी बाहर जाने की सीमा तय है :** गावनकर ने कहा कि स्थानांतरण के निर्णय को देश से पूंजी के बाहर जाने के रूप में नहीं देखा जाना चाहिए। पूंजी के बाहर जाने की सीमा तय करने से यह सुनिश्चित होता है कि यदि कोई व्यक्ति अपना निवास स्थान बदलता है तो धन बाहर नहीं जाएगा।

## मंडल रेल प्रबंधक, खोरधारोड द्वारा 4 कर्मचारी संरक्षा पुरस्कार से सम्मानित

**बिलासपुर।** खोरधारोड के मंडल रेल प्रबंधक, एच.एस. बाजवा ने मंडल के चार रेल कर्मचारियों को उनकी ईमानदारी और कर्तव्य के प्रति समर्पण के लिए सुरक्षा पुरस्कारों से सम्मानित किया। उन्होंने इन रेल कर्मचारियों के अटूट समर्पण की सराहना की और कहा कि कर्तव्यों का पालन करते समय सतर्क, सावधान और अपनी जिम्मेदारियों के प्रति समर्पित रहें। इन पुरस्कार विजेताओं में से सुनंद कुमार बेहरा, स्टेशन प्रबंधक, जोरन्दा और टेकी श्रीनिवास राव, तकनीशियन-I/पलासा हैं। इन दोनों कर्मचारियों की सतर्कता और सूझबूझ से ट्रेनों का सुरक्षित और कुशल संचालन सुनिश्चित किया गया। तीसरा सम्मान खोरधारोड के मुख्य नियंत्रक, डी. रमेश बारिकी को प्रदान किया गया। वह ट्रेन पासिंग स्टाफ को संरक्षा परामर्श प्रदान करके अपने कर्तव्य के प्रति ईमानदार हैं और चौथे पुरस्कार विजेता



खोरधारोड के संरक्षा अनुदेशक, सुकेंद्र बेहरा हैं। जिन्होंने आपदा प्रबंधन योजनाओं की समय पर तैयारी, रात में फूट प्लेट निरीक्षण एवं जोनल, इंटर जोनल संरक्षा लेखा परीक्षा निरीक्षणों में सहायता करने में तत्पर हैं। मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय के कॉन्फ्रेंस हॉल में आयोजित सम्मान समारोह में पी. के. बेहरा, अपर मंडल रेल प्रबंधक (परिचालन), शुभ्रज्योति मंडल, अपर मंडल रेल प्रबंधक (इन्फ्रा), नमोनारायण मीना और अन्य शाखा अधिकारी उपस्थित थे।

## सब छूट गए पीछे, जेएसडब्ल्यू स्टील बनी विश्व की सबसे वैल्यूएबल स्टील कंपनी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** जेएसडब्ल्यू स्टील ने दुनिया की सभी स्टील कंपनियों को पछाड़ दिया है। मार्केट कैप की बात की जाए तो ये दुनिया में सबसे आगे निकल चुकी है। इसका मार्केट कैप ढाई लाख करोड़ के ऊपर आ गया है। सज्जन जिंदल की अगुवाई वाली कंपनी जेएसडब्ल्यू स्टील दुनिया की सबसे वैल्यूएबल स्टील कंपनी बन गई है। जेएसडब्ल्यू स्टील का मार्केट कैप 2.5 लाख करोड़ रुपए के पार निकलते हुए सेल और टाटा स्टील दोनों के कुल मार्केट कैप से आगे निकल गया है। जेएसडब्ल्यू स्टील निप्पॉन स्टील और आर्सेलर मित्तल से भी आगे निकल गई है। भारतीय स्टील इंडस्ट्री में कंपनी की बादशाहत और मजबूत हो गई है।

## सूचना

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

## राशिफल

**मेष:** कार्यक्षेत्र में परिश्रम की अधिकता रहेगी। आय में व्यवधान आ सकते हैं, खर्चों में वृद्धि होगी। परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान की यात्रा पर जा सकते हैं।

**वृष:** कार्यों के प्रति उत्साह रहेगा, परंतु बातचीत में संतुलित रहें। मन अशांत रहेगा, धर्म-कर्म के प्रति रूझान बढ़ेगा। खर्चों में वृद्धि होगी,स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें।

**मिथुन:** अपनी भावनाओं को वश में रखें, आत्मविश्वास में कमी आएगी। क्रोध के अतिरेक से बचें, पारिवारिक जिम्मेदारी बढ़ सकती है।

**कर्क:** आत्मविश्वास में कमी आएगी, शांत रहें। सुस्वाद खान-पान में रुचि बढ़ेगी,संचित धन में कमी आएगी, लेखनादि, बौद्धिक कार्यों से धर्नाजन हो सकता है।

**सिंह:** पठन-पाठन में रुचि रहेगी, पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। नौकरी में तरक्की के अवसर मिलेंगे, संपत्ति का विस्तार हो सकता है।

**कन्या:** नौकरी में परिवर्तन के साथ दूसरे स्थान पर भी जाना पड़ सकता है। आयात-निर्यात कारोबार में लाभ के अवसर प्राप्त होंगे।

**तुला:** आलस्य की अधिकता रहेगी, घर-परिवार की सुख सुविधाओं का विस्तार होगा। जीवन साथी से मनमुटाव हो सकता है। परिश्रम की अधिकता रहेगी।

**वृश्चिक:** वाणी में कठोरता के भाव रहेंगे,वस्त्रों आदि के प्रति रूझान बढ़ेगा। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। संचित धन में वृद्धि होने के योग बन रहे हैं।

**धनु:** रहन-सहन में असहज रहेंगे, मीठे खान-पान की ओर रूझान बढ़ेगा। संपत्ति से आय में बढ़ोत्तरी हो सकती है, नौकरी में स्थान परिवर्तन संभव है।

**मकर:** आत्मविश्वास से परिपूर्ण रहेंगे, अध्ययन में रूचि रहेगी। संपत्ति के रखरखाव पर खचें बढ़ सकते हैं। चिकित्सा कार्यों में खर्च बढ़ सकते हैं।

**कुंभ:** परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान की यात्रा पर जाना हो सकता है। खान-पान के प्रति सचेत रहें, स्वास्थ्य में गड़बड़ी हो सकती है।

**मीन:** रहन-सहन कष्टकारी हो सकता है, अफसरों का सहयोग मिलेगा। परिवार का भी सहयोग मिलेगा, वस्त्रों आदि पर खर्चों में वृद्धि हो सकती है।


## सूचना

मैं, काजल पुत्र श्री राजेश निवासी मकान नंबर 1127/3, नजदीक पुराना बस स्टैण्ड, रोहतक बयान करती हूं कि मेरी माता श्रीमती लक्ष्मी पत्नी राजेश मेरे कहने-सुनने से बाहर है। इसलिये मैं इससे संबंध विच्छेद करती हूं। इससे लेन-देन, व्यवहार करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

## सूचना

मैं, जोशना पत्नी श्री सुरेन्द्र निवासी गांव नौनन्द तह. सांपला, जिला रोहतक बयान करती हूं कि मेरा सही नाम जोशना (JOSHANA) है जो मेरी आईडी में जोशना (JOSHNA) दर्ज हो गया है। जोशना (JOSHANA) और जोशना (JOSHNA) एक ही औरत के दो नाम हैं। भविष्य में मुझे जोशना (JOSHANA) के नाम से जाना जाए।

## सूचना

मैं, विजेन्द्र कुमार पुत्र श्री मूल चन्द निवासी मकान नंबर 1127/3, नजदीक पुराना बस स्टैण्ड, रोहतक हाल आबाद 163, सैक्टर-21, पंचकूला बयान करता हूं कि मेरे भाई की पत्नी श्रीमती लक्ष्मी पत्नी राजेश मेरे कहने-सुनने से बाहर है। इसलिये मैं इससे संबंध विच्छेद करता हूं। इससे लेन-देन, व्यवहार करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

## नीलामी सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि हरियाणा राज्य परिवहन रोहतक व इसके अधीन आने वाले बस स्टैण्ड सांपला, कलानौर की दुकानों की आम सार्वजनिक नीलामी दिनांक 20.03.2025 व 26.03.2025 को रोहतक बस स्टैण्ड पर कर्मशाला प्रांगण में की गई थी। अब जो दुकाने दिनांक 20.03.2025 व 26.03.2025 को नीलामी नहीं हुई अब उन बची हुई दुकानो की आम सार्वजनिक बोली पुनः दिनांक 02.04.2025 को बस स्टैण्ड रोहतक परिसर में खुली बोली के माध्यम से दुकानों की नीलामी वर्ष 2025-2028 तक के लिए की जाएगी। दुकानों का विवरण व पालिसी किसी भी कार्य दिवस पर कार्यालय महाप्रबन्धक हरियाणा राज्य परिवहन रोहतक से प्राप्त किये जा सकते है।

पीआरडीएच-1119/11/617/2025/33329/88/6 दि. 26.03.2025

## पूर्व रेलवे

**निविदा सूचना सं.: एसआईजी_डब्ल्यू_5_पॉलिसी, दिनांक 21.03.2025,** वरिष्ठ मंडल सिग्नल एवं दूरसंचार इंजीनियर, पूर्व रेलवे, मालदा टाउन ऑफिस, मंडल रेल प्रबंधक/पूर्व रेलवे/मालदा टाउन ऑफिस बिल्डिंग, पी.ओ. झलझलिया, जिला-मालदा, पिन-732102 (पश्चिम बंगाल) द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए खुली ई-निविदा आमंत्रित की जाती है: **ई-निविदा सं.: एमएलडीटी_एसएनटी_24-25_26_ओटीआर, दिनांक : 21.03.2025, कार्य का नाम:** ''मालदा मंडल-ट्रैक मशीन साइडिंग्स-27 अदद'' के संबंध में एस एंड टी कार्य। **निविदा मूल्य:** रु. 6,85,18,604.94, **बयाना राशि:** रु. 4,92,600/-, **ई-निविदा जमा देने की तिथि और समय:** दिनांक 21.03.2025 से 14.04.2025 को 11.00 बजे तक। **वेबसाइट का विवरण एवं सूचना पट:** वेबसाइट: **www.ireps.gov.in** और सूचना पट: वरिष्ठ डीएसटीई का कार्यालय, डीआरएम बिल्डिंग, मालदा। MLD-259/2024-25

निविदा सूचना वेबसाइट: www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**Reminder**

**COURT NOTICE**

(U/o 5 Rule 20 CPC)

IN THE COURT OF

**Ms. Nisha**

Additional Civil Judge (Senior Division), Rohtak

**Suresh Kumari wife of Randhir Singh**

**Vs.**

**General Public**

CNR No. HRRH02-000274-2025

Next Date : 21.05.2025

CIS No.SUCC/10/2025

**PUBLICATION ISSUED TO :-**

**General Public**

:-

**India**

In above titled case, the defendant(s)/respondent(s) could not be served. It is ordered that defendant(s) / respondent(s) should appear in person or through counsel on **21.05.2025 at 10:00 a.m.**

For details logon to https://highcourtchd.gov.in/?trs=district_notice&district=Rohtak

Sd/- Additional Civil Judge (Senior Division), Rohtak

Dated, this day of 26.03.2025

खुशखबरी **मार्केट कमेटी हांसी** खुशखबरी

**अतिरिक्त अनाजमण्डी, हांसी में 9 दुकान प्लॉटों की ई-निलामी बारे सूचना**

अतिरिक्त अनाज मण्डी हांसी, दुकान साईज 20X85, ग्रुप I - 19, 20 व 21; ग्रुप II - कार्नर - 1, 15 व 23; ग्रुप III - 3, 4 व 5

**ई-निलामी दिनांक : 03-04-2025**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि अतिरिक्त अनाज मण्डी, हांसी में स्थित दुकान प्लॉटों की बिक्री ई-नीलामी के माध्यम से दिनांक 03-04-2025 को ऑनलाईन की जाएगी। ई-नीलामी में भाग लेने हेतु बोलीदाता को वेब- पोर्टल hsamb.procure247.com या www.hsamb.org.in पर Login ID & password लेने के लिए आवेदन करना होगा जिसके लिए 200/- रूपये रजिस्ट्रेशन फीस देय होगी तथा जिसका भुगतान नेट बैंकिंग/डेबिट कार्ड/क्रेडिट कार्ड के माध्यम से किया जा सकता है।

ई-नीलामी के लिए रखे गए प्लाटों व ई-ऑक्शन के बारे में विस्तृत नियम व शर्तें उपरोक्त वैबसाईट्स पर देखी जा सकती हैं।

इच्छुक बोलीदाता इसके सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी हेतु किसी भी कार्य दिवस को प्रातः 10.00 बजे से सायं 05.00 बजे तक कार्यालय मार्केट कमेटी हांसी में सम्पर्क कर सकते हैं।

सचिव एवं कार्यकारी अधिकारी, मार्केट कमेटी हांसी — प्रशासक, मार्केट कमेटी हांसी

**COURT NOTICE**

(U/o 5 Rule 20 CPC)

IN THE COURT OF

**Sh. Prikshit**

Civil Judge (Junior Division), Maham

**Gaini S/o Maman**

**Vs.**

**Jaipal S/o Radha Kishan**

CNR No. HRRHA0-000142-2024

Next Date : 15.04.2025

**PUBLICATION ISSUED TO :-**

**PJD No. 20 Kaushalya W/o Ranbir R/o Village Baali Anandpur, Distt. Rohtak**

**PJD No. 21 Promila W/o Ajit Singh, R/o Village Makroli Khurd, Tehsil and District Rohtak.**

In above titled case, the defendant(s)/respondent(s) could not be served. It is ordered that defendant(s) / respondent(s) should appear in person or through counsel on **15.04.2025 at 10:00 a.m.**

For details logon to https://highcourtchd.gov.in/?mod=district_notice&district=Rohtak

Sd/- Civil Judge (Junior Division), Maham

Dated, this day of 25.03.2025

## हरियाणा सरकार निविदा सूचना

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर निगम रोहतक | गांव पहरावर रोहतक में सामुदायिक केन्द्र का निर्माण। | 20.03.2025 31.03.2025 | 225.00 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9813082444 xenmcrohtak@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in

संवाद-13/2025/40/33335/1/88/6 दि. 26.03.25

## हरियाणा सरकार निविदा सूचना

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | करनाल स्मार्ट सिटी लिमिटेड | कर्ण स्टेडियम सीएएलएल-4 हेतु जिम्नास्टिक उपकरणों की आपूर्ति व स्थापना। | 22.03.2025 07.04.2025 | 4.65 करोड़ | https://etenders.hry.nic.in | 9253206320 smartcitykarnal@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in

संवाद-13/2025/40/33336/1/88/6 दि. 26.03.25

**COURT NOTICE**

(U/o 5 Rule 20 CPC)

IN THE COURT OF

**Ms. Varsha Sharma**

Additional Civil Judge (Senior Division), Ganaur

**MINOR NIKHIL**

**Vs.**

**General Public**

CNR No. HRSOA0-000064-2025

H.m.g.Act/1/2025

Next Date : 08.05.2025

It is prayed that the Honourable Court may kindly be pleased to permit the Petitioners (1.Minor Nikhil 2.Minor Alok 3. Minor Mohit 4. Minor Sudhanshu all sons of Late sh. Dalip Kumar @ Dilip Ram S/o Rajender Parsad, minors through their mother Manorma Devi W/o Dalip Kumar) to sell the property of the minors, as detailed given in para no.1 of the petition, for their welfare and interest and to meet out their day expenses, in the Interest of justice.

**PUBLICATION ISSUED TO :-**

**General Public**

**Ganaur, Tehsil Ganaur, Distt. Sonipat, Haryana.**

In above titled case, the defendant(s)/respondent(s) could not be served. It is ordered that defendant(s) / respondent(s) should appear in person or through counsel on **08.05.2025 at 10:00 a.m.**

For details logon to https://highcourtchd.gov.in/?trs=district_notice&district=Sonipat

Sd/- Additional Civil Judge (Senior Division), Ganaur

Dated, this day of 26.03.2025

## उद्यान विभाग, हरियाणा

**पुष्प एवं बीज उत्पादन तकनीकी उत्कृष्टता केन्द्र, मुनीमपुर (झज्जर)-124105**

**ई-मेल:** coemunimpur@gmail.com

**केन्द्र पर रजनीगंधा (Tuberose) के बल्ब खरीदने हेतू मोहरबन्द कुटेशन आमन्त्रण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि पुष्प एवं बीज उत्पादन तकनीकी उत्कृष्टता केन्द्र, मुनीमपुर, झज्जर पर रजनीगंधा (Tuberose) के बल्ब खरीदने हेतु मोहरबंद कुटेशन आमंत्रित की जाती हैं। इस खरीद हेतू विस्तरित जानकारी इस प्रकार है।

| Sr. No. | Crop | Type | Variety | Rate per Bulb (including all charges) |
|---|---|---|---|---|
| 1. | Tuberose | Double | | |
| 2. | Tuberose | Single | | |


कुटेशन जमा करवाने की अंतिम तिथि 01.04.2025 सांय 4 बजे तक है। अधिक जानकारी के लिए बोलीदाता डॉ० हेमन्त सैनी, विषय वस्तु विशेषज्ञ (8683801977) से सम्पर्क कर सकता है। केन्द्र की आंकलन कमेटी के द्वारा आंकलन करने उपरान्त सबसे कम मूल्य दर वाली कुटेशन को सक्षम प्राधिकारी द्वारा स्वीकृत किया जाएगा। कुटेशन को स्वीकृत अथवा अस्वीकृत करने के सभी अधिकार आंकलन कमेटी के पास होंगे।

बोलीदाता रजनीगंधा के बल्ब के मापदंडों जैसे कि बल्ब का आकार, माप (Proper Bulb Size- Diameter of 2 cm & above) व रोग मुक्त इत्यादि का होना सुनिश्चित करें। यदि कोई बोलीदाता इन मापदंडों के अनुसार रजनीगंधा के बल्ब सप्लाई नहीं करता है तो उसके बिल की अदायगी नहीं की जाएगी।

हस्ता/-विषय वस्तु विशेषज्ञ, पुष्प एवं बीज उत्पादन तकनीकी उत्कृष्टता केन्द्र, मुनीमपुर, झज्जर।

पीआरडीएच-1149/11/793/2025/33323/88/6 दि. 26.03.2025


## शब्द पहेली - 5817




**बाएँ से दाएँ**
1.यश प्राप्त करना-5
5.चतुर, जहीन-5
9.दया, तरस-3
10.कामदेव-3
11.लीन, तल्लीन-2
13.बोली, आवाज-2
14.राजदुर्वा-2
15.एक प्रकार का बिस्किट-2,3
18.मत, सलाह-2
19.जो लायक न हो-4
20.अधीनस्थ-4
21.कहानी, गाथा-2
22.श्रवणेंद्रिय-2
23.कुएं से पानी भरने का चबूतरा-4
26.दान देने वाला-4
29.वरदान, दूल्हा-2
30.पत्नी का नाना-2,3
33.सूर्य, दिनकर-2
34.भीगा हुआ-2
35.सुर आलाप-2
36.फूलों का रस,अर्क-3
38.तरंग, हिलोर-3
41.जरुरतमंद-5
42.सेंधमार-5

**ऊपर से नीचे**
1.नामकरण-5
2.टैक्स,हाथ-2
3.महीना, मास-2
4.नामवर, प्रसिद्ध-4
5.संधि, सामंजस्य-4
6.सरुर, नशा-2
7.झंकार-2
8.रमण योग्य-5
12.तगारी, नांद-3
13.सुअर-3
15.अभिमान मर्दित होना -2,3
16.समाप्त-2
17.नेकनीयत-5
23.हनुमान-3,2
24.मुलायम-3
25.उम्मीद, आशा-2
27.बहादुरी-3
28.शिव, रविलोचन-2,3
31.नामचीन-4
32.सुसंचालन-4
36.चेहरे का तेज, दर्प-2
37.रिश्तेदार-2
39.अधिकार-2
40.ईश्वर, भगवान-2

### शब्द पहेली- 5816 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| सा | ल | | ब | ला | | य | म | | श | र |
| या | | क | ल | | जो | श | | जा | य | ज |
| | कै | द | | श | र | | का | न | न | |
| न | दी | | खे | मा | | का | त | ना | | जा |
| म | | जा | ल | | का | य | र | | ता | ल |
| | मा | न | | र | म | ल | | का | ला | |
| का | या | | बी | न | ना | | रा | म | | सी |
| र | | क | ह | र | | शो | र | | बा | धा |
| | की | च | ड़ | | सा | ला | | री | त | |
| क | म | रा | | ख | र | | सी | ता | | द |
| म | त | | जी | त | | मा | मा | | दा | म |






# आईपीएल : हैदराबाद की आक्रामक बल्लेबाजी से सतर्क रहेगा लखनऊ

एजेंसी ▶▶| हैदराबाद

पहले मैच में पराजय का सामना करने वाली लखनऊ सुपर जॉइंट्स को आईपीएल के अपने अगले मैच में गुरुवार को यहां सनराइजर्स हैदराबाद की कड़ी चुनौती का सामना करना होगा।

पिछले साल की उपविजेता सनराइजर्स की टीम ने इस सत्र में भी अपने आक्रामक अंदाज बरकरार रखे हैं। राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ पहले मैच में उसकी टीम आईपीएल में अपने सर्वोच्च स्कोर के रिकॉर्ड को तोड़ने के करीब पहुंच गई थी। सनराइजर्स ने यह मैच 44 रन से जीता था। पैट कमिंस की अगुवाई वाली सनराइजर्स की टीम के पास कई विस्फोटक बल्लेबाज हैं और ऐसे में ऋषभ पंत के नेतृत्व वाली टीम के लिए अपने प्रमुख गेंदबाजों की अनुपस्थिति में उन पर अंकुश लगाना आसान नहीं होगा।





### पंत ने बेटिंग और विकेटकीपिंग में किया निराश

लखनऊ को पिछले मैच में दिल्ली कैपिटल्स से एक विकेट की करीबी हार का सामना करना पड़ा था। लखनऊ के कप्तान पंत पिछले मैच में खाता भी नहीं खोल पाए थे। यही नहीं विकेट कीपिंग में भी उन्होंने गलतियां की। दिल्ली के पास जब केवल एक विकेट बचा था और उसे अंतिम ओवर में छह रन की जरूरत थी तब पंत स्टंपिंग का आसान मौका चूक गए थे।

### आक्रामक बल्लेबाजों की भरमार

सनराइजर्स के बल्लेबाजों ने पिछले मैच में राजस्थान रॉयल्स के गेंदबाजों की एक नहीं चलने दी थी और छह विकेट पर 286 रन बनाए थे जिसमें ईशान किशन का शतक भी शामिल है। किशन के अलावा सनराइजर्स की टीम में अभिषेक शर्मा, ट्रैविस हेड और हेनरिक क्लासेन जैसे आक्रामक बल्लेबाज हैं। यही नहीं नीतीश कुमार रेड्डी ने पिछले मैच में रन बना कर जतला दिया था कि उनको किसी भी तरह से कम करके आंकना गलती होगी।

### मिशेल मार्श-पूरण से प्रदर्शन की उम्मीद

लखनऊ के लिए पिछले मैच में मिशेल मार्श और निकोलस पूरण ने आक्रामक अंदाज में बल्लेबाजी करके अर्धशतक लगाए थे तथा टीम को उनसे इसी तरह के प्रदर्शन की उम्मीद रहेगी। लखनऊ के मध्यक्रम के बल्लेबाजों को हालांकि बेहतर प्रदर्शन करना होगा। पिछले मैच में स्पिनर रवि बिश्नोई को छोड़कर लखनऊ के गेंदबाज अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाए थे। उसका तेज गेंदबाजी विभाग कुछ प्रमुख गेंदबाजों के चोटिल होने से कमजोर पड़ गया है और ऐसे में शार्दुल ठाकुर की जिम्मेदारी बढ़ जाती है जिन्हें लखनऊ ने पहले मैच से ठीक पहले मोहसिन खान की जगह अपनी टीम से जोड़ा था।

खास खबर

## डब्लूपीएल टीमें बढ़ाने की कोई योजना नहीं



**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट बोर्ड ने स्पष्ट किया है कि उसका महिला प्रीमियर लीग की मौजूदा पांच टीमों की संख्या में बढ़ोतरी करने की फिलहाल कोई योजना नहीं है। बीसीसीआई के अध्यक्ष रोजर बिन्नी डब्लूपीएल समिति के भी प्रमुख हैं। आईपीएल के अध्यक्ष और डब्ल्यूपीएल समिति के सदस्य अरुण धूमल ने कहा, 'अभी फिलहाल हमारा ध्यान इस टूर्नामेंट को मजबूत करने पर है। इसमें कोई अतिरिक्त टीम जोड़ने से पहले हम इसे और अधिक मजबूत करना चाहते हैं। अभी इसमें कोई नई टीम जोड़ने की कोई तात्कालिक योजना नहीं है।'

## राष्ट्रीय मुक्केबाजी पूजा और सोनिया फाइनल में पहुंचीं

**ग्रेटर नोएडा(भाषा)।** अनुभवी मुक्केबाज पूजा रानी और सोनिया लाठेर ने बुधवार को यहां विपरीत जीत के साथ महिला राष्ट्रीय मुक्केबाजी चैंपियनशिप के फाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली। दो बार की एशियाई चैंपियन हरियाणा की पूजा ने 80 किग्रा सेमीफाइनल में रेलवे की अनुपमा पर कड़े मुकाबले में 4-2 से विभाजित निर्णय से जीत हासिल की। दिन के अंतिम मुकाबले में प्रतिस्पर्धा कर रही 34 वर्षीय पूजा को अनुपमा को मात देने के लिए अपने अनुभव का भरपूर इस्तेमाल करना पड़ा। दोनों मुक्केबाजों ने शुरुआती दो दौर में रक्षात्मक रूख अपनाया लेकिन पूजा ने तीसरे दौर में शक्तिशाली हुक और जैब लगा जीत दर्ज की। विश्व चैंपियनशिप की रजत पदक विजेता सोनिया भी फाइनल में पहुंच गई, उन्होंने महाराष्ट्र की पूनम कैथवास पर सर्वसम्मत निर्णय से जीत हासिल कर अपनी खिताब की उम्मीदों को जीवित रखा। इस 33 वर्षीया मुक्केबाज का सामना अखिल भारतीय पुलिस (एआईपी) की संजू से होगा जबकि पूजा का सामना (एआईपी) की लालफाकमावी राल्ते से होगा। गत चैंपियन जैस्मीन (57 किग्रा), मीनाक्षी (48 किग्रा) और अनामिका हुड्डा (51 किग्रा) सभी लगातार दूसरे फाइनल में पहुंच गईं। सेना की जैस्मीन ने एकतरफा मुकाबले में पंजाब की विशाखा वर्तिया को हराया। अब उनका सामना हरियाणा की प्रिया से होगा, जिन्होंने रेलवे की पूनम को हराया। पिछले मुकाबले में विश्व चैंपियन नीतू घंघास को हराने वाली मीनाक्षी ने दिल्ली की संजना ने तीसरे राउंड में हराकर खिताबी मुकाबले में जगह पक्की की। इस बीच, अनामिका को तमिलनाडु की कलैवानी एस पर 4-3 के विभाजित निर्णय से जीत हासिल करने के लिए कड़ी मशक्कत करनी पड़ी।


# डिकॉक की आतिशी पारी से केकेआर ने रॉयल्स को हराया

*कोलकाता अपना पहला मैच 8 विकेट से जीता | राजस्थान अपना लगातार दूसरा मैच भी हारी*

भाषा ▶▶| गुवाहाटी

क्विंटन डिकॉक ने मुश्किल विकेट पर नाबाद 97 रन की पारी खेलकर कोलकाता नाइट राइडर्स को बुधवार को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) टी20 मैच राजस्थान रॉयल्स पर आठ विकेट से शानदार जीत दिलाई। वरुण चक्रवर्ती (17 रन पर दो विकेट) और मोईन अली (23 रन पर दो विकेट) की अगुवाई में गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन से केकेआर ने रॉयल्स को नौ विकेट पर 151 रन पर रोक दिया। डिकॉक ने इसके बाद 61 गेंदों पर आठ चौकों और छह छक्कों की मदद से 97 रन की नाबाद पारी खेलकर केकेआर को 17.3 ओवर में आसानी से लक्ष्य पार पहुंचा दिया। केकेआर ने मोईन अली (पांच) और कप्तान अजिंक्य रहाणे (18) का विकेट जल्दी गंवा दिया लेकिन टीम जरूरी रन गति को ज्यादा बढ़ने नहीं दिया। डिकॉक ने एक छोर को मजबूती से संभाले रखा और उन्हें युवा अंगकृष रघुवंशी 22 (17 गेंद) के रूप में अच्छा साथी मिला। दोनों की 44 गेंद में 83 रन की अटूट साझेदारी से गत चैंपियन टीम ने आसानी से लक्ष्य हासिल कर लिया। राजस्थान रॉयल्स के लिए ध्रुव जुरेल ने सबसे ज्यादा 33 रन बनाये। यशस्वी जायसवाल ने 29 और कप्तान रियान पराग ने 25 रन का योगदान दिया। बारासपारा मैदान की पिच पर गेंद रूक कर आ रही थी और पहले बल्लेबाजी का न्योता मिलने के बाद राजस्थान के बल्लेबाज अपने घरेलू मैदान पर सामंजस्य बैठाने के लिए संघर्ष करते दिखे।

### ऐसे छाए क्विंटन



97 रन
61 गेंद
08 चौके
06 छक्का

### चक्रवर्ती और अली भी चमके

चक्रवर्ती और अली ने पावरप्ले के तुरंत बाद लगातार ओवरों में दो-दो विकेट चटका कर रॉयल्स के मध्यक्रम को ध्वस्त कर दिया। तेज गेंदबाज वैभव अरोड़ा (33 रन पर दो विकेट) महंगे रहे लेकिन उन्होंने दो महत्वपूर्ण विकेट लिये। रॉयल्स के नियमित कप्तान संजू सैमसन (11 गेंद पर 13 रन) को पावरप्ले में यॉर्कर से आउट किया और फिर इंपैक्ट प्लेयर के तौर पर आये शुभम दुबे (नौ) को सस्ते में आउट किया। हर्षित राणा (36 रन पर दो विकेट) ने आखिरी ओवरों में शानदार गेंदबाजी की। उन्होंने ध्रुव जुरेल की 28 गेंद की पारी को खत्म करने के बाद खतरनाक शिमरोन हेटमायर को सिर्फ सात रन पर चलता किया।जोफ्रा आर्चर ने सात गेंदों पर 16 रन की तेज पारी खेली जिससे टीम 150 रन के आंकड़े तक पहुंचा सकी। वह आखिरी ओवर में स्पेंसर जॉनसन (42 रन पर एक विकेट) का शिकार बने। लक्ष्य का पीछा करते हुए डिकॉक ने पारी की शुरुआत में छक्का लगाने की जगह मैदानी को तरजीह देते हुए आसनी से चौके जड़े। उन्होंने छोटे लक्ष्य को देखते हुए, सूझबूझ के साथ जोखिम उठाया। जोफ्रा आर्चर के खिलाफ पारी के तीसरे ओवर में एक चौका और एक छक्का लगाकर उन्होंने अपने इरादे जाहिर कर दिये। दक्षिण अफ्रीका के इस पूर्व कप्तान ने वानिंदु हसरंगा के खिलाफ अपनी पारी के तीसरे छक्के के साथ सिर्फ 35 गेंदों में अपना अर्धशतक पूरा किया। केकेआर को आखिरी तीन ओवर में 17 रन की जरूरत थी और डिकॉक ने आर्चर के खिलाफ एक चौका और दो छक्का जड़ टीम को 15 गेंद शेष रहते जीत दिला दी। इससे पहले राजस्थान की टीम पावरप्ले के बाद एक विकेट पर 54 रन बनाकर अच्छी स्थिति में थी।

## निशानेबाजों का जत्था विश्व कप के लिए रवाना



**नई दिल्ली।** भारत के 22 निशानेबाजों का पहला जत्था 13 सहयोगी कर्मचारियों के साथ बुधवार को ब्यूनस आयर्स के लिए रवाना हुआ जो साल के पहले आईएसएसएफ विश्व कप में भाग लेंगे। यह विश्व कप तीन अप्रैल से अर्जेंटीना की राजधानी में शुरू होगा। यह संयुक्त विश्व कप होगा जिसमें राइफल, पिस्टल और शॉटगन निशानेबाजी के तीनों स्पर्धाओं में प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। कुल 35 भारतीय निशानेबाज 15 पदक स्पर्धाओं में भाग लेंगे जिसमें 12 व्यक्तिगत और तीन मिश्रित टीम स्पर्धाएं शामिल हैं। दो बार ओलंपिक पदक जीतने वाली मनु भाकर एकमात्र निशानेबाज हैं, जिन्होंने दो व्यक्तिगत स्पर्धाओं में जगह बनाई है। टीम के बाकी सदस्य 29 मार्च को रवाना होंगे क्योंकि टूर्नामेंट के अंतिम चरण में उनकी प्रतियोगिताएं शुरू होंगी। कुछ को छोड़कर सभी निशानेबाजों ने 14 मार्च से दिल्ली में डॉ. कर्णी सिंह शूटिंग रेंज में भारतीय राष्ट्रीय राइफल संघ द्वारा आयोजित राष्ट्रीय शिविर में भाग लिया।

## सना पाकिस्तान टीम की कप्तान बरकरार



**लाहौर।** ऑलराउंडर फातिमा सना को नौ से 19 अप्रैल तक लाहौर में होने वाले आईसीसी महिला विश्व कप क्वालीफायर में हिस्सा लेने वाली पाकिस्तान टीम की कप्तान बरकरार रखा गया है। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के चयनकर्ताओं ने युवा बल्लेबाज शवाल जुल्फिकार को कंधे की चोट से उबरने के बाद टीम में वापस बुलाया है। पाकिस्तान की अनुभवी ऑलराउंडर और पूर्व कप्तान निदा डार को टीम में शामिल नहीं किया गया। डार और एक अन्य अनुभवी खिलाड़ी आलिया रियाज को पिछले नवंबर में महिलाओं के केंद्रीय अनुबंध से बाहर रखा गया था।

### खबर संक्षेप



### श्रेयस ने अपने खेल में किया लगातार सुधार

**अहमदाबाद।** न्यूजीलैंड के दिग्गज क्रिकेटर केन विलियमसन का मानना है कि भारत के मध्यक्रम के बल्लेबाज और आईपीएल में पंजाब किंग्स के कप्तान श्रेयस अय्यर ने अपने खेल में लगातार सुधार किया है। अय्यर ने मंगलवार को नाबाद 97 रन की मैच विजेता पारी खेली। विलियमसन ने कहा, 'श्रेयस अय्यर की सबसे खास बात यह है कि उन्होंने अपने खेल में लगातार सुधार किया है। एक समय उन्हें शॉर्ट पिच गेंदों से निशाना बनाया जाता था लेकिन उन्होंने बड़ी अच्छी तरह से इससे सामंजस्य से बिठाया।'

### भारतीय मुक्केबाजी महासंघ ने स्थगित किए चुनाव

**नई दिल्ली।** भारतीय मुक्केबाजी महासंघ ने 28 मार्च को होने वाले अपने चुनाव बुधवार को स्थगित कर दिया। महासंघ ने कहा कि दिल्ली और हिमाचल प्रदेश उच्च न्यायालयों द्वारा संस्था को निर्वाचक मंडल से हटाए गए नामों को बहाल करने का निर्देश दिए जाने के बाद 'मूल रूप से तय समय-सीमा के अंदर प्रक्रिया पूरी करना असंभव है'। बीएफआई ने अपने सदस्य इकाइयों को एक अधिसूचना में कहा, 'आपको सूचित किया जाता है कि बीएफआई की वार्षिक आम बैठक स्थगित कर दी गई है जो 28 मार्च 2025 को होने वाली थी।'

फुटबॉल

## अर्जेंटीना विश्व कप के लिए क्वालीफाई, ब्राजील को हराया




एजेंसी ▶▶| ब्यूनस आयर्स

अर्जेंटीना के लिए मंगलवार का दिन विशेष रहा। उसकी टीम ने पहले अगले साल होने वाले फुटबॉल विश्व कप के लिए क्वालीफाई किया और फिर अपने चिर प्रतिद्वंद्वी ब्राजील को 4-1 से करारी शिकस्त देकर जोरदार अंदाज में इसका जश्न मनाया।

मौजूदा चैंपियन अर्जेंटीना ने ब्राजील के खिलाफ अपने घरेलू मैदान पर उतरने से पहले ही बोलीविया और उरुग्वे के मैच के ड्रॉ छूटने से विश्व कप में अपनी जगह सुरक्षित कर दी थी। बोलीविया के उरुग्वे को हराने में असफल रहने का मतलब था कि अर्जेंटीना 2026 में अमेरिका, कनाडा और मैक्सिको की संयुक्त मेजबानी में होने वाले विश्व कप के लिए क्वालीफाई करने वाली दक्षिण अमेरिका की पहली टीम बन गई। एल ऑल्टो में उरुग्वे और बोलीविया का मैच गोल रहित ड्रॉ छूटने के बाद अर्जेंटीना ने चोटिल लियोनेल मेसी की अनुपस्थिति के बावजूद मंगलवार को मोनुमेंटल डी नुनेज़ स्टेडियम में 85,000 प्रशंसकों के सामने ब्राजील को 4-1 से पराजित करके विश्व कप के लिए क्वालीफाई करने का जश्न मनाया। दक्षिण अमेरिका क्वालीफाइंग में शीर्ष पर रहने वाली छह टीम विश्व कप के लिए सीधा क्वालीफाई करेंगी जबकि सातवें स्थान की टीम अंतरराष्ट्रीय प्लेऑफ में खेलेगी।

### मेसी सहित अर्जेंटीनी टीम अक्टूबर में प्रदर्शनी मैच खेलने आएगी भारत



**नई दिल्ली।** भारत में फुटबॉल प्रशंसकों को अक्टूबर में केरल में एक प्रदर्शनी मैच में लियोनेल मेसी और उनकी अर्जेंटीना टीम की एक और झलक देखने को मिलेगी। विश्व कप विजेता कप्तान मेसी का यह 14 साल बाद भारत का दूसरा दौरा होगा। केरल के खेल मंत्री वी अब्दुरहीमन ने पिछले साल नवंबर में अर्जेंटीना की टीम का केरल का दौरा करने और कोच्चि में दो दोस्ताना मैच खेलने की घोषणा की थी। एचएसबीसी इंडिया बुधवार को भारत में फुटबॉल के सहयोग और प्रचार के लिए अर्जेंटीना की टीम का आधिकारिक साझेदार बन गया। उसने घोषणा की कि मैच अक्टूबर में आयोजित किए जाएंगे।

## भारत और बांग्लादेश ने खेला गोलरहित ड्रॉ




**शिलांग।** भारत जैसी शुरुआत की उम्मीद कर रहा था, वैसी नहीं कर पाया और उसने मंगलवार रात को यहां 2027 एएफसी एशियाई कप के तीसरे दौर के क्वालीफाइंग मैच में बांग्लादेश की फुटबॉल टीम से गोलरहित ड्रॉ खेला। बांग्लादेश पहले हाफ में थोड़ी बेहतर थी लेकिन उसे कोई स्पष्ट मौका नहीं मिला, उसने इस दौरान थोड़े अधिक आक्रामक मूव और कॉर्नर किक हासिल किए। लेकिन भारत ने अगले 45 मिनट में काफी बेहतर प्रदर्शन किया जिससे बांग्लादेश पर काफी दबाव बढ़ गया, लेकिन मौके बहुत कम थे।

## सबालेंका और पाओलिनी ने सेमीफाइनल में बनाई जगह

**आर्यना ने चीन की किनवेन झेंग को 6-2, 7-5 से हराया**

एजेंसी ▶▶| मियामी गार्डन्स



शीर्ष वरीयता प्राप्त आर्यना सबालेंका और जैस्मिन पाओलिनी ने सीधे सेटों में जीत दर्ज करके मियामी ओपन टेनिस टूर्नामेंट के महिला एकल के सेमीफाइनल में जगह बनाई। छठी वरीयता प्राप्त पाओलिनी ने पोलैंड की गैरवरीयता प्राप्त मैग्डा लिनेट को 6-3, 6-2 से हराया। वह इस टूर्नामेंट के अंतिम चार में पहुंचने वाली इटली की पहली खिलाड़ी बन गई है।

सेमीफाइनल में पाओलिनी का मुकाबला सबालेंका से होगा। सबालेंका ने मंगलवार रात अपने क्वार्टर फाइनल मैच में नौवीं वरीयता प्राप्त चीन की किनवेन झेंग को 6-2, 7-5 से हराया। महिला एकल के अन्य क्वार्टर फाइनल मैचों में चौथी वरीयता प्राप्त अमेरिका की जेसिका पेगुला का मुकाबला ब्रिटेन की एम्मा राडाकानु से जबकि दूसरी वरीयता प्राप्त इगा स्वियाटेक का सामना फिलीपींस की एलेक्जेंड्रा एला से होगा।

**कीवियों ने आखिरी टी20 मैच में आठ विकेट से दर्ज की जीत**

## न्यूजीलैंड ने 4-1 से जीती सीरीज, पाकिस्तान की घर में हुई किरकिरी

एजेंसी ▶▶| वेलिंग्टन

चैंपियंस ट्रॉफी के बाद पाकिस्तान को एक बार फिर करारी हार का सामना करना पड़ा है। बुधवार को न्यूजीलैंड ने उन्हें आखिरी टी20 मैच में आठ विकेट से हराकर 4-1 से सीरीज अपने नाम कर ली।

वेलिंग्टन में खेले गए इस मैच में टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी पाकिस्तान ने 20 ओवर में नौ विकेट खोकर 128 रन बनाए। जवाब में न्यूजीलैंड ने 10 ओवर में दो विकेट गंवाकर 131 रन बनाए और मुकाबला अपने नाम कर लिया।




### सेफर्ट ने दिलाई टीम को जीत

129 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी न्यूजीलैंड की शुरुआत शानदार हुई थी। पहले विकेट के लिए टिम सेफर्ट और फिन एलन के बीच 93 रनों की साझेदारी हुई। सुफियान मुकीम ने दाएं हाथ के बल्लेबाज एलन को बोल्ड किया। वह 12 गेंदों में 27 रन बनाकर आउट हुए। वहीं, टिम सेफर्ट ने 38 गेंदों में 97 रनों की नाबाद पारी खेली और टीम को जीत दिलाई। उनके अलावा मार्क चैपमैन और डेरिल मिचेल ने क्रमशः तीन और दो* रन बनाए। पाकिस्तान के लिए सुफियान ने दो विकेट लिए जबकि बाकी गेंदबाजों के हाथ खाली रहे।

### नीशम ने बरपाया कहर

इससे पहले पाकिस्तान की टीम एक बार फिर बल्ले से प्रभावित करने में नाकाम रही। उनकी तरफ से कप्तान सलमान आगा ने 39 गेंदों में 51 रनों की पारी खेली जबकि शादाब खान ने 28 रन बनाए। वहीं, पांच बल्लेबाज दहाई का आंकड़ा भी नहीं छू सके। पाकिस्तान के हसन नवाज, सुफियान मुकीम और मोहम्मद अली खाता भी नहीं खोल सके। सलामी बल्लेबाज मोहम्मद हारिस 11 रन के निजी स्कोर पर आउट हो गए। कीवियों के लिए जेम्स नीशम ने सर्वाधिक पांच विकेट चटकाए जबकि जैकब डफी को दो सफलताएं मिलीं। वहीं, बेन सियर्स और ईश सोढी को एक-एक विकेट मिला।

चिंतन

# दुष्कर्म पर असंवेदनशील टिप्पणी पर रोक उचित

इन दिनों जजों की साख कटघरे में है। एक तरफ राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में एक जज के आवास परिसर में मिले अधजले नकदी मामले के चलते न्यायपालिका में व्याप्त भ्रष्टाचार की गहरी जड़ों पर बात हो रही है, तो दूसरी तरफ इलाहाबाद हाई कोर्ट के एक जज की दुष्कर्म पर असंवेदनशील टिप्पणी के चलते कानून व उसकी व्याख्या को लेकर समझ पर प्रश्न उठना लाजिमी है और ऐसी अमानवीय टिप्पणी के पीछे भ्रष्ट आचरण की आशंका भी जायज है। सर्वोच्च अदालत ने दोनों ही मामले में सक्रियता दिखा कर न्याय के प्रति जनमानस के विश्वास को कायम रखने की कोशिश की है। दिल्ली हाई कोर्ट के जज यशवंत वर्मा के आवास परिसर में मिले अधजले नोट की जांच तेजी से चल रही है, वहीं सुप्रीम कोर्ट ने इलाहाबाद हाई कोर्ट के जज की टिप्पणी पर संज्ञान लिया है। उच्चतम न्यायालय ने दुष्कर्म पर इलाहाबाद उच्च न्यायालय की टिप्पणियों को असंवेदनशील और अमानवीय कहा और बलात्कार संबंधी हालिया दृष्टिकोण पर कड़ी आपत्ति जताते हुए रोक लगा दी। इलाहाबाद उच्च न्यायालय के गत 17 मार्च के एक आदेश में कहा गया था कि महज ...पकड़ना और 'पायजामे' का नाड़ा ...बलात्कार के अपराध के दायरे में नहीं आता। सुप्रीम कोर्ट की न्यायमूर्ति बीआर गवई और न्यायमूर्ति ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ ने इसे 'बेहद गंभीर मामला' करार दिया। दुष्कर्म को लेकर हमारे अनेक नेताओं की ओर से अनर्गल, असंवेदनशील और अमान्य टिप्पणियां कई बार आईं हैं, लेकिन न्यायालय से हमेशा कानून सम्मत टिप्पणी की अपेक्षा की जाती है। जिस देश में महिलाओं के खिलाफ यौन अपराध के आंकड़े डराने वाले हों, उस देश की किसी हाई कोर्ट से ऐसी अमानवीय टिप्पणी की उम्मीद कैसे की जा सकती है? सुप्रीम कोर्ट को कोई ऐसी व्यवस्था बनानी चाहिए, जिसमें निचली अदालत से लेकर उच्च अदालत तक के जजों की कानून को लेकर समझ व व्याख्या की नियमित स्क्रूटनी की जा सके। सर्वोच्च नयायालय ने कहा, 'चूंकि पैराग्राफ 21, 24 और 26 में की गई टिप्पणियां कानून के सिद्धांतों से पूरी तरह अलग हैं और असंवेदनशील और अमानवीय दृष्टिकोण वाली हैं, इसलिए हम उक्त टिप्पणियों पर स्थगन देने के लिए इच्छुक हैं। दरअसल 'वी द वूमेन ऑफ इंडिया' नामक संगठन ने इलाहाबाद उच्च न्यायालय द्वारा की गई विवादास्पद टिप्पणियों को प्रधान न्यायाधीश संजीव खन्ना के संज्ञान में लाया, जिसके बाद शीर्ष अदालत ने इस मामले में स्वतः संज्ञान लिया है। उच्च न्यायालय की विवादास्पद टिप्पणियों पर रोक लगाने का लीगल तात्पर्य यह है कि किसी तरह की विधिक प्रक्रिया में इनका आगे इस्तेमाल नहीं किया जा सकेगा। इलाहाबाद उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश को कानून सम्मत उचित कदम उठाना चाहिए। अभी सुप्रीम कोर्ट ने इलाहाबाद उच्च न्यायालय के आदेश से संबंधित मामले में संज्ञान लेते हुए शुरू की गई कार्यवाही में केंद्र, उत्तर प्रदेश सरकार और अन्य को नोटिस जारी किया है। न्याय के मंदिर में असंवेदनशील टिप्पणियों के प्रति सख्त रुख जरूरी है। न्याय प्रणाली में पारदर्शिता, गुणवत्ता और योग्यता की स्थापना और भ्रष्टाचार के प्रति जीरो टॉलरेंस के लिए व्यापक स्तर पर न्यायिक सुधार को लागू किया जाना चाहिए। राष्ट्रीय न्यायिक नियुक्ति अधिनियम को लागू करने पर यथाघीघ्र विचार किया जाना चाहिए। देश के जज अपनी संवैधानिक व न्यायिक जिम्मेदारी को समझें और आम मानस के अदालत के प्रति विश्वास को खंडित नहीं होने दें।



जलवायु परिवर्तन
विकेश कुमार बडोला

> होली दिवस के अपराह्न काल से आरंभ हुआ ऐसा अप्रत्याशित जलवायु परिवर्तन पहले कभी यदा-कदा ही घटित हुआ होगा। ऐसा परिवर्तन वायुमंडल की वातानुकूलन स्थिति को ध्वस्त कर रहा है। यह दुष्चक्र विगत दस-पंद्रह वर्षों से तीव्रतापूर्वक अप्रकट रूप में घूम रहा है। इस पर आधुनिक विज्ञान और वैज्ञानिकों का कोई नियंत्रण नहीं है। यह मनुष्य के अल्पावधि के जीवन को भी कठिनाइयों, समस्याओं व पीड़ाओं से घेर रहा है। इसी समयावधि में अमेरिका के मध्य-पश्चिमी व दक्षिणी क्षेत्र के मिसौरी, अर्कांसस, टेक्सास, ओक्लाहोमा, कंसास और मिसिसिपी में भी आंधी-तूफान, वर्षा-हवाओं के कारण 34 लोग मारे गए और 29 घायल हो गए।

# प्रकृति संरक्षण के प्रति गंभीर हों हम

आधुनिक प्रगति की असंख्य उलझी हुई समस्याओं के साथ निरंतर उत्पन्न होती मौसम संबंधी अस्थिरताएं भी मनुष्य को हतप्रभ कर रही हैं। इस बार होली दिवस के संध्याकाल से ही भारत सहित विभिन्न देशों में जलवायु प्रतिकूल होनी आरंभ हो गई। परिणाम में जम्मू कश्मीर, हिमाचल और उत्तराखंड की संपूर्ण पर्वतमाला के ऊंचे शिखरों पर हुए हिमपात, वर्षा, आंधी-तूफान द्वारा जलवायु पुनः अस्थिर हो उठी है। होली दिवस के अपराह्न काल से आरंभ हुआ ऐसा अप्रत्याशित जलवायु परिवर्तन पहले कभी यदा-कदा ही घटित हुआ होगा। ऐसा परिवर्तन वायुमंडल की वातानुकूलन स्थिति को ध्वस्त कर रहा है। यह दुष्चक्र विगत दस-पंद्रह वर्षों से तीव्रतापूर्वक अप्रकट रूप में घूम रहा है। इस पर आधुनिक विज्ञान और वैज्ञानिकों का कोई नियंत्रण नहीं है। यह मनुष्य के अल्पावधि के जीवन को भी केवल कठिनाइयों, समस्याओं व पीड़ाओं से घेर रहा है।

इस लेखक ने स्वयं पहाड़ी क्षेत्र में रहते हुए 14 मार्च को रात 12 बजे के बाद से लेकर 15 मार्च प्रातः 9 बजे तक भयंकर तेज हवाओं, अंधड़, तूफान और घन गर्जनाओं का सामना किया। वायु की गति इतनी तीव्र थी कि विशाल आकार के बीस-पच्चीस फुट लंबे-चौड़े वृक्ष जड़मूल धराशायी हो गये। घन गर्जनाएं ऐसी प्रतीत हुईं कि घर को नींव से भी नीचे गहरे जाकर उखाड़ रही हों। घरों में बनाये हुये अपने घोंसलों में रहनेवाले गौरैया पक्षी इस विध्वंशकारी वातावरण में बाहर निकलने का साहस नहीं कर सके। विशाल वृक्षों को तोड़-मरोड़ कर रख देने वाली तेज हवाओं के सम्मुख नन्हे पक्षियों का क्या अस्तित्व! प्रायः ब्रह्म मुहूर्त में अपनी चहचहाहटों के साथ फुदकने वाले गौरैया सहित अनेक अन्य पक्षी इस जलवायुगत विपत्ति में निःश्वास एवं अस्तित्वहीन होकर दुबके हुए थे। ऐसे में क्या मनुष्य का घर और क्या पक्षी का घोंसला, सभी आश्रयस्थल असुरक्षित थे। इस प्रतिकूल परिस्थिति में पूरा जीवन ही असुरक्षित हो उठा था। यह सभी कुछ होने की समयावधि में जो जन गहरी नींद में थे, उनके निद्रास्वास्थ्य का अभिनंदन है। किंतु यह लेखक तो पूरे छह-सात घंटे तक प्रकृति के विनाशक तांडव के थमने, रुकने की ही प्रतीक्षा करता रहा।

यह पारिस्थितिकी असंतुलन भारत के वायुमंडल तक ही सीमित नहीं था। इसी समयावधि में अमेरिका के मध्य-पश्चिमी व दक्षिणी क्षेत्र के मिसौरी, अर्कांसस, टेक्सास, ओक्लाहोमा, कंसास और मिसिसिपी में भी आंधी-तूफान, वर्षा-हवाओं के कारण 34 लोग मारे गए और 29 घायल हो गए। अमेरिका के इन क्षेत्रों में भी वैसी ही अग्नि भड़की हुई है। जैसी जनवरी में कैलिफोर्निया के जंगलों में थी। हवाओं से अग्नि का तीव्र प्रसार हो रहा है। परिणामतः मिसिसिपी, अलबामा और टेनेसी सहित अनेक क्षेत्रों के लगभग नब्बे लाख लोग तेज हवाओं से प्रज्ज्वलित अग्नि बवंडर से प्रभावित हो सकते हैं। वहां आठ करोड़ अट्ठाईस लाख की जनसंख्या को हवा के अलर्ट के बारे में सूचित किया गया है। मौसम का विनाशक घूर्णनकारी चक्र अमेरिका के मध्य क्षेत्र से होकर के पूर्व की ओर बढ़ रहा है। इस कारण जॉर्जिया में अत्यधिक वर्षा, बाढ़ आने, विनाशकारी हवा के झोंकों के चलने और तीव्रतापूर्वक फैल रहे बवंडर का संकट व्याप्त है। भारत और अमेरिका ही नहीं दुनिया के अनेक



देशों, भूभागों और इनमें रह रहे लोगों पर 14-15 मार्च का जलवायु उत्पात गहन संकट बनकर छाया। ऐसा गत पंद्रह वर्षों में कम प्रभाव के साथ, गत दस वर्षों में अधिक प्रभाव के साथ और अब विगत एक-दो वर्षों में अत्यधिक प्रभाव के साथ निरंतर कुछ-कुछ दिनों के अंतराल पर हो ही रहा है। जब मौसम मानव जाति के सिर पर विनाश की छतरी बनकर तन चुका है, तो क्या मानवों को अभिशप्त वैज्ञानिक प्रतिस्पर्द्धा और परिणामकारी जैविक व जीवन संबंधी गतिविधियों पर नियंत्रण का कार्य अभ्यास आरंभ नहीं कर देना चाहिए? मौसम के अप्रत्याशित संकटों के सम्मुख मानव का विज्ञान-लालच कोई महत्व नहीं रखता है। अतः विज्ञान के आत्मघाती प्रयोगों को रोककर मानवीय जीवन को पुनः आत्मनिर्भर ग्रामीण व्यवस्था की ओर अग्रसर करने का समय आ चुका है। कोरोना महामारी के बाद तो ऐसा हो भी जाना चाहिए था, किंतु विश्व के कर्ताधर्ता ऐसा नहीं चाहते हैं। वे महामारीजन्य अनेक असुरक्षाओं के बाद भी मनुष्य को प्रगति का दास बनाये रखने की प्रेरणा दे रहे हैं। वे मनुष्य को प्राकृतिक जीवन, स्वास्थ्य, खाद्यान्न, आनंद देने की स्थिति में तो नहीं हैं किंतु वैज्ञानिक प्रगति के मंत्र से मुग्ध करके उसे अप्राकृतिक रूप में मरने-खपने और मरने-खपने की इस प्रतियोगिता से लगाव रखने की सीख देने में अवश्य सफल हैं। वैज्ञानिकों, पूंजीधारकों, उद्योगकारों और इनके अनुसार शासन हांकने वाले शासकों को अंततः कितना अधिक साधन-संसाधन संपन्न होना है! ऐसी संपन्नता की कोई सीमा भी तो होगी। यदि ऐसे लोग प्रकृति के प्रकट व गुप्त तत्त्वों का राक्षसी दोहन करते हुए अपने संबंधियों और समर्थकों के लिए भी साधनों-संसाधनों की विशाल मात्रा एकत्र कर देना चाहते हैं, तो करें। इस हेतु वे अपने व अपने संबंधियों के लिए साधनों-संसाधनों के मूल्य प्रतीक और अर्थव्यवस्था के शक्ति संकेत के स्वरूप में विद्यमान मुद्रा को वास्तविक अथवा आभासी रूप में मनचाही मात्रा में एकत्र कर लें। वे ऐसा कर भी रहे हैं। किंतु गहन आश्चर्य है कि ऐसा करने के बाद भी उनका लालच रुक नहीं रहा। उन्हें स्वयं और अपनी पीढ़ियों के लिए मनचाही मात्रा में एकत्र की हुई मुद्रा भी कम ही लग रही है। यदि मनुष्यगण ऐसी ही प्रवृत्ति से ग्रस्त रहेंगे तो इसका अंतिम दुष्परिणाम प्रकृति की विनाश-लीला के रूप में ही सामने होगा। साधन-संसाधन संपन्न मनुष्यों को बारंबार यह सूत्र स्मरण करने की आवश्यकता है कि वे उपलब्ध पंचतत्त्वों का आसुरी दोहन करके वैज्ञानिक-आधुनिक प्रगति तो कर सकते हैं, परंतु पंचतत्त्वों की विकारग्रस्तता के कारण उत्पन्न होने वाली अप्रत्याशित पर्यावरणीय प्रतिक्रियाएं नहीं थाम सकते। आज के प्रगतिवादी, आधुनिक और तर्कशील व्यक्ति अपनी कपोल कल्पना के वशीभूत होकर प्राचीन लोगों को मूर्ख समझते हैं, किंतु उन्हें जलवायु की दुर्दशा देखकर अपने बारे में भी यह सत्य जानने-समझने की अति आवश्यकता है कि अपने जीवन के आधार पंचतत्त्वों को पराकाष्ठा तक विकृत करने में वे सर्वाधिक दोषी हैं। पहले के मनुष्य जीवन की प्रत्येक गतिविधि को दूरदर्शी नीतियों के अनुसार निर्धारित करते थे। अपने जीवन को जीते हुए, उसे संभालते हुए, उसका चहुँदिश आनंद लेते हुए और उसका सम्मान करते हुए वे हमारी अर्थात् अपनी भावी पीढ़ी की पर्यावरणीय सुरक्षा के बारे में भी विचार किया करते थे। यदि वे हमारी चिंता न करते और हमारी ही तरह पंचतत्त्वों का कठोरतापूर्वक दोहन करते तो क्या वर्तमान धरती, आकाश और अन्य जीवन-तत्त्व हमारे लिए उपलब्ध रह भी पाते। आज के वैज्ञानिकों से लेकर साधारण जन को इस बिंदु पर अवश्य विचार करना चाहिए। संभवतः तब हमारे भीतर प्रकृति के प्रति सम्मान उत्पन्न हो सके और तत्पश्चात हम उसका क्रूर दोहन न कर अपनी भावी पीढ़ी हेतु उसे संरक्षित करने के कृतसंकल्प लें।

(लेखक वरिष्ठ स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।
लेख पर अपनी प्रतिक्रिया edit@haribhoomi.com पर दे सकते हैं।

विश्व रंगमंच दिवस
ऋतुपर्ण दवे



# कला व अभिव्यक्ति से विश्व को अनूठा संदेश


आज विश्व रंगमंच दिवस है। रंगमंच शब्द ग्रीक शब्द 'थिएट्रॉन' से लिया गया है जिसका अर्थ है 'देखने की जगह'। भारत में रंगमंच का इतिहास बहुत पुराना है। भरत मुनि को नाट्यशास्त्र के लिए जाना जाता है। शुरू से यही वो माध्यम है जिसे समझकर उसके सौंदर्य और महत्व के साथ मनोरंजन के माध्यम से दैनिक जीवन में जश्न यानी खुशी प्रदर्शित की जाती है। विश्व रंगमंच दिवस इसी का प्रतीक है। रंगमंच वह विधा भी है जिससे दुनिया भर की सरकारों, राजनेताओं, संस्थानों और हितधारकों को भी मंच के जरिए सूचित व सचेत किया जाता है कि समाज की ऐसी संस्थाओं और लोगों के प्रति कैसी जनधारणा है। वास्तव में यह अभिव्यक्ति की वह कला है जिसमें कलाकार वास्तविक जीवन या घटनाओं का एक तरह से नाट्य रूपांतरण यानी रिक्रिएशन करते हैं, दोहराते और याद दिलाते हैं। इसे मनाने की शुरुआत 1961 से हुई थी। 27 मार्च, 1962 को विश्व रंगमंच दिवस अंतरराष्ट्रीय रंगमंच संस्थान केंद्रों, उसके सहयोगी सदस्यों, रंगमंच पेशेवरों और रंगमंच संगठनों द्वारा मनाया गया। अब,यह दिन विश्व के 90 से अधिक देशों में मनाया जाता है, जिसमें दुनिया भर के रंगमंच विश्वविद्यालय, अकादमियां, स्कूल और रंगमंच प्रेमी शामिल होते हैं।

संस्कृति, शिक्षा, शांति और सामाजिक जागरूकता को बढ़ावा देने के लिए समर्पित है। इस दिन एक विशेष संदेश जारी किया जाता है, जो किसी प्रमुख रंगमंच हस्ती द्वारा लिखा जाता है। यह संदेश रंगमंच की भूमिका और इसके सामाजिक प्रभाव पर प्रकाश डालता है। हर वर्ष इसकी एक अलग थीम होती है। इस बार की थीम 'रंगमंच और शांति की संस्कृति' है। जैसा कि नाम से ही साफ है, इस झुलसती और तृतीय विश्व युद्ध की आहट के बीच बढ़ रही दुनिया को बड़ा संदेश देना उद्देश्य है। साफ है कि रंगमंच या थिएटर प्रदर्शन वास्तव में कला के जरिए जीवंत प्रस्तुति, अभिव्यक्ति, स्वीकरण या अस्वीकरण का वह तरीका है जिसमें कलाकार किसी वास्तविक या काल्पनिक घटना के अनुभव को किसी विशिष्ट स्थान पर आकर सामने नाट्या प्रदर्शन करते हैं। निश्चित रूप से यह न केवल कठिन कार्य है बल्कि अभिनय की वह चुनौती है जिसे सामने बैठे दर्शकों के समक्ष मंच पर कलाकार करते हैं। एक तरह आज की भाषा में यह लाइव प्रदर्शन ही है। अपने संवाद, हाव-भाव, भाषण, गीत, संगीत और नृत्य के संयोजन से की जा रही जीवंत प्रस्तुतियों का दर्शकों पर एक अलग छाप व प्रभाव पड़ता है। ऐसे मंचन समाज के लिए न केवल बड़े संदेश देते हैं बल्कि कला के तत्व और कृत्रिम संसाधनों जैसे चित्रित दृश्य और स्टेज क्राफ्ट व प्रकाश व्यवस्था का उपयोग कर वो अनुभव की भौतिकता, उपस्थिति और तात्कालिकता भी बढ़ाते हैं। आधुनिक रंगमंच में नाटकों और संगीत थिएटर का प्रदर्शन भी शामिल होने से यह और भी आकर्षक और लोकप्रिय होते जा रहे हैं। बैले और ओपेरा थिएटर की वो प्रस्तुतियां बन गईं हैं जिसमें पारंपरिक रूप से किए जाने अभिनय, वेशभूषाओं का उपयोग किया जाता है। समय के साथ इस कला का भी विकास आधुनिक होते हुए भी काफी हद तक पारंपरिक भी है। यह दिन थिएटर कला के महत्व और मनोरंजन में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका के बारे में जागरूकता बढ़ाने और इस बात पर प्रकाश डालने के लिए भी मनाया जाता है ताकि उनका उपयोग शांति और आर्थिक विकास को बढ़ावा देने के लिए कैसे किया जा सकता है। वास्तव में एक खास दिन इसको समूचे विश्व में एक साथ मनाने के पीछे भी बहुत बड़ी और व्यापक सोच है। रंगमंच के मूल्य के बारे में जागरूक करना, रंगमंच समुदायों को अपने काम को बड़े पैमाने पर बढ़ावा देने में सक्षम बनाना, दुनिया भर के रंगमंच कर्मियों और संगठनों को आपस में जोड़ना और एक-दूसरे परिचित कराना।

विश्व में अलग-अलग रूपों में प्रचलित रंगमंच विधाओं का न केवल आनंद लेना बल्कि दूसरों के साथ आनंद साझा करना है। वास्तव में विश्व रंगमंच दिवस हमें रंगमंच के विभिन्न रूपों का जश्न मनाने और हमारे समाज में उनके महत्व की सराहना करने का मौका भी देता है। निश्चित रूप से रंगमंच समाज में जागरूकता और चेतना का बड़ा जरिया है। आज नुक्कड़ नाटकों के जरिए दिए जाने वाले संदेश काफी प्रभाव छोड़ते हैं। यह समाज के लिए सचेतक जैसे होते हैं। विश्व रंगमंच दिवस का उद्देश्य इसे जीवित रख और उन्नत बनाना है ताकि यह अपनी-अपनी भाषाओं, लोकगाथाओं, लोक कलाओं के जरिए वो संदेश दे सके जो मानवता के लिए अपरिहार्य, हितकारक और शांति-सद्भाव को बनाए रखने में सहायक हो।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार एवं स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# उपकार के ऋण से मुक्त होना असंभव



संकलित
दर्शन

किसी संकट एवं कष्ट के समय हर क्षण हमारी जिह्वा पर प्रभु का नाम होता है। मन, कर्म एवं वचन से भी हमें उनके अनुनय-विनय की मुद्रा में ही रहते हैं। फिर एक दिन जब हम प्रभु की अनुकंपा से उन बुरे दिनों की चपेट से उबर जाते हैं तो उन्हें भूल जाते हैं। इस प्रकार जन्म से लेकर आज तक हमारे ऊपर ईश्वर के ऐसे उपकारों का सिलसिला अनंत है। प्रभु के उपकार रूपी ऋण से उऋण होना हम मनुष्यों के लिए जीवनपर्यत असंभव है। धन्य हैं वे करुणानिधान, जिन्होंने विशेष कृपा कर हमें बनाया। हाथ, कान, नाक, पांव, बुद्धि एवं घ्राण क्षमता-सब कुछ कार्योपयोगी। यदि वह एकाध अंग-उपांग से अथवा अनेक जीवनोपयोगी शारीरिक क्षमताओं से वंचित कर विपरीत परिस्थितियों में जन्म दे देते तब भी हमें जीवन जीना ही पड़ता। तो क्या फिर हम अपनी शक्ति एवं सामथ्र्य पर इतना इतरा पाते? बिल्कुल नहीं। तब पल-पल संघर्ष एवं परिश्रम कर सब कुछ ढोलना ही होता। प्रभु ने कुछ तो समझ-बूझकर हम मनुष्यों को जीवन की ये तमाम अनुकूलताएं दी होंगी। भगवान ने इतनी सुविधाएं दीं तो बदले में हमने क्या विलक्षण किया? वास्तव में ईश्वर ने हमें ये सारी अनुकूलताएं एवं सुविधाएं कुछ विशेष कार्य करने के लिए दी हैं, न कि केवल व्यर्थ में कुछ विशेष होने-समझने के लिए। समस्या यह है कि औरों के कल्याण एवं हित के लिए प्रभु-दरबार से अनुकंपा पर मिली वस्तुओं को हमने भूलवश नितांत अपना ही समझ लिया। इसलिए आनंद देने वाली उन सब वस्तुओं से भय, क्रोध, लालच, पीड़ा,ईर्ष्या, द्वेष एवं पीड़ा टपकने लगी।

# गणेश विनायक जी की कथा



संकलित
प्रेरणा

एक गांव में मां-बेटी रहती थीं। एक दिन वह अपनी मां से कहने लगी कि गांव के सब लोग गणेश मेला देखने जा रहे हैं, मैं भी मेला देखने जाऊंगी। मां ने जाने से पहले बेटी को दो लड्डू दिए और एक घण्टी में पानी दिया। मां ने कहा कि एक लड्डू तो गणेश जी को खिला देना और थोड़ा पानी पिला देना। दूसरा लड्डू तुम खा लेना और बचा पानी भी पी लेना। लड़की मेले में चली गई। मेला खत्म होने पर सभी गांववाले वापिस आ गए लेकिन लड़की वापिस नहीं आई। लड़की मेले में गणेश जी के पास बैठ गई और कहने लगी कि एक लड्डू और पानी गणेश जी तुम्हारे लिए और एक लड्डू और बाकी बचा पानी मेरे लिए। इस तरह कहते-कहते सारी रात बीत गई। गणेश जी यह देखकर सोचने लगे कि अगर मैंने यह एक लड्डू और पानी नहीं पीया तो यह अपने घर नहीं जाएगी। यह सोचकर गणेश जी एक लड़के के वेश में आए और उससे एक लड्डू लेकर खा लिया और साथ ही थोड़ा पानी भी पी लिया फिर वह कहने लगे कि मांगों तुम क्या मांगती हो? लड़की मन में सोचने लगी कि क्या मांगू? अन्न मांगू या धन मांगू या अपने लिए अच्छा वर मांगू या खेत मांगू या महल मांगू! वह मन में सोच रही थी तो गणेश जी उसके मन की बात को जान गए। वह लड़की से बोले कि तुम अपने घर जाओ और तुमने जो भी मन में सोचा है वह सब तुम्हें मिलेगा। लड़की घर पहुंची तो मां ने पूछा कि इतनी देर कैसे हो गई? बेटी ने कहा कि आपने जैसा कहा था मैंने वैसा ही किया है और देखते ही देखते जो भी लड़की ने सोचा था वह सब कुछ हो गया।

अंतर्मन




## आज की पाती

### ओपीएस का बेहतर विकल्प क्या हो?

भारत में पुरानी पेंशन योजना (ओपीएस) की बहाली एक महत्वपूर्ण सामाजिक और आर्थिक मुद्दा बन चुका है। यह केवल सरकारी कर्मचारियों का ही नहीं, बल्कि देश की वित्तीय नीति और सामाजिक सुरक्षा का भी विषय है। 2004 में पुरानी पेंशन योजना को समाप्त कर नई पेंशन योजना (एनपीएस) लागू की गई, लेकिन बीते कुछ वर्षों में ओपीएस की बहाली को लेकर कर्मचारियों में व्यापक आंदोलन और राजनीतिक बहस छिड़ी हुई है। कई प्रदेशों में ओपीएस बहाल कर दी गई है, लेकिन इससे राजकोष पर पड़ते भारी बोझ के कारण दबाव यह भी है कि ओपीएस का कोई बेहतर विकल्प ढूंढना होगा। इसीलिए केंद्र सरकार यूपीएस यानी यूनिफाइड पेंशन स्कीम लेकर आई है। अब बहस यह है कि क्या यह ओपीएस का बेहतर विकल्प है?

– प्रदीप यदु, बिलासपुर

## X ट्रेंड

### रेगु टीम ने इतिहास रचा



सेपक टकराव विश्व कप 2025 में शानदार खेल प्रदर्शन के लिए हमारे दल को बधाई! दल ने 7 पदक जीते। पुरुषों की रेगु टीम ने भारत के लिए पहला स्वर्ण पदक जीतकर इतिहास रच दिया।
-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

### गंभीर चिंताएं जताईं



आज संपादकों, शोधकर्ताओं और डोमेन विशेषज्ञों के एक विविध समूह से मिलने का अवसर मिला। उन्होंने डिजिटल व्यक्तिगत डेटा संरक्षण अधिनियम, विशेष रूप से आरटीआई अधिनियम के दायरे पर इसके प्रभाव के बारे में गंभीर चिंताएँ व्यक्त कीं।
-राहुल गांधी, कांग्रेस सांसद

### आर्थिक असमानता



पिछले 78 वर्षों से किसी सरकार ने आम जनता को आर्थिक रूप से इतना कमजोर नहीं किया, जितना मोदी सरकार ने किया है। आर्थिक असमानता भयावह स्तर पर है। अरबपति, खरबपति बन चुके हैं और गरीब, कंगाल हो रहे हैं।
-मल्लिकार्जुन खरगे, कांग्रेस अध्यक्ष

### लोकतांत्रिक व्यवस्था



समाजवादी पार्टी सामाजिक न्याय और समतामूलक समाज की स्थापना में विश्वास करती है। इतिहास की घटनाओं पर आज की लोकतांत्रिक व्यवस्था नहीं चल सकती। भाजपा सरकार को जनता के रोजी-रोजगार, स्वास्थ्य और सुरक्षा पर ध्यान देना चाहिए।
-अखिलेश यादव, सपा सांसद

साइबर कचरा
प्रो. विजय कुमार



# डिजिटल प्रदूषण से बढ़ता संकट

वातावरण हमारे जीवन का आधार है, जो न केवल हमारे शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को प्रभावित करता है, बल्कि आध्यात्मिक प्रगति में भी सहायक होता है। जिस परिवेश में हम रहते हैं, वही हमारी सोच, आचरण और जीवन की दिशा तय करता है। यदि हमें दीर्घकालिक रूप से स्वस्थ और संतुलित जीवन जीना है, तो पर्यावरण की रक्षा हमारी प्राथमिकता होनी चाहिए। आधुनिक तकनीक ने हमें प्रकृति संरक्षण के असंख्य उपाय सिखाए हैं, लेकिन विडंबना यह है कि अपने स्वार्थ और असंवेदनशीलता के कारण हम स्वयं ही इसे नुकसान पहुंचाने से पीछे नहीं हटते। अब समय आ गया है कि हम केवल जागरूकता तक सीमित न रहें, बल्कि अपने कार्यों से यह साबित करें कि हम वास्तव में अपने वातावरण और भविष्य की चिंता करते हैं। प्रदूषण की रोकथाम के लिए किए गए प्रयासों को हम डिजिटल माध्यम से आगे प्रसारित करते हैं। इसने जागरूकता को बढ़ावा दिया और लोगों को प्रेरित भी किया, लेकिन कहीं न कहीं इसने एक अदृश्य संकट-डिजिटल प्रदूषण को भी आमंत्रित कर दिया। यह एक ऐसा खतरा है, जिसे हम महसूस नहीं कर सकते, लेकिन यह धीरे-धीरे हमारे पर्यावरण को नुकसान पहुँचा रहा है। हम डिजिटल दुनिया को अक्सर 'ग्रीन' मानते हैं, लेकिन सच्चाई यह है कि डिजिटल गतिविधियां ऊर्जा की खपत करती हैं और प्रदूषण उत्पन्न करती हैं। चाहे वह इंटरनेट का उपयोग हो, क्लाउड स्टोरेज हो, ईमेल भेजना हो या वीडियो स्ट्रीमिंग-हर डिजिटल कार्य कार्बन उत्सर्जन का कारण बनता है। ऊर्जा-गहन डेटा सेंटरः एक अदृश्य दानव-डिजिटल सेवाएँ विशाल डेटा केंद्रों पर निर्भर करती हैं, जो वैश्विक बिजली का 2-3% उपभोग करते हैं। अकेला एक डेटा सेंटर एक छोटे शहर जितनी बिजली की खपत कर सकता है। भारत में



2025 तक डेटा सेंटर की ऊर्जा खपत 5 गीगावॉट से अधिक होने की संभावना है, जिससे जीवाश्म ईंधनों पर निर्भरता बढ़ेगी। प्रत्येक वर्ष विश्वभर में 50 मिलियन टन ई-कचराउत्पन्न होता है, लेकिन केवल 20% ही सही तरीके से रीसायकल होता है। भारत तीसरा सबसे बड़ा ई-कचरा उत्पादक है, जहाँ 1.6 मिलियन टन ई-कचरा प्रतिवर्ष उत्पन्न होता है। इलेक्ट्रॉनिक्स में मौजूद लेड, मरकरी, और कैडमियम जैसे जहरीले पदार्थ पर्यावरण और मानव स्वास्थ्य के लिए हानिकारक हैं। इंटरनेट और कार्बन फुटप्रिंट- डिजिटल गतिविधियों से कार्बन उत्सर्जन तेजी से बढ़ रहा है। वैश्विक स्तर पर, डिजिटल तकनीक से 3.7% कार्बन उत्सर्जनहोता है, जो एविएशन इंडस्ट्री के बराबरहै।यदि डिजिटल उपभोग की यही दर जारी रही, तो इसका कार्बन फुटप्रिंट 2030 तक दोगुनाहो सकता है। स्मार्टफोन, लैपटॉप और अन्य डिजिटल उपकरणों का उत्पादन भी पर्यावरण पर भारी प्रभाव डालता है। एक स्मार्टफोन बनाने के लिए 12,000 लीटर पानी और 50-80 किग्रा कार्बनडाई आक्साइड उत्सर्जन होता है। लिथियम, कोबाल्ट और निकेल जैसी दुर्लभ धातुओं का खननवनों की कटाई, जल प्रदूषण और प्राकृतिक आवासों के विनाश का कारण बनता है। उपकरणों कीकम जीवन अवधि ई-कचरा बढ़ाने और ऊर्जा-गहन उत्पादन की माँग को बढ़ाने का एक बड़ा कारण है। छोटे-छोटे प्रयास डिजिटल प्रदूषण को नियंत्रित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं, जैसे अनावश्यक ईमेल न भेजें, अनावश्यक टैब्स बंद करें, वीडियो स्ट्रीमिंग कम करें, नए उपकरण खरीदने की बजाय पुराने का सही उपयोग करें, गूगल सर्च का सही उपयोग करें तथा अपने उपकरणों का कुशलतापूर्वक उपयोग करें। सोचने वाली बात ये है कि क्या हम मशीन को नियंत्रित करेंगे या मशीन हमें? आज का समय सिर्फ जागरूकता से क्रियान्वयन की ओर बढ़ने का है। छोटे-छोटे बदलाव, जैसे अनावश्यक डेटा स्टोरेज कम करना, बिजली की बचत करना, और स्मार्ट डिजिटल आदतें अपनाना, हमारी धरती को बचाने में बड़ा योगदान दे सकते हैं। या तो आप मशीन को नियंत्रित करें, या मशीन आपको नियंत्रित करेगी।

(लेखक इग्नू मीरपुर, रेवाड़ी में प्रोफेसर हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड,
रोहतक-124001 फोनः 9253681019-20
ई-मेल : haribhoomi@gmail.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

## 1000 से ज्यादा कार्यकर्ता बुलडोजर लेकर सांसद के आवास पर पहुंचे

# राणा सांगा पर टिप्पणी को लेकर सपा सांसद के घर पर हमला

एजेंसी ▶▶ आगरा

राज्यसभा में राणा सांगा को गद्दार कहने वाले सपा सांसद रामजी लाल सुमन के आगरा स्थित घर पर बुधवार को करणी सेना के कार्यकर्ताओं ने हमला कर दिया। 1000 से ज्यादा कार्यकर्ता बुलडोजर लेकर सांसद के आवास पर पहुंचे। वहां जमकर तोड़फोड़ और पथराव किया। झड़प में कई पुलिसकर्मी घायल हो गए। करणी सेना के कार्यकर्ताओं ने सांसद के घर के बाहर खड़ी 10 से ज्यादा गाड़ियों में तोड़फोड़ की। 40 से 50 कुर्सियां तोड़ डालीं। मेन गेट तोड़कर घर के अंदर घुसने की भी कोशिश की। 14 पुलिसकर्मी घायल हुए हैं। बवाल के वक्त सांसद रामजीलाल सुमन दिल्ली में थे।

### आगरा में करणी सेना ने सड़क पर खड़ी गाड़ियां तोड़ीं, पथराव किया



### पुलिस की बैरिकेडिंग तोड़ी एक्सप्रेस वे से शहर में घुसे

करणी सेना के कार्यकर्ताओं ने पुलिस की बैरिकेडिंग तोड़ दी। कार्यकर्ता जयश्री राम का नारा लगा रहे थे। पुलिस ने कार्यकर्ताओं को रास्ते में रोकने की कोशिश की, लेकिन वे एक्सप्रेस-वे से शहर के अंदर घुस गए। इधर, सुरक्षा को देखते हुए सपा सांसद की सोसाइटी के दोनों गेट बंद करा दिए गए। पुलिस ने स्पष्ट निर्देश दिया है कि कोई भी घर से बाहर नहीं निकलेगा। करणी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष वीरू सिंह ने एक्स पर लिखा, राणा सांगा जी के सम्मान में आज आगरा में इतिहास लिखा गया। पुलिस ने लाठीचार्ज की, मेरा पैर टूट गया है।

**सपा और करणी सेना के कार्यकर्ता भिड़े**

करणी सेना के कार्यकर्ताओं के हंगामे को रोकने के लिए सपा कार्यकर्ता भी सांसद के घर पहुंच गए। उनकी करणी सेना के कार्यकर्ताओं से झड़प हुई। हालात बिगड़ते देख पुलिस ने लाठीचार्ज शुरू कर दिया। हालांकि फिर भी हालात संभाल नहीं पाए।

### वीडियो जारी कर खुली धमकी दी | घर की हर ईंट पर राणा सांगा लिखना है : ओकेंद्र राणा



करणी सेना युवा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ओकेंद्र राणा ने एक वीडियो जारी किया। उन्होंने कहा- सांसद रामजीलाल सुमन ने क्षत्रिय समाज के महापुरुष के खिलाफ ओछी बात कही है। हमारे महापुरुष और पूर्वजों को कोई भी गाली दे जाता है। सांसद के आवास की हर ईंट पर राणा सांगा लिखना है। इस बार हम माफ नहीं करेंगे। अगर माफी मांगनी है तो रुपवास में महाराणा सांगा के स्मारक पर नाक रगड़कर माफी मांगनी पड़ेगी। राजपूत और क्षत्रिय समाज एकजुट होकर दिखा दे कि कोई भी हमारे महापुरुषों के लिए कुछ बोलने से पहले सोचे। अखिलेश ने घटना पर एक्स पर पोस्ट लिखकर प्रतिक्रिया दी। उन्होंने लिखा, 'हमारा उद्देश्य किसी इतिहास पुरुष का अपमान करना नहीं हो सकता। समाजवादी पार्टी मेवाड़ के राजा राणा सांगा की वीरता और राष्ट्रभक्ति पर कोई सवाल नहीं कर रही।' सपा अध्यक्ष ने अपने सांसद का बचाव भी किया। कहा, सीएम आगरा में ही थे। उसी वक्त सांसद के घर हमला हुआ। सीएम ऐसे लोगों को संरक्षण दे रहे है। वहीं, डिंपल यादव ने अटैक को साजिश करार दिया है।

**ऐसे बढ़ा विवाद**

### सपा सांसद ने बोला था- हिंदू गद्दार राणा सांगा की औलाद



सपा सांसद रामजीलाल सुमन ने 21 मार्च को राज्यसभा में कहा था, 'भाजपा वालों का तकिया कलाम हो गया कि मुसलमानों में बाबर का डीएनए है। फिर हिंदुओं में किसका डीएनए है? बाबर को कौन लाया? बाबर को भारत में इब्राहीम लोदी को हराने के लिए राणा सांगा लाया था। मुसलमान बाबर की औलाद हैं तो तुम (हिंदू) गद्दार राणा सांगा की औलाद हो। यह हिंदुस्तान में तय हो जाना चाहिए। बाबर की आलोचना करते हैं, राणा सांगा की नहीं। देश की आजादी की लड़ाई में इन्होंने अंग्रेजों की गुलामी की थी। हिंदुस्तान का मुसलमान बाबर को अपना आदर्श नहीं मानता है। वो मोहम्मद साहब और सूफी परंपरा को आदर्श मानता है।

## खबर संक्षेप

### हिरासत में रहकर सांसद राशिद संसद में लेंगे भाग



**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने आतंकी फंडिंग मामले में गिरफ्तार जम्मू-कश्मीर के सांसद अब्दुल राशिद शेख को हिरासत में संसद सत्र में भाग लेने की अनुमति दे दी है। पुलिस राशिद उर्फ इंजीनियर राशिद को 26 मार्च से चार अप्रैल के बीच सभी दिनों में संसद तक ले जाएगी और वापस जेल ले आएगी।

### योगी के प्लेन में खराबी आगरा में कराई लैंडिंग



**आगरा।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के प्लेन में वहां से उड़ान भरने के कुछ देर बाद ही खराबी आ गई। इससे पायलट ने प्लेन को खैरिया एयरपोर्ट की तरफ मोड़ लिया और सुरक्षित इमरजेंसी लैंड कराई। इससे अफसरों में हड़कंप मच गया। योगी को विदा कर लौट चुके अफसर दोबारा भागते हुए पहुंचे।

### कैंची धाम में भक्तों के लिए शटल सेवा शुरू



**कुमाऊं ।** कैंची धाम आने वाले भक्तों की भीड़ बढ़ने से उत्पन्न जाम की समस्या से निजात दिलाने पुलिस ने यातायात प्लान तैयार किया है। बाबा के भक्त अब शटल सेवाओं से कैंची धाम पहुचेंगे। जाम से निजात दिलाने, सुगम आवागमन हेतु आईजी कुमाऊं रिधिम अग्रवाल व एसएसपी नैनीताल प्रहलाद नारायण मीणा ने व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

### 'सौगात-ए-मोदी' कार्यक्रम राजनीतिक : मायावती



**लखनऊ।** अल्पसंख्यक समुदाय के लोगों के लिए भाजपा के 'सौगात-ए-मोदी' कार्यक्रम की घोषणा के एक दिन बाद बहुजन बसपा प्रमुख मायावती ने इसे विशुद्ध रूप से राजनीतिक कार्यक्रम करार दिया। भाजपा ने अल्पसंख्यकों से जुड़ने के उद्देश्य से राष्ट्रव्यापी कार्यक्रम शुरू किया, जिसकी शुरुआत महिलाओं के लिए खाद्य सामग्री और कपड़ों से युक्त किट के वितरण से हुई।

## 70 सांसद अध्यक्ष से मिले, 'बोलने का मौका नहीं देने' का लगाया आरोप

# नियम अनुसार आचरण करें नेता प्रतिपक्ष : बिरला

# राहुल बोले-अलोकतांत्रिक तरीके से चला रहे सदन


एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने बुधवार को नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी से कहा कि वह नियमों और सदन की मर्यादा के अनुरूप आचरण करें, जिसको लेकर कांग्रेस नेता ने आरोप लगाया कि सदन को अलोकतांत्रिक तरीके से चलाया जा रहा है और उन्हें बोलने का मौका नहीं दिया जा रहा। बिरला ने शून्यकाल के बाद कहा कि कई पिता-पुत्री, माता-बेटी और पति-पत्नी इस सदन के सदस्य रहे हैं और इसी परिप्रेक्ष्य में नेता प्रतिपक्ष से अपेक्षा की जाती है कि वह सदन के नियमों और परंपराओं के अनुरूप आचरण करेंगे। इसके बाद उन्होंने सदन की कार्यवाही दो बजे तक स्थगित कर दी। सदन की कार्यवाही स्थगित होने के बाद कांग्रेस के करीब 70 सांसदों ने बिरला से मुलाकात की और नेता प्रतिपक्ष को ''बोलने का मौका नहीं देने'' को लेकर विरोध दर्ज कराया। बिरला ने सदन में कहा, ''सदन के सदस्यों से अपेक्षा की जाती है कि वे सदन की मर्यादा और शालीनता के उच्च मापदंडों को बनाए रखें।

बिरला बोले, सदस्यों से मर्यादा व शालीनता की अपेक्षा की जाती है | राहुल का आरोप, मुझे लोकसभा में बोलने नहीं दिया जाता

**संसद में पक्ष-विपक्ष में खींचतान जारी**





**सदन में मर्यादा बनाएं रखे**

लोकसभा अध्यक्ष ने शून्यकाल के दौरान कहा, ''सदन के सदस्यों से अपेक्षा की जाती है कि वे सदन की मर्यादा और शालीनता के उच्च मादपदंडों को बनाए रखें। मेरे संज्ञान में कई ऐसी घटनाएं आई हैं कि सदस्यों के आचारण सदन की उच्च परंपराओं और मापदंडो के अनुरूप नहीं हैं।'

**लोकतंत्र में सरकार और विपक्ष दोनों की जगह होती है**

राहुल गांधी ने संसद परिसर में संवाददाताओं से कहा, ''लोकसभा अध्यक्ष ने मेरे बारे में कुछ बोला। जब मैं खड़ा हुआ तो वह उठकर चले गए और सदन की कार्यवाही स्थगित कर दी।'' उन्होंने दावा किया, ''जब भी मैं सदन में बोलने के लिए खड़ा होता हूं तो बोलने नहीं दिया जाता, जबकि यह परंपरा रही है कि नेता प्रतिपक्ष खड़ा हो तो उसे बोलने दिया जाए। पता नहीं किस प्रकार से सदन से चल रहा है।' राहुल गांधी ने कहा, ''मैंने कुछ नहीं किया है। मैं शांति से बैठा था। पिछले सात-आठ दिन में मैंने कुछ नहीं बोला। लोकतंत्र में सरकार और विपक्ष दोनों की जगह होती है, लेकिन यहां लोकतंत्र की जगह नहीं है।

### त्रिभुवन सहकारी विश्वविद्यालय बिल पास



लोकसभा ने बुधवार को त्रिभुवन सहकारी विश्वविद्यालय विधेयक, 2025 को पास कर दिया। इसके पास होने से गुजरात के इंस्टिट्यूट ऑफ रूरल मैनेजमेंट आनंद को विश्वविद्यालय बनाया जाएगा। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि इस विश्वविद्यालय से ग्रामीण अर्थव्यवस्था, आत्मनिर्भरता और छोटे उद्यमिता को मजबूती मिलेगी। शाह ने कहा- त्रिभुवन भाई पटेल वह व्यक्ति हैं, जिनकी अगुआई में अमूल की स्थापना हुई। उन्होंने कहा- मोदी के नेतृत्व में दिल्ली में कमल खिलना बाकी था, अब वहां भी खिल गया है। आयुष्मान भारत अब दिल्ली में भी लागू हो गया है। अब सिर्फ बंगाल बचा है, वहां भी चुनाव में कमल खिल जाएगा और आयुष्मान भारत योजना पश्चिम बंगाल में भी लागू हो जाएगी।

### प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के लिए बहुत कम बजट आवंटन : सोनिया गांधी



राज्यसभा में कांग्रेस की वरिष्ठ नेता सोनिया गांधी ने बुधवार को प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के तहत बहुत कम बजट आवंटित किये जाने का आरोप लगाते हुए सुझाव दिया कि इसके तहत गर्भवती महिलाओं को दिये जाने वाले आर्थिक लाभ की पूरी राशि प्रदान की जानी चाहिए। शून्यकाल में यह मुद्दा उठाते हुए कांग्रेस नेता सोनिया गांधी ने कहा कि राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा कानून 2013 और प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के तहत महिलाओं को मातृत्व लाभ प्रदान नहीं किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि संसद ने तत्कालीन प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के नेतृत्व में सितंबर 2013 में राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा कानून को पारित किया था। उन्होंने कहा कि यह प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना का आधार था। उन्होंने कहा कि इस कानून के तहत अनौपचारिक क्षेत्र में गर्भवती महिलाओं को छह हजार रूपये प्रदान किए जाने थे। उन्होंने कहा कि 2017 में शुरू की गयी प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना में इस अधिकार को प्रदान किए जाने की बात कही गयी थी किंतु इसके तहत ऐसी महिलाओं को मात्र 5000 रूपये देने का प्रावधान किया गया।

## संभल में घर की छतों पर नमाज नहीं होगी, एएसपी ने लगाई रोक

**संभल (एजेंसी)।** घर की छतों और सड़कों पर नमाज पढ़ने पर रोक लगा दी गई है। बुधवार को सदर कोतवाली में हुई पीस कमेटी की बैठक में एएसपी श्रीश्चंद्र ने यह निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि मस्जिद एवं ईदगाह के अंदर ही नमाज अदा की जाएगी। एएसपी ने कहा-नियम के अनुसार ही सभी पर्व मनाए जाएंगे। कहीं भी कोई अशांति नहीं होगी। सुरक्षा व्यवस्था के लिए पर्याप्त पुलिस बल भी लगाया जाएगा। पीस कमेटी की बैठक में सीओ अनुज चौधरी ने कहा- हम प्रशासनिक सेवा में हैं। हमारी जिम्मेदारी है कि हम अपना काम सही से करें। हम लोग ये बिल्कुल नहीं चाहेंगे कि कोई बवाल हो या दिक्कत हो। किसी भी तरह की समस्या होगी तो वो आपको भी झेलनी पड़ेगी और हमें भी झेलनी पड़ेगी। हम लोग निष्पक्षता से जो काम करते हैं, उसे अदर वाइज न लिया जाए। हम बस ये चाहते हैं कि हम भी आजाद रहें और आप भी आजाद रहें। यूपी के किसी भी जिले में तीन महीने में कोई बवाल नहीं हुआ है। संभल दंगे में कितने लोग थे। कोई भी आदमी बिना सबूत के जेल नहीं जा रहा है।



■ सीओ अनुज चौधरी ने कहा- सेवइयां खिलानी है तो गुझिया खानी पड़ेगी

**CH. DEVI LAL COOP. SUGAR MILLS LTD., GOHANA.**

**Tender Notice**

Contact Numbers: 9050001542 (SSM)
9813819264(C.E)
8199040406 (APO)

Online tenders are invited from Manufacturers / Traders / Authorized Distributors / Experienced (Sugar) Exporters for following items.

1. Purchase of Chain Spares.
2. Job work-Deshelling & Reshelling of Mills' Rollers.
3. Purchase of Iron and Steel.
4. Job work - Dynamic Balancing & Ultrasonic Testing of Various Shaft & Thickness Monitoring of Tubes.
5. Job work-ETP, Spray pond Cleaning.
6. Job work-Cleaning of Various Tubes, Pipes & Pans during off season.
7. Purchase of General hardware Items
8. Job work-Internal and External Cleaning of Boiler.
9. Purchase of M.S. Pipes.
10. Purchase of Trash Plate & C.S. Scrappers.
11. Purchase of Industrial GAS (LPG) Commercial.
12. AMC of power Turbine and Turbo feed pump, Make Bellis.
13. AMC of TST 1030-M-174 Major Overhauling(3 MW Triveni make Turbine)
14. Purchase of Electrical spare Siemens & L&T Make. (Rate Cont.)
15. Purchase of M.S. & H.T. NUT-BOLT, (Rate Cont.)
16. Rate Contract of Packing & Jointing.
17. Rate Contract of valves & Cock.
18. Sales of 4360 Qtl BISS Ungraded Sugar (2023-24) & 2860 Qtl BISS Ungraded Sugar (2024-25) (For Industrial Use Only)
19. Sale of 20000 Qtl Molasses (Production year 2024-25) stored in steel Tanks.
20. Supply, Dismantling & Erection of Cane Un-loader Bridge Rail.
21. Replacement of Fibrizer Shaft.
22. Lease the Agriculture Farm for three years.

The online tenders can be submitted on Haryana E-procurement website https://etenders.hry.nic.in/. On line (E-Tendering) tenders completed in all respects should be filed / submitted **latest by 07/04/2025 up to 11:00 AM** on this site. All bidder firms should file / submit both their technical as well as financial bids through online mode on this website. **Tenders will be opened on 11:30 PM of 07/04/2025.** Undersigned reserves the right to cancel / reject any / all tenders without assigning any reason thereof. **The negotiations will be held on 09/04/2025 at 11-00 AM in BOA meeting.**

**Sd/-Managing Director**

## शिंदे के बाद कॉमेडियन कुणाल की निर्मला सीतारमण पर पैरोडी

**मुंबई (एजेंसी)।** कॉमेडियन कुणाल कामरा ने बुधवार को नया वीडियो पोस्ट किया है। इसमें उन्होंने वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण पर तंज कसा है। कुणाल ने पैरोडी सॉन्ग में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण पर कटाक्ष किया है। कुणाल 5 दिन में इस तरह के 3 वीडियो पोस्ट कर चुके हैं। इससे पहले 36 साल के स्टैंडअप कॉमेडियन ने 22 मार्च को अपने शो में एकनाथ शिंदे के राजनीतिक करियर पर कटाक्ष किया था। कामरा ने फिल्म 'दिल तो पागल है' के एक गाने की पैरोडी की थी और शिंदे के लिए अपशब्दों का प्रयोग किया था। इसके बाद शिंदे समर्थकों ने उस होटल में तोड़फोड़ की थी, जहां यह शो रिकॉर्ड किया गया था। इसके बाद इस लेकर कुणाल पर एफआईआर दर्ज की गई थी। उन्हें मुंबई पुलिस ने बुधवार को दूसरा समन भेजा, क्योंकि वे पहले समन पर पेश नहीं हुए थे। उनके वकील ने 7 दिन का वक्त मांगा था, लेकिन पुलिस ने वक्त नहीं दिया। कुणाल कामरा ने 25 मार्च को एक और नया पैरोडी सॉन्ग सोशल मीडिया पर पोस्ट किया था।



■ कुणाल पर एफआईआर दर्ज की गई थी, मुंबई पुलिस ने दूसरा समन भेजा , पहले नहीं हुए थे पेश

### राज्यों को सार्वजनिक स्थानों पर स्तनपान और 'चेंजिंग रूम' बनाने का निर्देश

**नई दिल्ली (भाषा)।** केंद्र ने राज्यों, केंद्र शासित प्रदेशों और कुछ केंद्रीय मंत्रालयों को निर्देश दिया है कि वे महिलाओं की सुविधा के लिए सार्वजनिक स्थानों पर शिशुओं को स्तनपान कराने और कपड़े बदलने के कक्ष स्थापित करें। महिला एवं बाल विकास राज्य मंत्री सावित्री ठाकुर ने बुधवार को राज्यसभा को एक प्रश्न के लिखित उत्तर में यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि महिला एवं बाल विकास मंत्रालय ने सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय (एमओआरटीएच), नागरिक उड्डयन मंत्रालय, रेलवे बोर्ड और राज्य सरकारों को पत्र लिखकर ऐसी सुविधाएं उपलब्ध कराने को कहा है। उनके अनुसार, नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने बताया है कि विभिन्न हवाई अड्डों पर कुल 312 ''फीडिंग और चेंजिंग रूम'' स्थापित किए गए हैं, जिनमें भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (एएआई) के तहत 164 और गैर-एएआई हवाई अड्डों पर 148 कक्ष शामिल हैं।

## एक लाख बूथ स्तर अधिकारियों को किया जाएगा प्रशिक्षित

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने बुधवार को नई दिल्ली में बूथ स्तर के अधिकारियों (बीएलओ) के पहले प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्घाटन किया। कुछ वर्षों में ऐसे प्रशिक्षण कार्यक्रमों में औसतन 10 मतदान केंद्रों पर एक बीएलओ के आधार पर 1 लाख से अधिक बूथ स्तर के अधिकारियों को प्रशिक्षित किया जाएगा। आयुक्त ने बल दिया कि केवल सामान्य रूप से निर्वाचन क्षेत्र में निवासरत 18 वर्ष से अधिक आयु के भारत के नागरिकों को मतदाता के रूप में पंजीकृत किया जा सकता है। उन्होंने सभी सीईओ, डीईओ, ईआरओ को सर्वदलीय बैठकें करने और मतदाता सूची को सही तरीके से अद्यतन करने सहित अधिकार क्षेत्र से संबंधित मुद्दों को हल करने के लिए दिए गए निर्देशों का उल्लेख किया। उन्होंने यह चेतावनी भी दी कि किसी भी शिकायत पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।



■ मुख्य निर्वाचन आयुक्त ने बीएलओ के पहले प्रशिक्षण का किया उद्घाटन

**उत्तर रेलवे**

**ई–निविदा**

**खुली निविदा संख्या 68–अम्बाला/2024–25, दिनांक: 26.03.2025**

वरिष्ठ मंडल अभियंता–समन्वय/अम्बाला के द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से ई–निविदा के माध्यम से इच्छुक ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्यों हेतु खुली निविदायें आमंत्रित की जाती है जो कि उन कार्यों के सामने दी गयी तिथि को **15:00 बजे** तक खुली रहेगी और उसके बाद खोली जाएगी।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (Rs.) | अग्रिम राशि (Rs.) | कार्य समाप्ति का समय | निविदा खुलने की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | एडीईएन/पीटीए के अंतर्गत एसएसई/पी. वे/यूकेएन के खंड में डीयूआई–जेएचएल– एचएसआर मार्ग पर नियंत्रण रेखा संख्या 97–बी, 99–बी, 5–सी, 8–सी, 12–सी, 22–बी, 36–सी, 37–सी, 51–सी, 55–सी पर रबरयुक्त सतह। | 84,58,769/- | 1,69,200/- | 04 महीने | 17.04.2025 |
| 2 | एडीईएन/ट्रैक/अंबाला के अधीन जाखल–हिसार सेक्शन पर धान्सू स्थित गिट्टी डिपो में रेल ट्रकों/बीओबी में विधिवत स्टैक करके लोड की गई 30000 सीयूएम 65 मिमी गेज मशीन क्रश्ड स्टोन गिट्टी की आपूर्ति। | 3,44,73,000/- | 3,22,400/- | 06 महीने | 17.04.2025 |
| 3 | लिडार सर्वेक्षण प्रौद्योगिकी (आरपीजे–बीटीआई–एसजीएनआर) का उपयोग करके यार्ड और अनुभाग का ढाल सत्यापन। | 45,77,325/- | 91,600/- | 02 महीने | 17.04.2025 |
| 4 | सीनियर मंडल अभियंता/चतुर्थ/अंबाला के तहत (1) सीटीआर (एस) – 3.077 टीकेएम लूप लाइनें (289.526 – 290.707, 306.992 – 307.965 और 306.993–307.916), एसटी/वुडन/सीएसटी–9 स्लीपरों (1340 संख्या/किमी) पर बिछाई गई मौजूदा 52 किलो 72 यूटीएस एसएच रेल में से ) पीएससी, एसटी/लकड़ी/सीएसटी–9 स्लीपरों पर 1660 संख्या/किमी, (2) टीआरआर (एस) 1.603 टीकेएमएस (23.281–23.705, 31.36–31.74, 31.493–31.896, 31.501–31.852 और 48.294–48.339) मौजूदा 90R, 72UTS (S) से 52kg 90UTS (S), (3) टीएसआर (एस) 1.756 टीके किमी (289.676–290.604 और 289.561–290.389) मौजूदा पीएससी 52 किग्रा (1340 संख्या/किमी) एम +4 पीएससी 60 किग्रा (1540 संख्या/किमी) एम+7 के साथ (4) टीआरआर (पी) 11.928 टीकेएमएस (267–270.25, 270.54–272.96, 275–278.32, 308.06–311) (5) बस्सी पथाना स्टेशन (बीएसपीएन) पर गुड्स साइडिंग पर आधे माल रैक के एक हुक प्लेसमेंट का प्रावधान। | 2,68,72,258/- | 2,84,400/- | 12 महीने | 17.04.2025 |
| 5 | अंबाला कैंट के रेल विहार स्थित रेलवे स्टेडियम में खुले शेड के साथ वॉक्सिंग रिंग का प्रावधान। | 45,08,288/- | 90,200/- | 04 महीने | 17.04.2025 |

**नोट:** 1. ठेकेदार को शर्तों के अनुसार निविदा योग्यता पूरी करने हेतु सभी जरूरी सम्बंधित डॉक्यूमेन्टों के स्कैनिंग कॉपी को रेलवे वेबसाइट IREPS पर अपलोड करनी जरूरी है। 2. अग्रिम राशि ऑन लाइन पेमेन्ट नेट बैंकिंग/गेटवे पेमेन्ट के द्वारा ही स्वीकार्य होगें। 3. निविदा की विस्तृत जानकारी हेतु रेलवे वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर लोग ऑन करें। 4. ठेकेदार को ई–निविदा में भागीदारी हेतु (क्लास–III) डिजिटल सिगनेचर सार्टिफिकेट द्वारा लोग ऑन करना होगा। 5. जी. एस. टी. एक्ट 2017 के अनुसार लागू होगी। **937/2025**

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**हरियाणा सरकार | निविदा सूचना**

| क्र. सं. | विभाग का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि / बंद होने की तिथि | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | विभाग की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा रोहतक | जलापूर्ति तकनीकी मंडल रोहतक में स्थायी पम्प हाउस के आरडी 93500 बीएसबी पर एलटीडीबी ट्रांसफॉर्मर कार्य की आपूर्ति, स्थापना और कमीशनिंग + 3 कार्य। | बंद होने की तिथि 01.04.2025 | 333.71 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 8901388296 rohtakxenmech@yahoo.com |
| 2 | राजकीय महाविद्यालय सुल्तानपुर (फारूखनगर), गुरुग्राम | परिसर की क्लीनिंग और हाउसकीपिंग इत्यादि सेवाओं हेतु वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए एतद द्वारा निविदा आमंत्रित की जाती है। | बंद होने की तिथि 11.04.2025 | | https://etenders.hry.nic.in | 8769350065 gcfarrukhnagar@gmail.com |
| 3 | महानिदेशक आपूर्ति एवं निपटान पंचकूला हरियाणा | क्र. सं. 1 से 13 मदों तक मदों की निहित सूची (13 मदों का एकल लॉट)। | 26.03.2025 22.04.2025 | | https://etenders.hry.nic.in dsndharyana.gov.in | 0172-2570122 Supplies@hry.nic.in |
| 4 | महानिदेशक आपूर्ति एवं निपटान पंचकूला हरियाणा | क्र. सं. 01 से 01 मद तक मदों की निहित सूची अर्थात आरआईजी 017डी बेरिंग नं. एचआर68बी-4419 (01 मद का एकल लॉट)। | 26.03.2025 22.04.2025 | | https://etenders.hry.nic.in dsndharyana.gov.in | 0172-2570122 Supplies@hry.nic.in |
| 5 | महानिदेशक आपूर्ति एवं निपटान पंचकूला हरियाणा | क्र. सं. 1 से 486 तक निहित मदों की सूची (486 मदों का एकल लॉट)। | 26.03.2025 22.04.2025 | | https://etenders.hry.nic.in dsndharyana.gov.in | 0172-2570122 Supplies@hry.nic.in |
| 6 | महानिदेशक आपूर्ति एवं निपटान पंचकूला हरियाणा | क्र. सं. 1 से 35 मदों की निहित मदों की एक सूची (35 मदों का एकल लॉट)। | 26.03.2025 22.04.2025 | | https://etenders.hry.nic.in dsndharyana.gov.in | 0172-2570122 Supplies@hry.nic.in |
| 7 | महानिदेशक आपूर्ति एवं निपटान पंचकूला हरियाणा | क्र. सं. 1 से 437 मदों की निहित मदों की एक सूची (437 मदों का एकल लॉट)। | 26.03.2025 22.04.2025 | | https://etenders.hry.nic.in dsndharyana.gov.in | 0172-2570122 Supplies@hry.nic.in |
| 8 | महानिदेशक आपूर्ति एवं निपटान पंचकूला हरियाणा | क्र. सं. 1 से 19 मदों की निहित मदों की एक सूची (19 मदों का एकल लॉट)। | 26.03.2025 22.04.2025 | | https://etenders.hry.nic.in dsndharyana.gov.in | 0172-2570122 Supplies@hry.nic.in |
| 9 | एसएचकेएम राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय नल्हड़, नूह | एसएचकेएम जीएमसी नल्हड़ नूह में अग्निशामन सेवाओं हेतु सीएमसी। | 28.03.2025 03.04.2025 | 2.57 लाख | https://etenders.hry.nic.in/nicgep/app | 01267-282007 tendergmcmewat@gmail.com |
| 10 | एसएचकेएम राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय नल्हड़, नूह | एसएचकेएम जीएमसी नल्हड़ नूह में अल्ट्रासाउंड कलर डोपलर मशीन के प्रावधान, विकास, प्रचालन और रखरखाव हेतु निविदा। | 28.03.2025 15.04.2025 | ईएमडी 2 लाख | https://etenders.hry.nic.in/nicgep/app | 01267-282007 tendergmcmewat@gmail.com |
| 11 | एसएचकेएम राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय नल्हड़, नूह | फिनायल कंसनट्रेट की खरीद। | 28.03.2025 15.04.2025 | 10000/- | https://etenders.hry.nic.in/nicgep/app | 01267-282007 tendergmcmewat@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें: www.etenders.hry.nic.in

पीआरडीएच-11/2025/220/33331/I/88/6 दि. 26.03.25



# जहां राम के चरण पड़े, वहीं रामसेतु बना देंगे, पंबन ब्रिज की मिलेगी सौगात



**1914 में यातायात के लिए खुला**

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भगवान राम से जुड़े तीर्थों को नया स्वरूप देने में जुटे हैं। इसी कड़ी में पीएम मोदी अयोध्या के बाद तमिलनाडु में उस जगह से देशवासियों को एक खूबसूरत ब्रिज की सौगात देंगे,जहां कभी प्रभुराम के चरण पड़े थे। रामेश्वरम का पंबन ब्रिज जिस समुद्री क्षेत्र (मन्नार की खाड़ी) के ऊपर बना है, वह वही स्थान माना जाता है जहां से भगवान राम ने लंका जाने के लिए रामसेतु का निर्माण करवाया था। रामनवमी के दिन पीएम मोदी यह ब्रिज देशवासियों को समर्पित करेंगे। इसका लुक गजब का बनाया गया है।

**12.5** मीटर की ऊंचाई पर बनाया गया

**415** टन है प्रत्येक पत्ते का वजन

**143** खंभे लगे हैं इस पुल में

रामनवमी के दिन पीएम मोदी यह ब्रिज देशवासियों को करेंगे समर्पित

**पीएम मोदी तीर्थों को नया स्वरूप देने में जुटे**

### ब्रिज की खासियत

पंबन ब्रिज न केवल एक इंजीनियरिंग चमत्कार है, बल्कि यह कई कहानियों और संघर्षों का साक्षी भी रहा है। पंबन ब्रिज एक कैंटिलीवर ब्रिज है, जो समुद्र तल से 12.5 मीटर की ऊंचाई पर बना हुआ है। इस पुल का डिजाइन इतना अनूठा है कि यह बीच से खुल सकता है, जिससे समुद्री जहाज आसानी से गुजर सकते हैं। इसे 'डबल-लीफ बेसक्यूल ब्रिज' कहा जाता है। इन पत्तों को मैन्युअल रूप से लीवर की मदद से उठाया और नीचे किया जाता था। प्रत्येक पत्ते का वजन लगभग 415 टन है। पुल में 143 खंभे लगे हैं, जो चक्रवात के वक्त भी इसे मजबूती से खड़ा रखेंगे।

**रामेश्वरम से मंडपम को जोड़ेगा**

पंबन ब्रिज समुद्र पर बना हुआ है और यह रामेश्वरम को भारत की मुख्य भूमि (मंडपम) से जोड़ेगा। वैज्ञानिक अध्ययनों और नासा की तस्वीरों से साफ हो चुका है कि पंबन के पास ही समुद्र में एक प्राचीन चट्टानी श्रृंखला पाई गई है, जो रामसेतु की तरह नजर आती है। माना जाता है कि यह सेतु पंबन से श्रीलंका तक फैला हुआ था। यही वजह है कि सरकार ने इस जगह पर जो पुल बनाया है, उसका नाम पंबन ब्रिज रखा गया है।

**113 साल पहले हुई शुरुआत**

सबसे पहले पंबन ब्रिज का निर्माण 1911 में शुरू हुआ और 1914 में इसे यातायात के लिए खोल दिया गया। यह भारत का पहला समुद्री पुल था। यह पुल मन्नार की खाड़ी के ऊपर बना हुआ है और रामेश्वरम द्वीप को तमिलनाडु के मंडपम से जोड़ता है. 1954 में एक बड़ा हादसा हुआ, जब तूफान के कारण एक ट्रेन पुल से नीचे समुद्र में गिर गई। इसमें कई पैसेंजर्स की मौत हो गई थी। 1964 में आए चक्रवात ने ब्रिज को बुरी तरह क्षतिग्रस्त कर दिया. 2019 में इंडियन रेलवे ने इसकी डिजाइन में बड़े बदलाव किए।

---

## खबर संक्षेप

### जाफर एक्सप्रेस हमले में चार मददगार गिरफ्तार

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान से जाफर एक्सप्रेस पर हुए हमले मामले में बलूचिस्तान पुलिस के आतंकवाद निरोधी विभाग (सीटीडी) ने चार संदिग्धों को गिरफ्तार किया है। उन पर 11 मार्च को बोलन जिले में जाफर एक्सप्रेस को हाईजैक करने और 400 से अधिक यात्रियों को बंधक बनाने में शामिल बलोच लड़ाकों की कथित तौर पर मदद करने का आरोप है। हमलावरों की पहचान के प्रयास भी जारी हैं। हमले में मारे गए लड़ाकों के अवशेष फॉरेंसिक साइंस एजेंसी को भेजे गए हैं।

### लुकाशेंको ने सातवीं बार ली राष्ट्रपति पद की शपथ

**मिन्स्क।** बेलारूस के अधिनायकवादी नेता अलेक्जेंडर लुकाशेंको ने मंगलवार को सातवीं बार राष्ट्रपति पद की शपथ ली।



उन्होंने अपने उन आलोचकों का मजाक उड़ाया जिन्होंने 'यूरोप का अंतिम तानाशाह' कहा था। लुकाशेंकों ने कहा कि उनके देश में उन देशों से अधिक लोकतांत्रिक है, जो खुद को इसका आदर्श मानते हैं।

---

## रक्षा मंत्रालय की फैक्ट शीट में किया दावा, रक्षा उत्पादन तेजी से बढ़ रहा

# 65 प्रतिशत रक्षा उपकरण घरेलू स्तर पर बन रहे, रूसी सेना मेड इन इंडिया जूते पहन रही

भारत में रक्षा उत्पादन 2023-24 में 1.27 लाख करोड़ रुपये तक पहुंचा।

भाषा ▶▶ नई दिल्ली





सरकार का कहना है कि अब 65 प्रतिशत रक्षा उपकरण घरेलू स्तर पर बनाए जा रहे हैं, जिससे इस क्षेत्र में भारत की आत्मनिर्भरता जाहिर होती है। साथ ही यह पूर्व की 65-70 प्रतिशत आयात निर्भरता से एक ''महत्वपूर्ण बदलाव'' भी है। रक्षा मंत्रालय की एक फैक्ट शीट के अनुसार, 'मेक इन इंडिया' पहल शुरू होने के बाद से भारत का रक्षा उत्पादन ''असाधारण गति'' से बढ़ा है और 2023-24 में यह रिकॉर्ड 1.27 लाख करोड़ रुपये तक पहुंच गया। मंगलवार को साझा की गई फैक्ट शीट में बताया गया है कि भारत के विविध निर्यात साजो-सामान में बुलेटप्रूफ जैकेट, डोर्नियर (डीओ-228) विमान, चेतक हेलीकॉप्टर, तेज इंटरसेप्टर नौकाएं और हल्के टॉरपीडो शामिल हैं। मंत्रालय ने कहा, ''विशेष रूप से, 'मेड इन बिहार' जूते अब रूसी सेना के साजो-सामान का हिस्सा हैं, जो भारत के उच्च विनिर्माण मानकों को उजागर करते हैं।''

### उभरती हुई शक्ति के रूप में खड़ा है भारत

फैक्ट शीट में कहा गया, ''एक समय विदेशी आपूर्तिकर्ताओं पर निर्भर रहने वाला देश अब स्वदेशी विनिर्माण में एक उभरती हुई शक्ति के रूप में खड़ा है, जो घरेलू क्षमताओं के माध्यम से अपनी सैन्य शक्ति को आकार दे रहा है। यह बदलाव आत्मनिर्भरता के लिए एक मजबूत प्रतिबद्धता को दर्शाता है। यह सुनिश्चित करता है कि भारत न केवल अपनी सुरक्षा आवश्यकताओं को पूरा करे बल्कि एक मजबूत रक्षा उद्योग भी बनाए जो आर्थिक विकास में योगदान दे।''

### रक्षा बजट में 6.81 लाख करोड़ तक वृद्धि

विदेशी निवेश आकर्षित करने के लिए सितंबर 2020 में रक्षा क्षेत्र में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) को उदार बनाया गया था, जिससे स्वचालित मार्ग से 74 प्रतिशत तक और सरकारी मार्ग से 74 प्रतिशत से अधिक एफडीआई की अनुमति मिली। अप्रैल 2000 से रक्षा उद्योगों में कुल एफडीआई 5,516.16 करोड़ रुपये है। 'मेक इन इंडिया' पहल पर मंत्रालय ने कहा कि रणनीतिक नीतियों ने इस गति को बढ़ाया है, निजी भागीदारी, तकनीकी नवाचार और उन्नत सैन्य प्लेटफार्म के विकास को प्रोत्साहित किया है। मंत्रालय के अनुसार, 2013-14 में 2.53 लाख करोड़ से 2025-26 में 6.81 लाख करोड़ रुपये तक रक्षा बजट में वृद्धि, देश के अपने सैन्य बुनियादी ढांचे को मजबूत करने के दृढ़ संकल्प को रेखांकित करती है।

### अब वैश्विक रक्षा विनिर्माण का प्रमुख खिलाड़ी

इसने कहा कि आत्मनिर्भरता और आधुनिकीकरण के लिए यह प्रतिबद्धता हाल ही में सुरक्षा मामलों पर कैबिनेट समिति द्वारा उन्नत 'टोड आर्टिलरी गन सिस्टम' (एटीएजीएस) की खरीद के लिए दी गई मंजूरी में परिलक्षित होती है, जो सेना की मारक क्षमता को बढ़ाने में एक महत्वपूर्ण कदम है। मंत्रालय ने कहा कि देश में निर्मित आधुनिक युद्धपोतों, लड़ाकू विमानों, तोप प्रणाली और अत्याधुनिक हथियारों के साथ, भारत अब वैश्विक रक्षा विनिर्माण परिदृश्य में एक प्रमुख खिलाड़ी है।'

### रक्षा उत्पादन में 3 लाख करोड़ रुपये का लक्ष्य रखा

यह फैक्ट शीट 24 मार्च को जारी की गई जिसमें कहा गया है कि भारत ने 2029 तक रक्षा उत्पादन में 3 लाख करोड़ रुपये का लक्ष्य रखा है, जो वैश्विक रक्षा विनिर्माण केंद्र के रूप में इसकी स्थिति को मजबूत करता है। अधिकारियों ने बताया कि इस वृद्धि को 'मेक इन इंडिया' पहल से बल मिला है, जिसने धनुष तोप प्रणाली, एडवांस्ड टोड आर्टिलरी गन सिस्टम, मुख्य युद्धक टैंक अर्जुन, हल्के लड़ाकू विमान तेजस, अत्याधुनिक हल्के हेलीकॉप्टर, आकाश मिसाइल प्रणाली, हथियारों का पता लगाने वाली रडार सहित उन्नत सैन्य प्लेटफा'र्म का विकास निर्धारित किया है, साथ ही विध्वंसक, स्वदेशी विमानवाहक, पनडुब्बी और अपतटीय गश्ती पोतों जैसी नौसेना संपत्ति भी विकसित की है।

---

# रक्षा मंत्रालय ने 6900 करोड़ रुपये की डील साइन की

## भारत 307 हॉवित्जर तोपें खरीदेगा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

रक्षा मंत्रालय ने भारतीय सेना की सैन्य क्षमता को बढ़ाने के लिए बुधवार को 6900 करोड़ रुपये की डील साइन की। इसके तहत अब 307 एडवांस्ड टोव्ड आर्टिलरी गन सिस्टम यानी हॉवित्जर तोपों को खरीदा जाएगा। यह पहली बार है जब इतनी बड़ी संख्या में स्वदेशी तोपें खरीदी जा रही हैं।

यह डील भारत फोर्ज और टाटा एडवांस्ड सिस्टम्स के साथ हुई है। इसमें भारत फोर्ज 60 फीसदी तोपों का निर्माण करेगी, जबकि टाटा एडवांस्ड सिस्टम्स 40 फीसदी का प्रोडक्शन करेगी।

### देशी बोफोर्स भी कहते हैं



यह टोव्ड गन यानी ऐसी तोप है जिसे ट्रक से खींचा जाता है। गोला दागने के बाद बोफोर्स की तरह कुछ दूर खुद जा सकती है। इस तोप का कैलिबर 155एमएम है। इस आधुनिक तोप से 155एमएम वाले गोले दागे जा सकते हैं। हॉवित्जर यानी छोटी तोपें। इस तोप का इस्तेमाल और खासियत काफी कुछ बोफोर्स तोप से मिलती-जुलती है, इसलिए इसे देशी बोफोर्स भी कहा जाता है।

---

## भारत-चीन सीमा तंत्र की 33वीं बैठक

# दोनों देश सीमा पर शांति व सौहार्द के लिए सहमत



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत-चीन सीमा मामलों पर परामर्श और समन्वय कार्य तंत्र (डब्ल्यूएमसीसी) की मंगलवार को बीजिंग (चीन) में 33वीं बैठक हुई, जिसमें ट्रांस-बॉर्डर नदियों और कैलाश-मानसरोवर यात्रा पर क्रॉस-बॉर्डर सहयोग और आदान-प्रदान फिर से शुरू करने पर विचारों का आदान-प्रदान किया गया। विदेश मंत्रालय के अनुसार भारतीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व संयुक्त सचिव (पूर्वी एशिया) गौरांगलाल दास ने किया। चीनी प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व चीनी विदेश मंत्रालय के सीमा एवं महासागरीय मामलों के विभाग के महानिदेशक हांग लियांग ने किया। इस दौरान गौरांगलाल दास ने चीन सहायक विदेश मंत्री हांग लेई से शिष्टाचार भेंट की। बयान के मुताबिक, दोनों पक्ष चीन-भारत सीमा क्षेत्र में शांति और स्थिरता बनाए रखने के लिए व्यावहारिक और प्रभावी कदम उठाने तथा चीन-भारत सीमा मुद्दे पर विशेष प्रतिनिधियों की अगली 24वीं बैठक की सक्रियता से तैयारी करने पर सहमत हुए।

■ सीमा पर नदियों और कैलाश-मानसरोवर यात्रा पर की चर्चा

### निर्णयों को प्रभावी बनाने पर चर्चा

*दोनों पक्ष ने स्वीकारा की समग्र द्विपक्षीय संबंधों के सुचारू विकास के लिए सीमा पर शांति और सौहार्द महत्वपूर्ण है। साथ ही दिसंबर 2024 में बीजिंग में भारत-चीन सीमा प्रश्न पर विशेष प्रतिनिधियों की 23वीं बैठक के दौरान किए गए निर्णयों को प्रभावी बनाने और प्रभावी सीमा प्रबंधन को आगे बढ़ाने के लिए विभिन्न उपायों और प्रस्तावों पर विचार-विमर्श किया। दोनों पक्षों ने इस दिशा में प्रासंगिक राजनयिक और सैन्य तंत्र को बनाए रखने और मजबूत करने पर सहमति व्यक्त की। उन्होंने सीमा पार सहयोग और आदान-प्रदान को शीघ्र बहाल करने पर भी विचार-विमर्श किया, जिसमें सीमा पार नदियों और कैलाश-मानसरोवर यात्रा पर विचार-विमर्श शामिल है।*

---

## सऊदी अरब में यूक्रेन व अमेरिका के बीच वार्ता खत्म

# काला सागर में सैन्य कार्रवाई समाप्त करने पर दोनों सहमत

**रियाद(एजेंसी)।** रूस और यूक्रेन ने अमेरिका की मध्यस्थता में हुई वार्ता के दौरान काला सागर और ऊर्जा स्थलों पर सैन्य हमलों को रोकने पर सहमति व्यक्त की है। वार्ता सोमवार को सऊदी अरब की राजधानी रियाद में रूसी और अमेरिकी प्रतिनिधियों के बीच 12 घंटे से ज्यादा समय तक चली बैठक के बाद हुई। वहीं, मंगलवार को व्हाइट हाउस ने अपनी वेबसाइट पर एक बयान प्रकाशित किया, जिसमें रविवार और मंगलवार के बीच यूक्रेन के साथ हुई दो दौर की वार्ता के परिणामों की सूची दी गई। बयान के अनुसार,अमेरिका और यूक्रेन ने काला सागर में सुरक्षित नौवहन सुनिश्चित करने, बल का उपयोग खत्म करने और सैन्य उद्देश्यों के लिए वाणिज्यिक जहाजों के इस्तेमाल को रोकने पर सहमति जताई है।



### युद्धबंदियों की करेंगे रिहाई

अमेरिका ने युद्धबंदियों की अदला-बदली, नागरिक बंदियों की रिहाई और जबरन स्थानांतरित किए गए यूक्रेनी बच्चों की वापसी में मदद करने का वादा किया। दोनों पक्षों ने रूस और यूक्रेन की ऊर्जा केंद्रों पर हमलों पर रोक लगाने के लिए दोनों देशों के राष्ट्रपतियों के बीच हुए समझौते को लागू करने के उपायों पर सहमति जताई। स्थायी शांति हासिल करने के लिए काम जारी रखने पर भी सहमत हुए।

# अब गाजा में पहली बार हमास का विरोध शुरू



**काहिरा।** एक दुर्लभ घटना के तहत गाजा पट्टी में युद्ध-विरोधी प्रदर्शन के दौरान फलस्तीनियों ने हमास के खिलाफ नारेबाजी की, जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इसे चरमपंथी समूह के खिलाफ जनता में बढ़ते असंतोष का संकेत माना जा रहा है। माना जाता है कि इस समूह ने लंबे समय से असहमति को दबाया है और इजराइल के साथ युद्ध के 17 महीने बाद भी इस क्षेत्र पर शासन कर रहा है। सोशल मीडिया पर प्रसारित वीडियो प्रामाणिक और मंगलवार के प्रतीत हो रहे हैं, जिसमें दिखाई दे रहा है कि भारी क्षति वाले उत्तरी शहर बेत लाहिया में सैकड़ों लोग युद्ध-विरोधी प्रदर्शन कर रहे हैं। वीडियो में दिखाई दे रहा है कि लोगों ने तख्तियां ले रखी हैं जिनपर लिखा था, ''युद्ध बंद करो'', 'हम मरना नहीं चाहते'' और 'हमारे बच्चों का खून सस्ता नहीं है''।

# ओडिशा तट से सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइल का सफल परीक्षण

**बालासोर (भाषा)।** भारत ने बुधवार को ओडिशा तट पर चांदीपुर स्थित एकीकृत परीक्षण रेंज (आईटीआर) से स्वदेशी रूप से विकसित कम दूरी की लंबवत प्रक्षेपित सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइल का सफल परीक्षण किया। सूत्रों ने बताया कि रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) और भारतीय नौसेना ने वीएलएसआरएसएएम के परीक्षण को सफलतापूर्वक अंजाम दिया। उन्होंने कहा कि इस परीक्षण के तहत एक भूमि-आधारित लंबवत प्रक्षेपक से दागी गई मिसाइल से बहुत ही कम दूरी और सीमित ऊंचाई पर स्थित उच्च गति वाले हवाई लक्ष्य को सफलतापूर्वक निशाना बनाया गया। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने इस मिसाइल के सफल परीक्षण के लिए डीआरडीओ, भारतीय नौसेना और संबंधित उद्योग को बधाई दी।

**रक्षा मंत्री सिंह ने इस मिसाइल के सफल परीक्षण के लिए डीआरडीओ, नौसेना और संबंधित उद्योग को बधाई दी**

## जयशंकर की विशेष यूएन दूत से मुलाकात

# म्यांमार सीमा स्थिरता और शरणार्थी मुद्दे पर हुई चर्चा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने मंगलवार को संयुक्त राष्ट्र महासचिव की विशेष दूत जूली बिशप से मुलाकात की। इस बैठक में दोनों नेताओं ने म्यांमार की सीमा स्थिरता, शरणार्थी स्थिति, म्यांमार से जुड़े अंतरराष्ट्रीय अपराध और आर्थिक सहयोग जैसे मुद्दों पर चर्चा की। जयशंकर ने बैठक के बाद सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर लिखा कि दिल्ली में म्यांमार पर यूएन महासचिव की विशेष दूत जूली बिशप से मिलकर खुशी हुई। हमने म्यांमार सीमा स्थिरता, शरणार्थी स्थिति, अंतरराष्ट्रीय अपराध और आर्थिक सहयोग पर विचार-विमर्श किया। साथ ही राजनीतिक स्थिति पर भी चर्चा की। बता दें, बिशप को अप्रैल 2024 में संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने म्यांमार के लिए विशेष दूत नियुक्त किया था। इससे पहले, फरवरी 2025 में भारत और म्यांमार ने दवा, दाल, बीन्स, पेट्रोलियम उत्पादों और हाल ही में शुरू किए गए रुपये-क्यात व्यापार निपटान तंत्र का अधिक उपयोग करने पर चर्चा की थी, ताकि दोनों देशों के बीच व्यापारिक सहयोग को बढ़ावा दिया जा सके। उस बैठक में दोनों देशों ने सीमा व्यापार को फिर से शुरू करने के लिए सड़क मार्ग का उपयोग बढ़ाने पर सहमति जताई थी।



---

**सख्त रुख** अमेरिका के धार्मिक स्वतंत्रता आयोग की रिपोर्ट पर भारत की खरी-खरी

# यूएससीआईआरएफ खुद चिंता का विषय, रिपोर्ट एक बार फिर से पक्षपाती और राजनीति से प्रेरित

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

भारत ने अंतरराष्ट्रीय धार्मिक स्वतंत्रता पर अमेरिकी आयोग (यूएससीआईआरएफ) की रिपोर्ट को खारिज कर दिया और कहा कि देश के जीवंत बहुसांस्कृतिक समाज पर आक्षेप लगाने के उसके ''लगातार'' प्रयास धार्मिक स्वतंत्रता के प्रति वास्तविक चिंता के बजाय ''जानबूझकर'' चलाए जा रहे एजेंडे को दर्शाते हैं। अपनी प्रतिक्रिया में भारत ने रिपोर्ट को ''पक्षपाती और राजनीति से प्रेरित'' बताया और कहा कि लोकतंत्र और सहिष्णुता के प्रतीक के रूप में भारत की छवि को ''कमजोर'' करने के प्रयास सफल नहीं होंगे। भारत ने यह भी कहा कि यूएससीआईआरएफ को ही ''चिंताजनक संस्था'' घोषित किया जाना चाहिए।



### भारत की लोकतंत्रिक ताकत को कमजोर नहीं कर सकते

यूएससीआईआरएफ ने अपनी रिपोर्ट में भारत को विशेष चिंता का देश (सीपीसी) घोषित करने की सिफारिश की है। साथ ही इस रिपोर्ट में आरोप लगाया है कि भारत में धार्मिक स्वतंत्रता की स्थिति बिगड़ रही है, खासकर धार्मिक अल्पसंख्यकों के खिलाफ हमले और भेदभाव बढ़ रहे हैं। इसपर भारत ने इस रिपोर्ट को खारिज करते हुए कहा कि ऐसे प्रयासों से भारत की लोकतांत्रिक और सहिष्णु छवि को नुकसान नहीं पहुंचेगा। विदेश मंत्रालय ने यूएससीआईआरएफ को चिंता का विषय बताने की बात की और कहा कि भारत के लोकतंत्र और सहिष्णुता की ताकत को कोई कमजोर नहीं कर सकता।

### भारत की बहुलवादी वास्तविकता स्वीकारें

रणधीर जायसवाल ने यह भी कहा कि भारत में 140 करोड़ लोग रहते हैं, जो अलग-अलग धर्मों से आते है। इस बात के लिए भारत का समाज एक उदाहरण है कि विभिन्न धर्मों के लोग शांति और सामंजस्यपूर्ण तरीके से एक साथ रहते है। साथ ही उन्होंने कहा कि हमें कोई उम्मीद नहीं है कि यूएससीआईआरएफ भारत की बहुलवादी वास्तविकता को स्वीकार करेगा या इसके विविध समुदायों के शांतिपूर्ण सहजीवन को समझेगा।

# भारतीय चुनाव व्यवस्था के कायल हुए ट्रंप, अमेरिका में वोटिंग नियम बदले

**न्यूयॉर्क (भाषा)।** राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अमेरिकी चुनाव प्रणाली में आमूलचूल परिवर्तन के लिए अपने कार्यकारी आदेश में भारत और ब्राजील का उदाहरण देते हुए कहा कि दोनों देश मतदाता पहचान को बायोमेट्रिक डेटाबेस से जोड़ रहे हैं, जबकि अमेरिका नागरिकता के लिए स्व-सत्यापन पर निर्भर है। ट्रंप द्वारा मंगलवार को हस्ताक्षरित व्यापक कार्यकारी आदेश में कहा गया है कि स्वशासन की अग्रणी व्यवस्था के बावजूद, अमेरिका अभी तक दोनों देशों द्वारा उपयोग किए जाने वाले बुनियादी और आवश्यक चुनाव सुरक्षा को लागू करने में विफल रहा है। उदाहरण के लिए भारत और ब्राजील मतदाता पहचान को बायोमेट्रिक डेटाबेस से जोड़ रहे हैं, जबकि अमेरिका नागरिकता के लिए बड़े पैमाने पर स्व-सत्यापन पर निर्भर है।''मतों की गिनती करने में जर्मनी और कनाडा को स्थानीय अधिकारियों द्वारा सार्वजनिक रूप से गिने जाने वाले कागजी मतपत्रों के उपयोग की आवश्यकता होती है।



■ इलेक्शन सिस्टम को बताया आदर्श, अपने देश की चुनाव प्रणाली में की सुधार की बात, जारी कर दिया नया आदेश

### चीन की मशीन समुद्र में 4,000 मीटर अंदर जाकर इंटरनेट केबल को काट देगी, ठप कर देगी दुनिया का कामकाज

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** चीनी वैज्ञानिकों ने ऐसी मशीन विकसित कर ली है जो पूरी दुनिया का इंटरनेट एक झटके में ठप कर सकता है। चीन के हाथ एक ऐसी टेक्नोलॉजी लग गई है जिसकी मदद से वह समुद्र के नीचे बिछे इंटरनेट केबल को काट सकता है। ऐसा हुआ तो पूरी दुनिया का इंटरनेट बाधित हो जाएगा। चीन में इस मशीन के बनने से वैश्विक इंटरनेट और डाटा सुरक्षा को लेकर चिंता पैदा हो गई है। यह उपकरण चीन के शिप साइंटिफिक रिसर्च सेंटर और उसकी स्टेट की लेबोरेटरी ऑफ डीप-सी मैनड व्हीकल्स ने बनाया है। हालांकि, इस मशीन का डुअल पर्पस यूज चिंता का विषय बन गया है। असल में इस केबल कटर को खास तौर पर समुद्र तल खनन के लिए डिजाइन किया गया था, लेकिन अब चीन इसे समुद्र के तलहटी में बिछे इंटरनेट केबल काटने के लिए भी इस्तेमाल कर सकता है।

**मशीन में एक डायमंड-कोटेड ग्राइंडिंग व्हील लगाया गया है**




हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक देवेन्द्र सिंह द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 से प्रकाशित। संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। RNI No. 63924/1996, फोन : 9253681019-20, फैक्स : 274202, e-mail : rohtak@haribhoomi.com, rohtakharibhoomi@gmail.com
Postal Regd. No. P/RTK/389/2023-25